धनबाद
मंगलवार 29.10.2024
मूल्य- ₹ 1.50
वर्ष-30 अंक-246 पृष्ठ- 12
कार्तिक कृष्ण पक्ष-13
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑब्जर्वर



# भारत का रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है : पीएम

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके स्पेनिश समकक्ष पेड्रो सांचेज ने २८ अक्टूबर, २०२४ को गुजरात के वडोदरा में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सी-२९५ विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।



पीएम मोदी ने कहा कि स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है और दोनों देशों के बीच साझेदारी आज नई दिशा पा रही है। सी-२९५ विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे न केवल दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को भी गति मिलेगी। मोदी ने इस अवसर पर एयरबस और टाटा की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने स्वर्गीय श्री रतन टाटा जी को भी श्रद्धांजलि दी।

पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सी-२९५ विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब है और कहा कि देश में किसी भी परियोजना के विचार से लेकर क्रियान्वयन तक भारत की गति यहां देखी जा सकती है।

अक्टूबर २०२२ में कारखाने की आधारशिला रखने को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सुविधा अब सी-२९५ विमान के उत्पादन के लिए तैयार है। परियोजनाओं की योजना और निष्पादन में बेहिसाब देरी को खत्म करने पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में वडोदरा में बॉम्बार्डियर ट्रेन कोच निर्माण सुविधा की स्थापना को याद किया और कहा कि यह कारखाना उत्पादन के लिए रिकॉर्ड समय में तैयार हुआ था। उन्होंने कहा, इस कारखाने में बने मेट्रो कोच आज दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे हैं।

मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि आज उद्घाटन की गई सुविधा में बने विमान भी निर्यात किए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि जैसे ही हम लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं, लक्ष्य की ओर जाने वाला रास्ता अपने आप बन जाता है। भारत का रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर १० साल पहले ठोस कदम नहीं उठाए गए होते तो आज इस लक्ष्य तक पहुंचना असंभव होता। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले रक्षा विनिर्माण की प्राथमिकता और पहचान आयात तक सीमित थी और कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि भारत में इतने बड़े पैमाने पर रक्षा विनिर्माण हो सकता है।

# मुद्दे बहुत हैं,पर मुझे पता है, ये तानाशाह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे : सीएम

**रांची (एजेंसी):** सीएम हेमंत सोरेन ने बड़े ही तार्किक अंदाज में भाजपा को घेरा है. सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि मुद्दे बहुत हैं, पर मुझे पता है कि ये तानाशाह इस पर कुछ नहीं बोलेंगे. भाजपा को ११ साल देश में सिर्फ़ और सिर्फ़ मित्रों को आगे बढ़ाने के बाद आज उन्हें रोटी, बेटी, माटी की याद आई है.

**हेमंत ने भाजपा से किए कई सवाल**

सीएम हेमंत ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा है कि हम पूछना चाहते हैं कि जब रोटी, बेटी, माटी की पुकार है तो फिर क्यों ११ साल से गरीबों को लूट रही भाजपा सरकार? फिर क्यों होता है दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार, फिर क्यों हैं पिछड़े शोषण का शिकार?



फिर क्यों है सिर्फ मित्रों की बयार? कैसे फैल रहा नकली दवाओं का कारोबार? फिर क्यों नहीं होती झारखंड की १ लाख ३७ हज़ार करोड़ की बात? क्यों नहीं होती सरना धर्म कोड पर बात? अंत में सीएम ने लिखा है कि मुद्दे बहुत हैं पर मुझे पता है कि ये तानाशाह इसपर कुछ नहीं बोलेंगे. सीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि हर महीने झारखंड के हर परिवार को २०० यूनिट बिजली निःशुल्क मिल रही है.

## हिंदू-मुस्लिम दरगाह और मंदिर जाकर एक साथ मनाते हैं उत्सव

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली के महरौली में एक अनोखा त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाते हैं। इस त्योहार को फूल वालों की सैर के नाम से जाना जाता है। जहां एक तरफ ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के शागिर्द, महान सूफी संत ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी की दरगाह पर फूलों की चादर चढ़ाई जाती है, तो वहीं दूसरी तरफ इलाके में ही स्थित श्रीयोग माया मंदिर पर फूलों का पंखा और छत्र चढ़ाया जाता है। बता दें कि दोनों मौकों पर हिंदू-मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मौजूद रहते हैं। जिस तरह धूम-धाम से ईद और दिवाली मनाई जाती है, बिल्कुल उसी तरह फूल वालों की सैर को भी ▶▶ 5

## पीएम मोदी आज रोजगार मेले में देंगे 51 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी २९ अक्टूबर, २०२४ को सुबह १०:३० बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ५१,००० से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। रोज़गार मेला रोज़गार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा।

देश भर में ४० स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नए कर्मचारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि में शामिल होंगे।



नई भर्तियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारम्भ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर १४०० से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं जो नई भर्तियों को अपनी ▶▶ 5

## हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल समेत कई अधिकारियों का तबादला

**रांची (एजेंसी):** झारखंड हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सहित कई न्यायिक पदाधिकारियों का सोमवार को स्थानांतरण कर दिया गया है. विधि विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है. अधिसूचना के मुताबिक मनोज प्रसाद को हाईकोर्ट का नया रजिस्ट्रार जनरल बनाया गया है. इससे पहले मनोज प्रसाद न्यायिक एकेडमी के निदेशक के पद पर कार्यरत थे. धनबाद के पीडीजे राम शर्मा को रजिस्ट्रार (प्रशासन) बनाया गया है. इसके साथ ही हजारीबाग के पीडीजे सत्या प्रकाश सिन्हा को



रजिस्ट्रार (स्थापना) और वर्तमान रजिस्ट्रार जनरल निकेश कुमार सिन्हा को रजिस्ट्रार (न्यायिक) के पद पर स्थानांतरित किया गया है. रजिस्ट्रार (स्थापना) कौशल किशोर झा (दो) को चीफ जस्टिस का ओएसडी बनाया गया है. यह अधिसूचना पांच नवंबर से प्रभावी होगी.

## बदल गया जनगणना का चक्र अगले साल होगी शुरुआत, जाति नहीं सम्प्रदाय पूछेंगे जनगणना में

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दस साल बाद देश में होने वाली जनगणना अगले साल २०२५ से शुरू होकर एक साल तक चलेगी। इस जनगणना की खास बात यह हो सकती है कि गणना के दौरान धर्म और वर्ग के बारे में पूछने के बजाय यह पूछा जाए कि वे किस संप्रदाय को मानते हैं।



भारत में हर दस साल बाद देश में जनगणना होती है। इस बार जनगणना २०२१ में होना थी लेकिन कोरोना की वजह से इसे टाल दिया गया। माना जा रहा है कि इस बार जनगणना जाति के बजाय संप्रदाय के आधार पर की जा सकती है। जनगणना में धर्म और वर्ग को ध्यान में रखा जाता है, लेकिन इस बार लोगों से यह भी पूछा जा सकता है कि वे किस संप्रदाय को मानते हैं। गौरतलब है कि कई राजनीतिक दलों ने जातिगत आधार पर जनगणना करने की मांग की थी, जिसे सरकार ने नकार दिया है। लेकिन जनगणना होना आवश्यक है, इसलिए उसे सांप्रदायिक तौर पर कराया जा ▶▶ 5

## भाजपा नेता एवं एक्टर मिथुन चक्रवर्ती ने दिया विवादास्पद बयान

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल में ६ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता का दौरा किया। इस दौरान एक रैली में भाजपा नेता और वरिष्ठ अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने एक विवादास्पद बयान दिया। ७४ वर्षीय मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, एक नेता ने कहा था कि हम



यहां ७०% मुस्लिम हैं और हिंदू यहां ३०% हैं। हिंदुओं को काटकर भागीरथी में बहा देंगे। मैं कहता हूं कि हम तुम्हें काटकर भागीरथी में तो नहीं बहायेंगे, लेकिन तुम्हें तुम्हारी जमीन पर जरूर दफना देंगे।

मिथुन चक्रवर्ती ने यह बयान तृणमूल नेता कबीर की टिप्पणी के बाद दिया है। मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार करने के दौरान कबीर ने विवादास्पद टिप्पणी की थी। एक रैली में उन्होंने कथित तौर पर कहा, आप (यहां के लोगों में) ३० प्रतिशत हैं, लेकिन हम ७० प्रतिशत हैं। अगर आपको लगता है कि आप मस्जिदों को ध्वस्त कर सकते हैं और मुसलमान आराम से बैठ जाएंगे? तो आप गलत हैं। अगर मैं आप लोगों को भागीरथी में नहीं डुबो पाया, ▶▶ 5

## सेना ने मुठभेड़ में 3 आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर (ईएमएस):** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने ३ आतंकियों को मार गिराया। सुबह ७:२६ बजे लाइन ऑफ कंट्रोल के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब ५ घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया। इससे पहले २४ अक्टूबर को बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें ३ जवान और २ पोर्टर की जान गई थी।

## आईएनएस तलवार फ्रांस के ला रियूनियन पहुंचा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी तैनाती के एक हिस्से के रूप में भारतीय नौसेना का फ्रंटलाइन स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस तलवार २७ अक्टूबर २०२४ को फ्रांस के ला रियूनियन पहुंचा। ला रियूनियन की यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र के समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-फ्रांस साझेदारी को मजबूत करना है। आईएनएस तलवार ला रियूनियन बंदरगाह यात्रा के दौरान फ्रांसीसी नौसेना के साथ क्रॉस-डेक यात्राएं करेंगे और आपस में तालमेल बिठाएंगे। इससे पहले, इस जहाज को २७ अक्टूबर २०२४ को प्रवासी भारतीयों के लिए खुला रखा गया था।






# जलेश्वर, रागिनी, शत्रुघ्न व अपर्णा समेत 39 दिग्गजों ने किया नामांकन पर्चा दाखिल




















**धनबाद (कासं) :** सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा से कुल ३९ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस दौरान समाहरणालय के बाहर प्रत्याशी समर्थकों की काफी भीड़ रही। भीड़ को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। चौकचौराहे पर पुलिसकर्मी तैनात थे। सिंदरी विधानसभा से कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन के चंद्रदेव महतो एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के हीरालाल शंखवार ने निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

निरसा सीट से भारतीय जनता पार्टी के अपर्णा सेनगुप्ता, निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप कुमार मंडल, मालू रविदास, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के उमेश गोस्वामी एवं बहुजन समाज पार्टी के रंजीत बाउरी ने निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

धनबाद विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार अखिलेश्वर महतो उर्फ अर्जुन महतो, समता पार्टी के केसी सिंह राज, निर्दलीय उम्मीदवार लक्ष्मी देवी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के गुकू कुमार धारी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सपन कुमार मोदक, निर्दलीय उम्मीदवार कुणाल कुमार, बहुजन समाज पार्टी के अनवरी खातून, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के सत्येंद्र कुमार महतो एवं निर्दलीय उम्मीदवार विशाल बाल्मीकि ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

झरिया विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार सूरज सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार सुनील कुमार गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी के रागिनी सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार लुकमान अंसारी, निर्दलीय उम्मीदवार इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा के मो. जहिरूद्दीन खान, भारत जोड़ो पार्टी के शहजादी खातून एवं निर्दलीय उम्मीदवार सोनू कुमार बाल्मीकि ने निर्वाची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

टुंडी विधानसभा के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के मोतीलाल महतो, निर्दलीय उम्मीदवार कमल प्रसाद, समाजवादी पार्टी के अजमुल अंसारी, निर्दलीय उम्मीदवार कलावती देवी, निर्दलीय उम्मीदवार दीप नारायण सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार कंचन देवी, निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू कुमार निषाद, निर्दलीय उम्मीदवार महेश चंद्र दास, निर्दलीय उम्मीदवार मोतीलाल किस्कू, निर्दलीय उम्मीदवार देवीलाल किस्कू तथा निर्दलीय उम्मीदवार प्रियतोष कुमार पाठक ने निर्वाची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

बाघमारा विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी के शत्रुघ्न महतो, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जलेश्वर महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के दीपक कुमार रवानी, समाजवादी पार्टी के सूरज महतो तथा निर्दलीय उम्मीदवार रोहित यादव एवं विशाल वाल्मीकि ने निर्वाची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

वहीं विधानसभा चुनाव लिए सोमवार को १३ व्यक्तियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें ३८ सिंदरी के लिए एक, ३९ निरसा के लिए २, ४० धनबाद के लिए ५, ४२ टुंडी के लिए ४ एवं ४३ बाघमारा विधानसभा के लिए एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा।

## डीआरएम ने दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को सराहा



**धनबाद (कासं) :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों को रोशनी के महापर्व दीपावली के लिए उपयोगी हस्तकला और दीपक, वंदनवार, तोरण व बास्केट इत्यादि की प्रदर्शनी डीआरएम ऑफिस में लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ डीआरएम कमल किशोर सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी गरिमा सिन्हा ने किया। कमल किशोर सिन्हा ने बच्चों के हुनर को देखते हुए कहा कि ये पहला कदम का बहुत ही सुंदर और प्रेरणादायक प्रयास है जो न केवल बच्चों की प्रतिभा को दर्शाता है, बल्कि उनकी मेहनत और रचनात्मकता को भी प्रदर्शित करता है। सचिव अनिता अग्रवाल ने डीआरएम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज की प्रदर्शनी में लोग शामिल होकर बच्चे के द्वारा बनाए गए समान को खरीद कर उन्हें आत्मनिर्भर बना कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। यह एक ऐसा अवसर है जब दिव्यांग बच्चों की कला को सराहा जा रहा है तथा उनके प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाया जा रहा है। गरिमा सिन्हा ने लोगों से अनुरोध किया कि समृद्धि की देवी की आराधना के लिए इस बार दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित दीपक और मोमबत्ती से अपना घर रोशन करें।

## वृद्धजनों को भेंट की गई दीपावली की सामग्रियां

**धनबाद (कासं) :** सोमवार को कदैया ग्राम टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में डिनोबिली स्कूल सिंदरी के कक्षा नौ से ११वीं के छात्र-छात्राओं ने निकट आने वाले दीपावली सेलिब्रेट करने के लिए बहुत ही स्नेहपूर्वक वृद्धजनों को दीया, मोमबत्तियां के पैकेट्स एवं अन्य सामग्रियां भेंट की। साथ ही चावल, आटा, सूजी, तेल, साबुन बिस्किट दाल मिक्सचर सुमित अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं भी दी। आश्रम में वृद्धजनों के संग खूब वार्ता की और उनकी अलगअलग बीते दिनों की बातें सुनकर भावुक हुए। सभी को आदर सम्मान व सेवा कर प्रणाम किया और उनका मनोरंजन करने का प्रयास भी किया। सभी छात्र-छात्राएं बुजुर्गों का ढेर सारा आशीर्वाद पाकर भावुक हुए। आश्रम के बुजुर्गों ने कहा कि स्कूल के छात्रछात्राओं को समयसमय पर आश्रम भ्रमण की प्रेरणा स्कूल की शिक्षिका डॉक्टर ज्योति के प्रयासों से संभव हो रहा है। जिस कारण बच्चों से हमें बहुत निस्वार्थ अपनापन और प्यार मिल रहा है। हमारा यही आशीर्वाद है कि भविष्य में हर बच्चे अपने जीवन में बहुत सफल हो।

## दुर्गापूजा के सर्वश्रेष्ठ पंडाल के लिए 60 सदस्य चयनित



**धनबाद (कासं) :** सोमवार को धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के द्वारा २०२४ के सर्वश्रेष्ठ दुर्गापूजा के पंडाल विधुत साज सज्जा और थीम पंडाल पर बनाए गए अपने सदस्य के बीच जिले भर के ६० सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सदस्यों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

संगठन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह अपने सदस्यों के द्वारा बनाए गए मेहनत स्वरूप काम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम की जाती है। महासचिव विश्वनाथ सिंह ने दुर्गापूजा के दौरान पुरे जिले का भ्रमण कर अपने सहयोगी सचिव गुड्डू साव और कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार के साथ किया और सभी शाखाओ के पदाधिकारी से विचार विमर्श कर उत्कृष्ट पंडालों का चयन कर पुरस्कार देने का निर्णय लिया। धनबाद में दुर्गापूजा में लगभग १० से १५ करोड की लागत से जिले भर के पंडाल लाइट इत्यादि के काम किये जाते है। सोमवार को सम्मान समारोह मे जिले भर के सभी १९ शाखाओं के पदाधिकारी और चयनित सदस्य उपस्थित हुए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सरायढेला के राजा रानी मैरेज हॉल मे आयोजित की गई।

## तनिष्क का खरा सोना धनतेरस और दीपावली पर लेने की उमड़ी भीड़

### टाटा कंपनी के तनिष्क का 24 कैंरेट शुद्ध गोल्ड के गहने लोगों की पहली पसंद






**धनबाद (कासं) :** धनतेरस और दीपावली के त्योहार में मां महालक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती है और अपने भक्तों को धनधान्य से परिपूर्ण होने का आर्शीवाद देती है।

धन की धरती धनबाद में टाटा समूह का ब्राण्डेड और विश्वसनीय तनिष्क के जेवर की गारंटी आम जनता लेती है क्योंकि तनिष्क मतलब खरा सोना। धनबाद बैंक मोड़ के श्रीराम प्लाजा में पहला तनिष्क ज्वेलर्स खुला और वह शो रूम तनिष्क ज्वेलर्स का बैंक मोड़ ओजोन प्लाजा में कई वर्षो से चल रहा है और धनबाद के लाखों उपभोक्ताओं के मानक पर खरा उतर रहा है।

जहां धनतेरस पर कई ज्वेलर्स बड़ेबड़े विज्ञापन देकर ऑफर दे रहे हैं वहीं तनिष्क का ओजोन प्लाजा के शो रूम में ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है क्योंकि तनिष्क की गारंटी टाटा की गारंटी है।

टाटा पूरे विश्व में अपनी ईमानदारी और शुद्धता के लिए जाना जाता है। उसी तरह तनिष्क ज्वेलर्स ओजोन प्लाजा बैंक मोड़ की दुकान जहां लोगों को आधुनिक गहने सोना, हीरा, चांदी तथा कुंदन जड़ाउ गहने देखकर महिलाएं काफी खरीदी कर रही हैं।

तनिष्क ने अपना 'नव-रानी' कलेक्शन को इस बार धनतेरस मंगलवार २९ अक्टूबर २०२४ के अवसर पर विशेष रूप से उतारा है। राजसी आभूषण परम्परा और आधुनिक सुंदरता का बेहतरीन कारीगरी का समागम तनिष्क के नये गहनों में देखने को मिल रहा है। तनिष्क की गहने २४ कैरेट के शुद्ध सोने के बने होने के कारण धनबाद सहित पूरे देश में अमीर, मध्यमवर्गीय और आम लोगों की पहली पसंद है। टाईटन कंपनी लिमिटेड की चीफ डिजाइनर ऑफिसर श्रीमती रेवती कांत ने कहा है कि हमें गर्व है कि हमने शाही विरासत से प्रेरित होकर 'नवसनी' कलेक्शन आभूषण महिलाओं का सम्मान होगा और तनिष्क की ओर से महिलाओं और खरीददारों के लिए जिन्दगी भर यादों का शुद्ध सोने का सौगात होगा।

## राज सिन्हा को मिला छात्र संघ का समर्थन



**धनबाद (कासं) :** सोमवार को छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष बीरू आनन्द ने २५० से ३०० की संख्या में युवा छात्र नेताओं के साथ राज सिन्हा को समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं राज सिन्हा के कार्यालय में एक लाइन से छात्रों ने हाथ उठाकर समर्थन करने का वादा किया।

छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा के गिरिडीह जिला प्रभारी बीरू आनन्द ने कहा कि राज सिन्हा के समर्थन में मतदान करने को कहा और कोयलांचल के छात्रों से भी अपील की। वहीं राज सिन्हा ने कहा कि छात्रों के भविष्य के लिए तत्पर खड़ा रहेंगे और रहे है। वहीं इस कार्यक्रम में फूलचंद मंडल, रूपेश सिन्हा, सत्येंद्र, सूरज, किशोर, प्रवीण, शुभम, अंकुर, शंकर, जितेन्द्र के साथ सैकड़ो छात्र संघ के पदाधिकारी और छात्र मौजूद थे।

## वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने की मांग



**धनबाद (कासं) :** ऑल इंडिया वीएसएस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर कहा है कि देश के वरिष्ठ नागरिकों , जिनकी आयु ७० वर्ष हो या उससे अधिक, उनके नि:शुल्क इलाज के लिए ५ लाख रुपए तक भारत सरकार द्वारा इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए नोटिफिकेशन किए जाने की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। नोटिफिकेशन के अनुसार उन बुजुर्गों को इलाज के लिए विशिष्ठ कार्ड जारी किया जाना है। इस संदर्भ में आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं कि जिनकी आयु ७० वर्ष हो गई और उन्हें किसी भी गंभीर बीमारी का इलाज कराना होगा तो विशिष्ठ कार्ड बनाने में ही समय लग जाएगा। तब तक कोई भी अनहोनी हो सकती है। इसलिए जब तक विशिष्ठ कार्ड बन नहीं जाय तब तक आधार कार्ड को ही मान्यता दिया जाय। वैसे हर कार्य को आधार कार्ड से ही किया जा रहा है। विशिष्ठ कार्ड के लिए भी उम्र के सत्यापन के लिए आधार को ही आधार माना जाना है। पत्र में लिखा कि आप प्रधानमंत्री तो हैं ही पर बुजुर्ग भी हैं, इसलिए बुजुर्गों के दर्द को समझते हुए ५ लाख रुपए तक इलाज के लिए दी गई सुविधा में उम्र सीमा घटाकर ६० वर्ष कराने की कृपा करें।

धनतेरस और दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभ चिंतक

## उपद्रवियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करें : एसएसपी



**धनबाद (कासं) :** सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एचपी जनार्दनन ने जिले के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के चिन्हित संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में (एएमएफ) पेयजल, शौचालय, रैंप और बिजली सहित अन्य व्यवस्था कराने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त ने संवेदनशील बूथों के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें। किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं। इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।वहीं एसएसपी ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि संवेदनशील बूथों का विशेष निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि मतदाताओं को भय मुक्त वातावरण में मतदान करने का अवसर मिले। मतदान केंद्रों पर तमाम सुरक्षा व्यवस्था कैसे सुनिश्चित हो, इसकी बारीकी से मुआयना किया गया। शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है। मतदाता पूरी तरह से भय मुक्त हो कर मतदान करें। कोई भी लोग आपको पैसे या किसी भी अन्य प्रकार का प्रलोभन देकर वोट करने को कहते हैं तो सूचना दें। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील बूथ वाले क्षेत्रों की कानून व्यवस्था पर पैनी नजर रखें। साथ ही उपद्रवियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया।

इसके अलावा सीएपीएफ के रुकने हेतु श्यामडीह स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाघमारा कॉलेज में रुके सीआईएसएफ की टीम से मिलकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मौके पर बाघमारा के प्रखंड विकास पदाधिकारी लक्ष्मण यादव एवं एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# आईआईटीआईएसएम में सतर्कता जागरूकता सप्ताह



**धनबाद (कासं) :** साल ३१ अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह उनकी विरासत को सम्मान देते हुए उन्हें एकता और अखंडता का प्रतीक माना जाआईआईटी (आईएसएम) धनबाद के ईएसई विभाग में सतर्कता जागरूकता सप्ताह २०२४ के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाता है। इस अवसर पर पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएसएम) धनबाद ने २८ अक्टूबर को सुबह ११ बजे सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह २०२४ का विषय है, सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि या राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति, जो समृद्ध भारत के लिए ईमानदारी और पारदर्शिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित करता है।

आईआईटी (आईएसएम) के ईएसई विभाग के एचओडी और ईआईएसीपी (पीसीआरपी) के समन्वयक प्रोफेसर आलोक सिन्हा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, तकनीकी अधिकारियों, कार्यालय कर्मचारियों और ईआईएसीपी कर्मचारियों सहित २२ प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा शपथ और संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा शपथ ली। इन प्रतिज्ञाओं के माध्यम से उन्होंने अपने सभी कार्यों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बनाए रखने और जीवन के सभी पहलुओं में भ्रष्टाचार के उन्मूलन में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई। आईआईटी (आईएसएम) के ईएसई विभाग के जूनियर सहायक अनमोल भारती ने सामूहिक संकल्प के एक क्षण को चिह्नित करते हुए शपथ का पाठ किया। ईआईएसीपी (पीसीआरपी) के आईटी अधिकारी दुर्गा दास चंद्र ने इस अवसर को तस्वीरों के माध्यम से कैद किया, जबकि कार्यक्रम की व्यवस्था ईआईएसीपी (पीसीआरपी) है।

इस समारोह ने ईमानदारी, भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और नैतिक रूप से मजबूत समाज की संस्कृति को विकसित करने के लिए आईआईटी (आईएसएम) धनबाद की प्रतिबद्धता की पुष्टि की, साथ ही सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की समृद्धि के लिए पारदर्शिता और नैतिक आचरण के मूल्यों को बनाए रखने की उनकी साझा जिम्मेदारी की याद दिलाई।

## व्यय प्रेक्षक ने किया बलियापुर चेक पोस्ट का निरीक्षण



**धनबाद (कासं) :** विधानसभा चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा धनबाद में नियुक्त व्यय प्रेक्षक आर.ए. ध्यानी ने सोमवार की संध्या बलियापुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को हर आने जाने वाले वाहनों की कड़ाई से जांच करने, नक वद राशि, मादक पदार्थ, शराब सहित मुफ्त में बांटे जाने वाली सामग्रियों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

### जुआ अड्डा पर पुलिस ने की छापामारी

**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने गुप्त सूचना पर लोयाबाद नं. ५ स्थित चानक के समीप चल रहे जुआ अड्डा पर छापेमारी किया। छापेमारी की भनक लगते जुआ सचालक सहित जुआड़ी मौके से फरार हो गये। पुलिस ने मौके से ९४० रू नकद, ताश के पत्ते, दरी आदि जब्त किया। जुआ सचालक हसन मसुरी सहित ५ अन्य पर कांड सख्या ३७/२४ दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन



**सिंदरी (ससे) :** सोमवार को एचयूआरएल सिंदरी प्रबंधन ने आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन हर्ल टेक्निकल बिल्डिंग में किया गया। अभियान में एचयूआरएल एच आर हेड संत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को निर्भिक होकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। चुनाव में निष्पक्षता के लिए सबों को जागरूक रहना जरूरी है। इस अवसर पर एचयूआरएल कर्मियों को धर्म, जाति, वर्ग या अन्य प्रलोभनों से प्रभावित हुए बिना मताधिकार का उपयोग करने का शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर एच आर हेड संत सिंह, एच आर मंशुल जैन, सत्याकी चक्रवर्ती सहित अन्य श्रमिक मौजूद थे।

# चलाया गया पत्र लेखन अभियान



**गोविंदपुर (ससे) :** राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर गोविंदपुर प्रखंड के विद्यालयों में सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पत्र लेखन अभियान चलाया गया। इसमें छठी से लेकर १२वीं तक के विद्यार्थियों ने अपनेअपने मातापिता के नाम पत्र लिखकर आगामी २० नवंबर को अपने मतदान केंद्र में परिवार के सभी मतदाताओं के साथ हर हाल में मतदान करने की अपील की है। पत्रों में स्लोगन लिखा गया है- गांवटोला, खेत-खलिहान, सब कहते करो मतदान। छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान।

उपरोक्त सारे पत्र विद्यार्थी अपनेअपने अभिभावकों को देंगे और २० नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार पाडेय ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियों को फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, युटुब आदि के माध्यम से मम्मी पापा वोट दो के साथ टैग किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी चलाया जाएगा । इसमें प्रखंड के सभी मध्य, उच्च एवं प्लस टू उच्च विद्यालयों के प्रधानों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## ग्राहकों की संतुष्टी ही न्यू चेतन ऑरनामेंट का उदेश्य



**धनबाद (कासं) :** न्यू चेतन ऑरनामेंट के संचालक चेतन गोयनका ने कहा कि आभूषण बेचना ही नहीं बल्कि रिस्तों को कायम रखना एवं ग्राहकों की संतुष्टी ही न्यू चेतन ऑरनामेंट का उदेश्य रहा है। शुद्ध सोने का मतलब हॉलमार्क सोने के आभूषण, क्योंकि शुद्ध सोने के आभूषण को हॉलमार्क ही प्रमाणित करता है। चूकि सोना सुख-दुख का साथी है। इसलिए उसे खरीदते समय अच्छी तरह समझें, जांचे और परखे तभी खरीदे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**गोविंदपुर (ससे) :** बह्मर्षि सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के उत्तराधिकारी संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के ४५वें जन्मोत्सव



सोमवार को पीडब्ल्यूडी कैम्पस, गोविंदपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विहंगम योग व जिला संत समाज ने रक्तदान शिविर लगाया। उद्घाटन मुख्य अतिथि गोविंदपुर सीओ धर्मेन्द्र कुमार दुबे ने ध्वज फहराकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो सम्पूर्ण मानव जाति के लिए जीवन प्रदायिनी सदकर्म है। रक्तदान से लोगों की जिंदगी बचती है। रक्तदान का कितना महत्व है, इसका अहसास हमें तब होता है, जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं, वहीं दूसरी ओर इससे जबर्दस्त आत्म संतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं, जबकि इससे कोई हानि नहीं होती। पश्चिम बंगाल प्रभारी जीपी सिंह ने ब्रह्मविद्या विहंगम योग की महिमा व महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला के प्रधान संयोजक पप्पू सिंह ने कहा कि संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज मानव के कल्याण व सेवा के लिए समर्पित हैं। रेडक्रॉस सोसाइटी के कार्यक्रम पदाधिकारी मो. अलाउद्दीन, आशुतोष शेखर, डब्ल्यू सिंह, आरबी कुमार, आरडी शर्मा, संजीव सिंह, दयकांत, सती केशरी, हिमांशु शेखर सिंह, श्रीनाथ यादव, किशोरी गुप्ता, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. अनिल कुमार, बिजेन्द्र सिंह, अरूण पाण्डेय, गुलाब सिंह, एमपी सिंह, मुन्ना वर्णवाल, मुकुंद राम, भरत सिंह, रवीन्द्र सिंह, बह्मदेव सिंह, ओपी सिंघम, अशोक महतो, सुरेन गोप, अंजू सिंह, रामलाल महतो, माणिक भंडारी, कोकिला गोराई, लालदेव महतो, सुखेन चटर्जी आदि उपस्थित थे।

# बीसीसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

**धनबाद (कासं) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में २८ अक्टूबर से ३ नवंबर २०२४ तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। विगत तीन महीनों से सतर्कता जागरूकता अभियान चल रहा है। इस वर्ष का विषय सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि है। कोयला नगर स्थित सामुदायिक भवन में इस कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ हुआ, जिसमें बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व आइआरएसएस अधिकारी एवं पूर्वमध्यरेलवे के पीसीएमएम नरेश प्रसाद सिन्हा को आमंत्रित किया गया था। इसके साथ ही निदेशक (कार्मिक) मुरलीकृष्ण रमैय्या, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय और बीसीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी अमन राज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं कोयला भवन मुख्यालय के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्षों के साथ काफी संख्या में अधिकारीकर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलन के साथ भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्य सतर्कता आयुक्त के संदेशों का वाचन भी किया गया। सीएमडी समीरन दत्ता ने उपस्थित कार्मिकों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा (शपथ) दिलायी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बीसीसीएल का राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है, और उर्जा, स्टील एवं कोयले की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमें उत्पादन बढ़ाने के साथ अधिक सतर्कता और जागरूकता के साथ आगे बढ़ना होगा। आने वाले समय में युवा अधिकारियों एवं कर्मियों का बीसीसीएल के साथ ही राष्ट्र की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नरेश प्रसाद सिन्हा ने कहा, लालच, डर और 'ऐसे ही चलता है का रवैया' ये तीन ऐसे कारक जो देश, समाज, और संस्थान का सबसे अधिक नुकसान पहुँचाते हैं। इनसे बाहर आकर भ्रष्टाचार का डटकर सामना करना चाहिए।




सभी को अपने कर्तव्य और दायित्वों के प्रति सदैव ईमानदार रहना चाहिए।

मुख्य सतर्कता अधिकारी अमन राज ने स्वागत संबोधन एवं कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना चाहिए। देश ने जो दायित्व हमें सौंपे हैं, उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाना चाहिए।

अपने संबोधन में निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया ने कहा, वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कनिष्ठों का मार्गदर्शन करना चाहिए, इससे बेहतर कार्य संस्कृति का विकास होता है। संवाद का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि संवाद से समाधान निकलता है और दंड हमेशा प्रभावी नहीं होता है। वहीं निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय ने कहा कि सतर्कता को व्यवहार में अपनाएं और इसे कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाएं। कंपनी की प्रगति के साथ नई चुनौतियों का सामना और सही निर्णय लेना आवश्यक होगा, ऐसे में सतर्क रहना और अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

कोयला नगर तथा बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, और कोयला नगर के सुभाष चौक पर सतर्कता थीम वाला विशाल गुब्बारा छोड़ा गया। कोयला भवन में सतर्कता जागरूकता अभियान गैलरी का उद्घाटन भी किया गया जिसमें विगत तीन महीनों से चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के विभिन्न फोटोग्राफ्स प्रदर्शित की जा रही हैं । ये आयोजन बीसीसीएल की ईमानदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

सीएमडी समीरन दत्ता एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर सतर्कता संदेशों के सुसज्जित सतर्कता जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मुख्यालय के साथसाथ विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के जागरुकता रथ चलाए गये। सतर्कता विभाग द्वारा प्रकाशित जागरुकता पत्रिका 'चेतना' और आगामी पूरे सप्ताह की गतिविधियों के कैलेंडर का विमोचन कोयला नगर के सुभाष चौक पर सतर्कता थीम वाला विशाल गुब्बारा लगाया गया।

कोयला भवन में सतर्कता जागरूकता अभियान को दर्शाने वाली गैलरी का उद्घाटन, जिसमें विगत तीन महीनों से चल रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के विभिन्न फोटोग्राफ्स और जरुरी पत्र, परिपत्र एवं दिशानिर्देश आदि को प्रदर्शित किया गया है। सप्ताह के आगामी दिनों में सतर्कता से संबन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं, गतिविधियों आदि का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (सतर्कता) सत्येन्द्र कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## धनबाद को हराकर रामगढ़ क्वार्टर फाइनल में



**धनबाद (कासं) :** सिजुआ स्टेडियम में अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला ने ट्राईबेकर शूटआउट में ३० से धनबाद जिला टीम को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के निर्धारित समय तक दोनों टीमे एक-एक गोल पर मैच समाप्त किया।

मध्यांतर तक रामगढ़ के नरेंद्र कर्ममानी के गोल के बदौलत १-० से आगे था। मध्यांतर के बाद धनबाद के इजाज ने गोल कर मैच को बराबरी पर ले आए। अंत में ट्राईबेकर शूटआउट में रामगढ़ की टीम ३० से धनबाद को पराजित किया। इस अवसर पर संघ के मृदुल बोस, डॉ विकास रमन, सुनील मिश्रा, मैच कमिश्नर उदय मिश्रा उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका प्रकाश चंद्र सवैया (चाईबासा), जोरागं सोरेंग (रांची), मनोज महतो (बोकारो), राजेंद्र कुमार (हजारीबाग)। कल गोड्डा बनाम रामगढ़ के बीच मैच होगा।

### बलियापुर पुलिस ने किया कोयला जब्त



**बलियापुर (ससे) :** धोखरा स्थित खजूर मोड़ के पास हीरक रोड पर सोमवार को बलियापुर पुलिस ने कोयले की बोरियां लदी तीन बाइक को जप्त किया है। जप्त बाइकों में लदी कोयले की मात्रा प्रत्येक बाइक में दो-दो क्विंटल कुल ६ क्विंटल बताया जाता है। पुलिस की इस छापामारी के दौरान मौका पाकर कोयला चोर भागने में सफल रहा। इस संबंध में बलियापुर थाना में तीनों बाइकों के मालिकों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज किया गया है।






# संपादकीय

## क्या पिघलने लगी भारत और चीन के बीच रिश्तों की बर्फ

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पूरे विश्व की दृष्टि भारत के प्रधानमंत्री मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य होने वाली द्विपक्षीय वार्ता पर थी क्योंकि ब्रिक्स सम्मेलन के पूर्व ही भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद को हल करने के लिए सहमति बन गई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में वैश्विक स्तर की गम्भीर समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय हैं। प्रत्येक वैश्विक मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। युद्ध व आतंकवाद के कारण अशांत विश्व की दृष्टि अब वैश्विक शांति की स्थापना के लिए भारत की ओर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके लिए संकल्पवान हैं। प्रधानमंत्री मोदी रूस -यूक्रेन युद्ध से लेकर इजरायल-अरब के बीच चल रहे तनाव को कम करने के लिए नेताओं के संपर्क में हैं। तीसरी बार पद सँभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी दो बार रूस की यात्रा पर जा चुके हैं। 2024 लोकसभा चुनावों के पूर्व ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भारत और रूस के मध्य संबंधों में कुछ खटास आ रही है लेकिन रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के मध्य मैत्रीपूर्ण व्यवहार व वार्ता को देखकर राजनैतिक विश्लेषक आश्चर्यचकित रह गये। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पूरे विश्व की दृष्टि भारत के प्रधानमंत्री मोदी व चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य होने वाली द्विपक्षीय वार्ता पर थी क्योंकि ब्रिक्स सम्मेलन के पूर्व ही भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद को हल करने के लिए सहमति बन गई थी। भारत और चीन के



शासनाध्यक्षों के मध्य यह वार्ता गलवान दुर्घटना के लम्बे अंतराल के हुयी जिससे लगा कि अब भारत और चीन के मध्य जमी बर्फ अब पिघल रही है। दोनों शासनाध्यक्षों की भेंट के बाद यह समाचार भी आ गया है कि भारत और चीन के मध्य हुए समझौते के अनुसार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में डेमचोक और देपसांग से भारत और चीन के सैनिकों की वापसी आरम्भ हो गई है। यह भारत की बड़ी रणनीतिक, कूटनीतिक और सामरिक जीत है। डेमचोक में दोनों सेनाओं ने पांच -पांच टेंट हटा लिये हैं तथा यह प्रक्रिया लगातार जारी है। एक बार जब सभी टेंट और अस्थायी ढांचे पूरी तरह से हटा दिये जाएंगे तब एक संयुक्त सत्यापन प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। सत्यापन जमीन पर और हवाई सर्वेक्षण दोनों के माध्यम से किया जाएगा। प्रारम्भिक आपरेशन के अंतर्गत डेमचोक में भारतीय सैनिक चार्डिंग नाला के पश्चिमी हिस्से की ओर पीछे हट रहे हैं और चीनी सैनिक नाला के पूर्वी हिस्से की ओर पीछे हट रहे हैं।दोनों तरफ करीब 10 से 12 अस्थायी ढांचे और करीब 12 तंबू बने हुए हैं जिन्हें हटाया जा रहा है। देपसांग इलाके में चीन ने अपने सैनिकों व वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है और भारतीय सेना ने भी अपने सैनिक वहां से कम कर दिये हैं।

ताजा घटनाक्रम को लेकर चीन का वक्तव्य भी आ गया है कि भारत- चीन सीमा पर तनाव कम हो जाने के बाद लद्दाख में सैनिकों की वापसी आरम्भ हो गई है । इस वक्तव्य में कहा गया हे कि दोनों पक्षों की अग्रिम पंक्ति की टुकड़ियाँ सुचारू रूप से प्रासंगिक कार्य कर रही हैं, जो लंबे समय से चली आ रही गतिरोध चर्चाओं के बाद तनाव कम करने की शुरूआत है। ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स सम्मेलन के पूर्व ही कई दौर की वार्ता होने के बाद भारत के साथ सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में सहमति बनी थी अब वही सहमति धरातल पर उतारी जा रही है। यदि यह कार्य इसी प्रकार चलता रहा तो पूर्वी लद्दाख में मई 2020 के पूर्व की स्थिति वापस आ जाएगी।

## 50 पैसे के लिए कोर्ट पहुंची ग्राहक, पोस्ट ऑफिस पर लगा पंद्रह हजार का जुर्माना



उपभोक्ताओं की जेब से खुदरा या खुले पैसे गायब हो रहे हैं। बाजार प्रतिदिन बड़ी सफाई से करोड़ों ग्राहकों का खुदरा खा जाता है। कोई दुकानदार बचे हुए एक रुपए लौटा दे, तो यह सुखद लगता है। मगर बहुत सारे दुकानदार ऐसा नहीं करते या इसके बदले में कोई गैरजरूरी चीज पकड़ा देते हैं। सवाल चंद सिक्के या एक-दो रुपए का नहीं है। देश में रोजाना करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है, मगर खरीदारी के बाद अक्सर खुदरा पैसे नहीं लौटाए जाते। कई बार तो ग्राहक खुद ही एक-दो रुपए छोड़ देता है। सवाल है कि क्या हमारी अर्थव्यवस्था में इन पैसों का कोई हिसाब है! गौरतलब है कि चेन्नई के एक ग्राहक की ओर से डाकघर से सिर्फ पचास पैसे नहीं लौटाने की शिकायत जब उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के पास पहुंची तो सुनवाई के बाद भारतीय डाक विभाग को पंद्रह हजार रुपए मुआवजा देना पड़ा। दरअसल, एक डाकघर में पंजीकृत पत्र के लिए तीस रुपए का भुगतान किया गया था, लेकिन रसीद में उनतीस रुपए पचास पैसे दर्शाए गए थे। कायदे से डाकघर को वे पचास पैसे लौटा देना चाहिए था, लेकिन तकनीकी कारणों से आनलाइन भुगतान लेने में दिक्कत आदि कारण बता कर ऐसा नहीं किया गया। इस मामले को अपवाद माना जा सकता है, जिसमें एक जागरूक उपभोक्ता ने अपना हक हासिल किया। मगर यह छिपा नहीं है कि हर रोज इस तरह कितने ही लोगों को एक या दो रुपए यों ही छोड़ देने पड़ते हैं। कुछ वस्तुओं या सेवाओं की कीमत भी इस तरह रखी जाती है कि उसमें उपभोक्ता को अनचाहे एक रुपए छोड़ना पड़ता है या दुकानदार खुदरा पैसे नहीं होने का बहाना करके नहीं लौटाता। निश्चित रूप से इन पैसों का हिसाब न रखे जाने से राजस्व का भी नुकसान है। आनलाइन लेनदेन की सुविधा में इस समस्या के हल की एक उम्मीद बंधती है। आज बड़ी संख्या में लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। मगर जो लोग फिलहाल डिजिटल भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, उनकी जेब से रोज कुछ पैसे अनचाहे ही चले जाते हैं। सरकार को इस मसले का कोई व्यावहारिक हल निकालने की जरूरत है, जिसमें नाहक ही लोगों की मेहनत के कुछ पैसों का कोई मोल नहीं रहता और देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान होता है।

## आज का कार्टून




# तेल की मांग में कमी और सप्लाई में बढ़ोतरी

**एनर्जी ट्रांजैक्शन के बढ़ने के साथ ही आने वाले वर्षों में तेल की दुनिया की मांग में वृद्धि धीमी होने की उम्मीद है. साथ ही अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के नए तेल बाजार नजरिए के अनुसार, वैश्विक तेल उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद है, जिससे बाजार में तनाव कम होगा और अतिरिक्त क्षमता कोविड संकट के बाहर अप्रत्याशित स्तर तक पहुंच जाएगी. आईईए की वार्षिक मध्यम अवधि बाजार रिपोर्ट का लेटेस्ट एडिशन, ऑयल 2024, तेल आपूर्ति सुरक्षा, शोधन, व्यापार और निवेश के लिए इन गतिशीलता के दूरगामी प्रभावों की जांच करता है. रिपोर्ट में पाया गया है कि लेटेस्ट नीतियों और बाजार के रुझानों के आधार पर, एशिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ विमानन और पेट्रोकेमिकल्स क्षेत्रों से मजबूत मांग आने वाले साल में तेल के उपयोग को बढ़ाने के लिए तैयार है.**

**पी.वी. राव**

इन लाभों को इलेक्ट्रिक कार की बिक्री में वृद्धि, पारंपरिक वाहनों में ईंधन दक्षता में सुधार, मध्य पूर्व में बिजली उत्पादन के लिए तेल के उपयोग में कमी और संरचनात्मक आर्थिक बदलावों जैसे कारकों से तेजी से ऑफसेट किया जाएगा. ताजा रिपोर्ट का अनुमान है कि वैश्विक तेल की मांग, जिसमें जैव ईंधन भी शामिल है, 2023 में औसतन 102 मिलियन बैरल प्रति दिन से थोड़ा अधिक है, इस दशक के अंत तक 106 मिलियन बैरल प्रति दिन के करीब स्थिर हो जाएगी.

इसके समानांतर संयुक्त राज्य अमेरिका और अमेरिका के अन्य उत्पादकों के नेतृत्व में वैश्विक तेल उत्पादन क्षमता में वृद्धि, अब से 2030 के बीच मांग वृद्धि को पीछे छोड़ देगी. रिपोर्ट में पाया गया है कि 2030 तक कुल आपूर्ति क्षमता लगभग 114 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक बढ़ने का अनुमान है, जो अनुमानित वैश्विक मांग से 8 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक है.

इसके चलते 2020 में कोविड-19 लॉकडाउन के चरम के अलावा पहले कभी नहीं देखी गई अतिरिक्त क्षमता का स्तर होगा. ऐसे स्तरों पर अतिरिक्त क्षमता का तेल बाजारों के लिए महत्वपूर्ण परिणाम हो सकते हैं - जिसमें OPEC और उससे आगे की उत्पादक अर्थव्यवस्थाएं, साथ ही साथ यूएस शेल उद्योग भी शामिल हैं.

जैसे-जैसे महामारी की वापसी धीमी होती जा रही है, क्लीन एनर्जी ट्रांजैक्शन आगे बढ़ रहा है और चीन की अर्थव्यवस्था की संरचना बदल रही है, वैश्विक तेल मांग में वृद्धि धीमी हो रही है और 2030 तक अपने चरम पर पहुंचने वाली है. यह उम्मीद की जा रही है कि इस साल डिमांड प्रति दिन लगभग 1 मिलियन बैरल बढ़ जाएगी. लेटेस्ट आंकड़ों के आधार पर आईईए रिपोर्ट के अनुमान इस दशक में एक प्रमुख आपूर्ति अधिशेष को दर्शाते हैं, जो यह दर्शाता है कि तेल कंपनियां यह सुनिश्चित करना चाहती हैं कि उनकी व्यावसायिक रणनीतियां और योजनाएं होने वाले परिवर्तनों के लिए तैयार हों.

जब तक कि मजबूत नीतिगत उपाय लागू नहीं किए जाते या व्यवहार में बदलाव नहीं होता तब तक विकास में मंदी के बावजूद ग्लोबल तेल की मांग 2030 में 2023 की तुलना में 3.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक रहने का अनुमान है. यह वृद्धि एशिया में उभरती अर्थव्यवस्थाओं - विशेष रूप से भारत में परिवहन के लिए अधिक तेल उपयोग और विशेष रूप से चीन में तेजी से बढ़ते पेट्रोकेमिकल उद्योग से जेट ईंधन और फीडस्टॉक्स के अधिक उपयोग से प्रेरित है.

इसके विपरीत, एडवांस इकोनॉमीज में तेल की मांग में दशकों से चली आ रही गिरावट जारी रहने की उम्मीद है, जो 2023 में लगभग 46 मिलियन बैरल प्रतिदिन से गिरकर 2030 तक 43 मिलियन बैरल प्रतिदिन से कम हो जाएगी. महामारी के दौरान को छोड़कर, पिछली बार एडवांस अर्थव्यवस्थाओं से तेल की मांग इतनी कम 1991 में थी.

ओपेक+ के बाहर के प्रोड्यूसर इस अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए वैश्विक उत्पादन क्षमता के विस्तार का नेतृत्व कर रहे हैं, जो 2030 तक अपेक्षित वृद्धि का तीन-चौथाई हिस्सा है. अकेले संयुक्त राज्य



अमेरिका गैर-ओपेक+ लाभ के 2.1 मिलियन बैरल प्रतिदिन के लिए जिम्मेदार है, जबकि अर्जेंटीना, ब्राजील, कनाडा और गुयाना प्रति दिन 2.7 मिलियन बैरल का योगदान देते हैं.

रिपोर्ट के पूर्वानुमान में पाया गया है कि जैसे-जैसे इस दशक के अंत में स्वीकृत परियोजनाओं का प्रवाह कम होता जाएगा, प्रमुख गैर-ओपेक+ उत्पादकों के बीच क्षमता वृद्धि धीमी हो जाएगी और फिर रुक जाएगी. हालांकि, अगर कंपनियां पहले से ही ड्राइंग बोर्ड पर अतिरिक्त परियोजनाओं को मंजूरी देना जारी रखती हैं, तो 2030 तक गैर-ओपेक+ क्षमता के 1.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन चालू हो सकते हैं.

रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक रिफाइनिंग क्षमता 2023 और 2030 के बीच 3.3 मिलियन बैरल प्रतिदिन तक बढ़ने की राह पर है, जो ऐतिहासिक रुझानों से काफी कम है. हालांकि, इस अवधि के दौरान रिफाइंड तेल उत्पादों की मांग को पूरा करने के लिए यह पर्याप्त होना चाहिए, क्योंकि जैव ईंधन और प्राकृतिक गैस तरल पदार्थ जैसे गैर-रिफाइंड ईंधन की आपूर्ति में एक साथ उछाल आया है. इससे आउटलुक अवधि के अंत में रिफाइनरी बंद होने की संभावना बढ़ जाती है, साथ ही 2027 के बाद एशिया में क्षमता वृद्धि में मंदी आ सकती है.

मध्य पूर्व में अस्थिरता के कारण कच्चे तेल की कीमतें पहले ही बढ़ चुकी हैं. यदि इजराइल ईरान के तेल और गैस बुनियादी ढांचे पर हमला करने की अपनी धमकियों पर अमल करता है, तो इससे कीमतों में और वृद्धि हो सकती है. ईरान, जो प्रतिदिन लगभग 3.3 मिलियन बैरल कच्चे तेल का उत्पादन करता है, होर्मुज जलडमरूमध्य को ब्लॉक करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में बड़ी बाधा उत्पन्न हो सकती है.

वास्तविक समस्या बहुत अधिक कीमत होगी, जो हमारी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ नीति निर्माताओं के लिए भी एक बड़ी चुनौती होगी. भारत अपनी कुल तेल आवश्यकताओं का 88 प्रतिशत आयात करता है, मुख्य रूप से रूस, इराक, सऊदी अरब, अबू धाबी और अमेरिका से. भारत अभी भी काफी हद तक तेल आधारित अर्थव्यवस्था है.

हालांकि, संघर्ष से तेल की कीमतों पर जोखिम प्रीमियम बढ़ता है, लेकिन कमजोर वैश्विक मांग अनुमान, चीन की आर्थिक सुधार को लेकर अनिश्चितता और ओपेक+ द्वारा उत्पादन में कटौती वापस लेने की संभावना प्रभाव को कम कर सकती है. इसके अतिरिक्त, लीबिया जैसे देशों में तेल उत्पादन फिर से शुरू होने से कुछ राहत मिल सकती है. हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें अभी भी भारत की अर्थव्यवस्था और नीति निर्माताओं के लिए एक बड़ी चुनौती बनी रहेंगी.

भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता केंद्रीय बैंकों को बढ़ती तेल कीमतों और मध्य पूर्व में संघर्षों से प्रभावित होकर दरों में कटौती पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित कर सकती है. इससे नीतियों को सख्त करने की दिशा में बदलाव हो सकता है, जिसका असर वैश्विक बाजारों, खासकर भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ सकता है. भारत 2024 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि में लगभग 8 फीसदी का योगदान देगा, जबकि वैश्विक तेल मांग वृद्धि में 22 प्रतिशत से अधिक का योगदान देगा.

इस महीने की शुरुआत में तीन प्रमुख वैश्विक ऊर्जा पूर्वानुमानकर्ताओं में से दो, जिनकी रिपोर्ट पर व्यापारियों, उत्पादकों और निवेशकों की कड़ी नजर रहती है, ने भविष्यवाणी की थी कि भारत 2024 में वैश्विक तेल मांग का सबसे बड़ा स्तंभ होगा. कमजोर वैश्विक अर्थव्यवस्था खास तौर पर चीन की अर्थव्यवस्था और इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते चलन के कारण इस साल ईंधन की खपत में उतार-चढ़ाव हो सकता है, लेकिन वैश्विक आर्थिक विकास के चालक के रूप में तेल की भूमिका कम होती दिख रही है.

एक्सपर्ट के अनुसार, भारतीय शेयर पहले से ही प्रीमियम वैल्यूएशन पर कारोबार कर रहे हैं, ऐसे में लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक निवेशकों को भारत से अपना ध्यान हटाने के लिए प्रेरित कर सकता है, जो वर्तमान में दुनिया के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शेयर बाजारों में से एक है. ऐसे परिदृश्य में निवेशक अपनी पूंजी को भारतीय इक्विटी जैसी जोखिम भरी संपत्तियों से हटाकर बॉन्ड या सोने जैसे सुरक्षित निवेशों में लगा सकते हैं.

# प्रशांत किशोर के समक्ष बड़ी चुनौतियां

**बिहार की अशांत राजनीति में प्रशांत किशोर ने एक कंकड़ फेंक कर इसे थोड़ा और अशांत कर दिया है। चौतरफा हमले शुरू हो गए हैं। बहरहाल, ये हमले राजनीतिक रस्म भी है और अनिवार्यता भी क्योंकि सत्ता लोहे का पिंजरा (आयरन लॉ ऑफ ओलिगार्की) होता है, जिसमें बाहरियों का प्रवेश निषिद्ध माना जाता है। बाहरी मतलब, जिसके मां-बाप, चाचा, मामा आदि राजनीति में न हों। ऐसा कोई शख्स जब राजनीति के इस लौह पिंजरे में घुसने की कोशिश करता है, तब ऐसे हमले स्वाभाविक हैं। अब, प्रशांत किशोर इन हमलों को, आलोचनाओं को कैसे लेते हैं, देखने वाली बात होगी। फिलहाल, हम यहां उनके समक्ष उन चुनौतियों की संक्षेप में बात करेंगे, जिससे पार पाकर ही वह लोहे के इस पिंजरे को तोड़ सकेंगे।**

**शशि शेखर**

जाति का जाल-बिहार या कमोबेश उत्तर भारत की राजनीति में जाति का जलवा कुछ उसी तरह का है कि आधी रोटी खाएंगे, एटम बम बनाएंगे। मतलब, जाति के लिए विकास ( राज्य या खुद का ) को त्यागने में यहां सैकेंड भी नहीं लगते। इस स्थिति में प्रशांत किशोर की खुद की जाति एक बहुत बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, यह ऐसी चुनौती भी नहीं है, जिसे तोड़ा न जा सके। लेकिन, वे इसे कैसे तोड़ेंगे, यह महत्वपूर्ण है। सिर्फ विकास-विकास की रट लगाने भर से कम नहीं चलने वाला, क्योंकि ऐसा कौन सा नेता है जो कहता है कि हम बिहार का 'विनाश' करना चाहते हैं। आधी आबादी की नाराजगी-शराबबंदी को लेकर प्रशांत किशोर ने खुलेआम कह दिया है कि उनकी सरकार बनी तो पहली बैठक में शराबबंदी हटाएंगे और उससे होने वाली कमाई से शिक्षा पर खर्च करेंगे। सुझाव बहुत अच्छा है। नीयत भी अच्छी लगती है। लेकिन, राजनीतिक रूप से नीतीश कुमार ने इस मुद्दे को बिहार की आधी आबादी के सैंटीमैंट से जोड़ दिया है और बहुत गहराई से जोड़ दिया है, जिसका फायदा रह-रह कर उन्हें चुनाव में मिलता भी है। वैचारिक अस्पष्टता-यह सवाल बड़ा स्टीरियोटाइप लगता है लेकिन है बहुत महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक असर वाला भी,



क्योंकि आप लाख विकास करें, एक मोड़ ऐसा आता है जहां आपको कुछ निर्णय लेने होते हैं, जिसके लिए आपके पास एक वैचारिक आधार होना चाहिए। मसलन, आरक्षण हो या पूंजी का विषय, आप किधर जाएंगे, कैसे जाएंगे। आप लैफ्ट हैं, राइट हैं, सैंटर हैं, सैंटर टू राइट हैं या सैंटर टू लैफ्ट हैं। तो, आपको यह साफ करना होगा, सीना ठोक कर बोलना होगा कि हम ये हैं।

एरोगेंस-हम सी.एम. और विधायक बनाते हैं। चुनाव जितवाना हमें आता है। लोकतंत्र में एरोगेंस के लिए कोई जगह नहीं होती। कुछ दिन, कुछ साल यह एरोगेंस चल भी जाए, तो लंबी रेस के घोड़े को विनम्र होना ही चाहिए। स्वयं प्रशांत किशोर में एरोगेंस बहुत अधिक है, ऐसा मैंने कई बार महसूस किया है। संभव है कि मेरी समझ या फीड्क्षलग गलत हो लेकिन एक आम अवधारणा यही है।

टिकट वितरण-एक नजर जब टिकट वितरण पर दौड़ाता हूं, तो पाता हूं कि इनकी पार्टी में विविध किस्म के लोगों ने एंट्री ली है। आई.ए.एस.-आई.पी.एस. छोड़िए, कर्पूरी ठाकुर जी की पोती, पवन वर्मा, देवेन्द्र यादव जैसे लोग जहां एक तरफ हैं, वहीं वकील, डाक्टर, शिक्षाविद् भी हैं। लेकिन, अद्भुत रूप से इनकी पार्टी में बड़ी संख्या में बिहार के नव-धनाढ्यों ने भी एंट्री ली है।

विकास का ब्लू प्रिंट-इस मसले पर उनका कहना है कि उनकी एक बड़ी और खरी टीम इस पर काम कर रही है। पहले विकास का ब्लू प्रिंट पार्टी की स्थापना दिवस पर ही आना था लेकिन अब संभवतः अगले साल मार्च तक ही आ पाएगा। मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि उनकी राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यही है, जिसे आने में, सार्वजनिक करने में और प्रचारित-प्रसारित करने में सर्वाधिक समय लग रहा है। कायदे से यह काम सबसे पहले होना चाहिए था और इसे बिहार के लोगों के दिलो-दिमाग में बिठा देना चाहिए था। इसमें देरी का अर्थ है कि लोग इसे जब तक समझेंगे, इस पर विचार करेंगे, इस पर बहसबाजी होगी, तब तक चुनाव का वक्त आ जाएगा। फिर, वह दीर्घकालिक विकास मॉडल या तात्कालिक राहत देने वाले उपाय लेकर आते हैं, यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा।

सी.एम. फेस-2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का काम प्रशांत किशोर देख रहे थे। पार्टी दफ्तर में 10 गारंटी कार्यक्रम लांच होना था। मंच पर सिर्फ एक कुर्सी लगाई गई थी। मैंने जानकारी ली तो कहा गया कि यह प्रशांत किशोर का आइडिया है कि मंच पर अकेले सिर्फ केजरीवाल होंगे। रणनीतिक रूप से यह ठीक भी था, क्योंकि अब लोकतांत्रिक व्यवस्था में भारतीय चुनाव भी व्यक्ति केन्द्रित, फेस सैंटर्ड हो गए हैं। फिर चाहे मोदी जी हों, योगी जी हों, नीतीश कुमार हों या कोई अन्य। ऐसे में, बिहार में जन सुराज की तरफ से सी.एम. फेस कौन प्रोजैक्ट होगा, कब तक होगा, यह बड़ा सवाल है। प्रशांत किशोर यह कहकर नहीं बच सकते कि विधायक सी.एम. को चुनेंगे। यह सब बकवास की बातें हैं।

संघर्ष का अभाव-बिहार में हाल के दिनों में अपराध की वीभत्स घटनाएं घटीं। एक दलित मासूम के साथ वीभत्स और क्रूर कृत्य हुआ। हत्याओं का दौर जारी है, लेकिन प्रशांत किशोर इन जगहों पर नहीं दिखते। वह खुद कहते हैं, मैं सोशल मीडिया से दूर रहता हूं। तो, उनसे बेहतर तो पप्पू यादव हैं, जो हर किसी के सुख-दुख में शरीक होते हैं। आखिर आप तभी बिहार के लोगों के सुख-दुख में शामिल होंगे, जब आपकी पार्टी सरकार बना लेगी? ये कौन-सी शर्त है?

# बीजेपी प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा भारतीय जनता पार्टी के कोडरमा विधानसभा चुनावी कार्यालय वसुंधरा गार्डन में कोडरमा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव, जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, रवि मोदी, नवीन केसरी, प्रकाश राम, विजय साव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ एवं फिता काटकर विधानसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया।

डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी की है कोडरमा के लोग सहिष्णु स्वभाव के है यहां के लोग शान्तिप्रिय हैं एवं विकास के समर्थक है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता रही है



।इसलिए मुझे विश्वास है कि जनता मुझे फिर भारी मतों से विजयी बनाएगी ।अनुप जोशी ने कहा कि झारखंड का विकास भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में जितना हुआ उतना देश की आजादी के बाद कभी नहीं हुआ।

भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है हमारा पंच प्रण है हम झारखण्ड का सर्वांगीण विकास करेंगे।कोडरमा की जनता से अपील है आप भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी डॉ नीरा यादव जी को तिसरी बार विजयी बनायें और झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनाएगे।

कार्यक्रम में उपस्थित शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जितेंद्र पासवान, देवनारायण मोदी, राजेश सिंह, शशिभूषण प्रसाद, दिनेश सिंह, चन्द्रशेखर जोशी, रामचंद्र राम, जगदीश सलुजा, मानिकचंद सेठ, धीरज जोशी, देवेन्द्र कुमार, नरेन्द्र पाल, राजेन्द्र सिंह,राजु भैया, रामचन्द्र राम, सुनील बड़गवे, प्रवीण पाण्डेय, अजय पाण्डेय, राजकुमार यादव,हरी पंडित, महेंद्र राय, राजेश सिंह, सुदेश मोदी, दिनेश्वर प्रसाद, रविन्द्र यादव, पंकज सिंह, संजय शर्मा, नवीन चौधरी, सुदीप्तो घोष, राजकिशोर प्रसाद, बिजय राम, पवन सिंह, चन्दन सिन्हा, संतोष मालाकार, बिनोद यादव, बिनोद राम, संजय यादव, दामोदर सिंह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता कार्यालय उद्घाटन में शामिल हुए।

# चंद्रदेव महतो ने बलियापुर से निकाली रैली

**बलियापुर (ससे) :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से भाकपा माले प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के नामांकन के लिए उनके धनबाद जाने के मौके पर सोमवार को बलियापुर से हजारों समर्थकों के साथ रैली निकाली गई।

बलियापुर हाई स्कूल मैदान से निकाली गई रैली में भाकपा माले के अलावा राजद के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ नेता तारकेश्वर यादव, झामुमो के चंडीचरण देव, झामुमो जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष महावीर महतो, लालमोहन महतो, समेत हजारों नेता कार्यकर्ता एवं समर्थक थे रैली केंदुआटांड़ मोड़ तक पहुंची। फिर सभी नेता एवं कार्यकर्ता विभिन्न प्रकार के वाहनो के काफिले के साथ करमाटांड़ मोड़ होते हुए धनबाद के लिए रवाना हो गए। इसके पूर्व भाकपा माले प्रत्याशी महतो बड़ादाहा स्थित अपने घर से



निकलने के बाद सबसे पहले अपने गांव स्थित मड़ई थान (ग्रामथान) पहुंचे। पारंपरिक विधि विधान के साथ ग्राम देवता की पूजा की श्री महतो झारखंड आंदोलन के पुरोधा पूर्व सांसद स्व. बिनोद बिहारी महतो के बड़ादाहा स्थित उनके (जन्म स्थली) आवास पर गए।

बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया माले प्रत्याशी श्री महतो बलियापुर स्थित बिनोद बाबू के समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर हजारों कार्यकर्ता एवं समर्थक थे। मौके पूर्व विधायक आनंद महतो, पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, गणेश चौरसिया, विधायक सत्यदेव राम, मनोज भक्त, हलधर महतो, गीता मंडल, अब्दुल कयूम काजी, अख्तर हुसैन अंसारी, प्रमुख पिंकी देवी, उप प्रमुख आशा देवी, शवेता कुमारी, गणेश महतो अनवर अली खान प्रदीप पाल मजीद खान विजय रजक संतोष रवानी, हकीमुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी, गोपाल महतो, आनंदमयी पाल,राजू महतो, रोहित कुमार महतो आदि मौजूद थे।

# पूर्णिमा सिंह ने की जनता की सुख-शांति व समृद्धि की कामना



**झरिया (ससे) :** कांग्रेस प्रत्याशी सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने आज दुःखहरिणी माता मंदिर झरियाधाम में माता रानी की पूजा-अर्चना करके आशीर्वाद लिए साथ ही झरियावासियों के सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की। वही विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि झरिया के उत्थान के लिए अबतक सभी कार्यों में देवी-देवताओं और पितरों का आशीर्वाद मिलता रहा है। जिससे झरिया के लिए किए हर प्रयास में सफलता मिली है और माँ के आशीर्वाद से आगे भी हमे सफलता मिलेगी।

# कतरास में इंडिया गठबंधन की सभा

**कतरास (ससे) :** मंईयां योजना का लाभ लेने वाली महिलाए हाथ छाप पर वोट कर बाघमारा विधानसभा में परिवर्तन कर झारखंड में पुनः हेमंत सरकार लाएगी। तभी केंद्र में मोदी सरकार का सफाया हो सकेगा। उक्त बातें झारखंड के कांग्रेस प्रभारी सह जम्मू के विधायक गुलाम अब्दुल मीर ने रानी बाजार कतरास में इंडिया



गठबंधन द्वारा आयोजित महासभा में अपने संबोधन में कहा। वहीं झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनाए। बाघमारा को भ्रष्टाचारियों व दबंगई से मुक्ति के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जलेश्वर महतो को भारी मतों से जीतना है। बाघमारा कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और नौजवानों को रोजगार मिलेगा। बाघमारा से नौजवान जो प्लायन कर गए हैं वह रुकेगा। मौके पर सुखदेव भगत, जलेश्वर महतो, ब्रिजेन्द्र प्रसाद सिंह, संतोष सिंह, अशोक प्रकाश लाल, रवि चौबे, डॉक्टर गौतम, शौकत खान, मो. जियाउल, सुभाष बंसल, अशलम मंसूरी, मासूम खान, रंजीत पांडेय, करमचंद बाउरी, कुंदन भुइँयां आदि थे।

# इमरजेंसी सेवाएं होंगे ऑनलाइ, एनएमसी के सर्वर से जुड़ेगा सिस्टम

**धनबाद (कासं) :** एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से जुड़ी रजिस्ट्रेशन समेत अन्य सेवाएं ऑनलाइन होने जा रही हैं। मरीजों के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचने पर चिकित्सीय परामर्श के बाद ऑनलाइन इंट्री की जायेगी। इमरजेंसी में मरीजों के किये गये अथवा चल रहे इलाज की इंट्री भी होगी।

साथ ही इमरजेंसी में इलाज कराने वाले सभी मरीजों को यूनिक नंबर प्रदान किया जायेगा. अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद दोबारा इलाज को ले अस्पताल पहुंचने पर इसी यूनिक नंबर से चिकित्सक को मरीजों की हिस्ट्री का आसानी से पता लग पायेगा।

पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) की गाइडलाइन के अनुसार होगी. साथ ही इससे जुड़ी भी होगी. एसएनएमएमसीएच प्रबंधन ने इस दिशा में जल्द ही कार्य शुरू करने का दावा किया है. विदित हो कि एसएनएमएमसीएच में ओपीडी सेवा पहले से ऑनलाइन है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार रिम्स व जमशेदपुर के



एमजीएम मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा पहले से लागू है। दोनों ही मेडिकल कॉलेजों की इमरजेंसी में मरीजों से जुड़ी सभी सेवाएं ऑनलाइन हैं। इसमें मरीजों के रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी के साथ इमरजेंसी में उपलब्ध दवाओं की जानकारी भी एनएमसी के सर्वर में ऑनलाइन फीड की जाती है।

एसएनएमएमसीएच में विभिन्न सेवाएं पेपरलेस करने की भी तैयारी है। ओपीडी से इसकी शुरुआत हो चुकी है। फिलहाल आभा कार्ड के जरिये मरीजों को रजिस्ट्रेशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। मोबाइल के जरिये ही मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए विभिन्न ओपीडी में क्यूआर स्कैनर लगाया गया है। इसे स्कैन कर कुछ आसान गाइडलाइन का पालन करते हुए मरीज अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल के विभिन्न विभागों को ऑनलाइन करने की भी तैयारी है। इसमें दवा का स्टोर भी शामिल है।

अस्पताल में मरीजों से जुड़ी सेवाएं ऑनलाइन करने की तैयारी है. ओपीडी की सेवाएं पहले से ही ऑनलाइन हैं। जल्द ही इमरजेंसी समेत अन्य विभागों में सेवा ऑनलाइन करने के साथ एनएमसी के सर्वर से संस्थान जुड़ जायेगा। इससे मरीजों के साथ प्रबंधन को भी आसानी होगी। दवा की आपूर्ति से लेकर विभिन्न सेवाएं सुचारु रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी।

## तारा देवी ने बलियापुर में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बलियापुर (ससे) :** सिंदरी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने सोमवार को झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के पोता अधिवक्ता राहुल कुमार महतो से मुलाकात की। चुनाव को लेकर चर्चा की गई। दूसरी ओर तारा देवी ने बलियापुर क्षेत्र के की इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर निताई रजवार, अरविंद सिंह, बाबूलाल महतो, प्रमोद दुबे, राजू लाला, पशुपति महतो, योगेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

## जुआ अड्डा पर छापामारी तीन बाइक जब्त

**जोड़ापोखर (ससे) :** जोड़ापोखर थाना के भिन्न क्षेत्रों में दीपावली के मौके पर लोगों को दिवाला बनाने को कई अवैध जुआ अड्डों का संचालन किया जा रहा है। बताते है कि दीपावली के अवसर पर जियलगोरा स्टेडियम के निकट काजू बागान में जियलगोरा तीन नंबर छठ तलाव के समीप एवं जंगल में ,बरारी एक नंबर,जीतपुर, लक्ष्मी कॉलोनी आदि क्षेत्रों में स्थानीय दबंगों द्वारा अवैध जुआ अड्डा का संचालन किया जा रहा है। जुआ अड्डों पर क्षेत्र के अपराधियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने से क्षेत्र में एन चुनाव के वक्त अपराधिक घटनाओं के बढ़ने के आसार है। हालांकि स्थानीय पुलिस भी विधानसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को क्षेत्र में लगातार चौकस है।

# महाप्रबंधक कार्यालय पर संयुक्त संघर्ष समिति का प्रदर्शन

**जोड़ापोखर (ससे) :** सोमवार को सेलव्यापी हड़ताल को लेकर सेल जीतपुर कोलियरी के महाप्रबंधक कार्यालय के सामने संयुक्त संघर्ष समिति के बैनरतले जोरदार प्रदर्शन किया गया। सेल प्रबंधक मुर्दाबाद बंद कोलियारी को जल्द से जल्द चालू करो हमारी मांगे पूरी करो जैसे नारे लगाये। संयुक्त संघर्ष समिति जीतपुर कोल्यारी के शाखा सचिव सचिन कुमार सिंह ने कहा की ३९ महीने का एरियर मजदूरों के खून पसीने की कमाई है।

ग्रेच्युटी पर सरकार के इशारे से सीलिंग लगवाकर अपना पिंड छुड़ाना चाहती है। वेतन समझौता को आधा-अधूरा करके पिछले तीन सालों से लटका कर रख दिया है. भेदभाव पूर्ण बोनस फार्मूला बनाकर बिना एनजेसीएस की सहमति से प्रबंधन पिछले दिनों प्राप्त ४०,५०० से अधिक बोनस नहीं देना चाहती है वही जाकिर हुसैन ने कहा की सेल जीतपुर कोलियरी के उत्पादन को जल्द जल्द चालू करें ठेका मजदूर भुखमरी के कगार पर है प्रबंधन हमारी मांगों को लेकर चुप्पी साध ली है अब नहीं चलेगा हम लोगों की मांगे पूरी करनी होगी वही इस्लाम अंसारी ने कहा की सभी को एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट एवं २८ प्रतिशत देना होगा। सेल और आरआईएनएल के ठेका श्रमिकों के एडब्ल्यूएम का बेसिक में विलय किया जाएगा। समान कार्य के लिए समान वेतन और एसआई की ऊपरी सीमा तुरंत बढ़ाई जाए। सहित विभिन्न भत्तों में वृद्धि चाहिए नयीप्रोत्साहन योजना को लागू करना होगा। पर्दर्शन में मुख रूप से उपस्थित सचिन कुमार सिंह मो इस्लाम, अमरजीत पासवान, मो सगीर, जाकिर हुसैन, पी के दुबे, कृष्णा मंडल, किशोरी साव, विकाश कुमार सिंह आदि थे।

# लोयाबाद में निकाला गया फ्लैग मार्च

**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार के नेतृत्व में सोमवार को अतिरिक्त पुलिस बल के साथ लोयाबाद क्षेत्र मे विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग - मार्च धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लोयाबाद थाना से निकाल कर लोयाबाद - मोड़, होते हुए एकडा, हरिजन - बस्ती, लोयाबाद छह नंबर समीप श्रमिक कल्याण, लोयाबाद नौ नंबर - समीप बीजीएस हाई स्कूल, कनकनी हनुमान बाजार, सेंदरा, बाँसजोड़ा, समेत २२ बूथ में पड़ने वाला लोयाबाद के विभिन्न क्षेत्र का भ्रमन किया गया।

इस दौरान लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया विधानसभा चुनाव २०२४ को मद्देनजर नजर रखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया है। मतदाता निर्भय होकर अपने मतदान केन्द्र पर जाएं और अपना मत का प्रयोग करें। किसी प्रकार का असुविधा होने से तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# आरएसपी कॉलेज में परिचर्चा

**बलियापुर (ससे) :** आरएसपी कॉलेज झरिया बेलगढ़िया में सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र- छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बीएड संकाय की छात्रा पूजा कुमारी ने परिचर्चा के दौरान कहा कि भारत के एकीकरण में देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता। वहीं छात्र अनुराग मिश्रा ने वीर रस कविता पाठ किया। जबकि बीएड की छात्रा मिताली ने देश में विविधता में एकता को बनाए रखने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत बताया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ उपेंद्र कुमार, प्रो रितेश रंजन, डॉ रामचंद्र कुमार, डॉ रजनी बारा, प्रो सुरेश मुंडा आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा श्वेता कुमारी कर रही थी। स्वागत भाषण पूजा कुमारी ने दिया।

# पूर्व मध्य रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ

**हाजीपुर (ससे):** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज मुख्यालय हाजीपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन हेतू दृढ़ इच्छा शक्ति तथा सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के अनुपालन की प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सह मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री शैलेश वर्मा सहित पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने सतर्कता प्रतिज्ञा लिया ।

विदित हो कि इस वर्ष पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन २८ अक्टूबर से ०३ नवम्बर, २०२४ तक किया जा रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' (उींर्श्रीीश ेष खर्पींशसीर्ळीं ीें छरींळेप'ी ळ्रीीशिीर्ळीं) है।

सतर्कता प्रतिज्ञा के उपरांत



महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सम्मेलन कक्ष में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका नमन किया । महाप्रबंधक ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति के सुपरिणामों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इससे किसी भी संगठन की कार्यकुशलता, उत्पादकता तथा गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि होती है। आज के कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में चन्द्रगुप्त इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना के निदेशक श्री राणा सिंह एवं सुश्री अंतरा झा, साईबर सुरक्षा विशेषज्ञ द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। श्री राणा सिंह ने भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलूओं पर विस्तार से चर्चा किया। सुश्री अंतरा झा द्वारा डीजीटल दुनिया में आम लोगों के साथ हो रहे जालसाजी से कैसे बचा जाये इस पर अपने विचार रखा। विस्तृत चर्चा के उपरांत प्रश्नोतरी सत्र का आयोजन किया गया, जो काफी उपयोगी रहा ।

कार्यशाला के प्रारंभ में अपने स्वागत संबोधन में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री शैलेश वर्मा ने जीवन शैली में सत्यनिष्ठा पर जोर देते हुए सार्वजनिक जीवन में इसको अपनाने की प्रवृति बढ़ाने की बात कही।

इस अवसर पर महाप्रबंधक, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक द्वारा रेलकर्मियों के मध्य सतर्कता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रकाशित सतर्कता बुलेटिन ''सतर्कता संदेश'' के २६वें अंक तथा ''कर्मचारी उपयोगी पुस्तिका'' का विमोचन किया गया।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### बदल गया जनगणना का---

सकता है। जनगणना के बाद लोकसभा सीटों के परिसीमन का रास्ता साफ हो जाएगा। भारत में पहली जनगणना १८७२ में हुई थी। स्वतंत्रता के बाद १९५१ में जनगणना की गई और आखिरी जनगणना २०११ में दर्ज की गई थी। जनगणना के आंकड़े भारत सरकार के लिए नीति निर्माण और कार्यान्वयन तथा देश में संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**2028 तक पूरा होगा परिसीमन**

लोक सभा सीटों का परिसीमन जनगणना पूरी होने के बाद शुरू होगा। परिसीमन प्रक्रिया २०२८ तक पूरी होने की संभावना है। दरअसल, कई विपक्षी दलों की तरफ से जातिगत जनगणना की मांग भी की जा रही है, लेकिन सरकार ने अभी इस बारे में फैसला नहीं किया है। अब तक जनगणना में धर्म और वर्ग पूछा जाता रहा है। साथ ही सामान्य, अनुसूचित जाति और जनजाति की गणना होती है। लेकिन इस बार लोगों से यह भी पूछा जा सकता है कि वे किस संप्रदाय के अनुयायी हैं। उदाहरण के तौर पर कर्नाटक में सामान्य वर्ग में आने वाले लिंगायत स्वयं को अलग संप्रदाय के मानते हैं। इसी तरह अनुसूचित जाति में वाल्मीकि, रविदासी, जैसे अलग-अलग संप्रदाय हैं। यानी धर्म, वर्ग के साथ संप्रदाय के आधार पर भी जनगणना की मांग पर सरकार विचार कर रही है। केंद्र सरकार ने फिलहाल जनगणना के साथ जातिवार जनगणना कराने को लेकर औपचारिक फैसला नहीं किया है। लेकिन विपक्ष की ओर से जातिवार जनगणना को राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश को देखते हुए मोदी सरकार जातिवार जनगणना कराने का फैसला ले सकती है। क्योंकि सरकार भी चाहती है कि एक तो इस मुद्दे पर एनडीए में कोई मतभेद न हो साथ ही सभी धर्मों की आबादी में मौजूद जाति व्यवस्था की जड़ों का भी पता चल सके। फिर अगर आरक्षण सहित किसी भी सुविधा के लिए कोई विशेष योजना चलानी हो तो ट्रिपल टेस्ट का पहला और अहम टेस्ट इसी मुहिम के साथ पूरा हो जाएगा।

### हिंदू-मुस्लिम दरगाह और मंदिर---

सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल २० से २६ अक्टूबर तक फूल वालों की सैर जश्न मनाया गया। महरौली इलाके में होने वाला फूल वालों की सैर सदियों पुराना त्योहार है। यह मॉनसून के बाद और सर्दी शुरू होने से ठीक पहले मनाया जाता है। यह मुगलों के दौर से चला आ रहा एक ऐसा त्योहार है, जो सांप्रदायिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब की गवाही देता है। फूल वालों की सैर को आयोजित करने की ज़िम्मेदारी अंजुमन सैर-ए-गुल फरोसां उठाती है, जो खास इसी के लिए बनाई गई एक कमेटी है। हिंदू और मुसलमान दोनों समुदाय के लोग परंपरा के मुताबिक, मंदिर और दरगाह पर तो जाते ही हैं, साथ ही इस एक सप्ताह के सेलिब्रेशन में कई और तरह की एक्टिविटीज भी शामिल हैं।

### पीएम मोदी आज रोजगार---

भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगे।

### भाजपा नेता एवं एक्टर मिथुन---

तो राजनीति छोड़ दूंगा। मिथुन चक्रवर्ती ने कहा, मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं। लेकिन ये कह रहा हूं । हम बंगाल जीतने के लिए कुछ भी करेंगे। २०२६ के विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में बीजेपी की सरकार आएगी। भागीरथी हमारी मां हैं। हम इसे बचाने के लिए कुछ भी करेंगे। अमित शाह के सामने ही उन्होंने कहा, हमें पैसे लेने वाले कार्यकर्ता नहीं चाहिए। अगर आप हमारे झाड़ का एक फल तोड़ोगे, तो हम आपके झाड़ का ४ फल तोड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने बंगाल राज्य सरकार पर हिंदू समुदाय को वोट डालने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया। भाजपा के सदस्यता अभियान के कार्यक्रम में वेटरन एक्टर ने कहा, हमें लड़ने वाले लोग चाहिए। ऐसे लोग चाहिए, जो खड़े होकर कह सकें कि मुझे गोली मारो। मैं देखता हूं कि तुम्हारे पास कितनी गोलियां हैं। हमें वो लोग नहीं चाहिए, जो पैसों के लिए खड़े होते हैं। मिथुन चक्रवर्ती के इस बयान के बाद तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी महासचिव जय प्रकाश मजूमदार ने मिथुन चक्रवर्ती को एक महत्वहीन व्यक्ति करार दिया है। उन्होंने कहा, एक राजनीतिक नेता के रूप में कोई भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेता। जिस नेता (तृणमूल के कबीर) की टिप्पणी के बारे में उन्होंने बात की थी, उसकी चुनाव आयोग ने निंदा की थी। अब अमित शाह की उपस्थिति में मिथुन चक्रवर्ती ऐसा कह रहे हैं। देखना है कि अब इस बारे में पार्टी का कदम क्या होगा?

# बिहार एनडीए से बाहर हुए पशुपति पारस

**पटना (एजेंसी):** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अपने आवास पर एनडीए नेताओं की बड़ी बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता सीएम नीतीश कुमार ने की. बैठक में दोनों डिप्टी सीएम के अलावा बीजेपी और गठबंधन के अन्य घटक दलों के तमाम बड़े नेता शामिल हुए. मंच पर सीएम नीतीश के साथ बीजेपी नेताओं के साथ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेताओं के साथ उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद रहे. हालांकि, कई बड़े नेता नहीं पहुंचे. इस बैठक में पशुपति पारस के नहीं पहुंचने पर सियासत गरमा गई है. जानकारी के मुताबिक, नीतीश कुमार के आवास पर हुई बैठक के लिए किसी को भी न्यौता नहीं दिया गया था. जबकि पशुपति पारस खुद को एनडीए का हिस्सा बताते रहे हैं. ऐसे में सवाल ये है कि क्या पशुपति पारस आधिकारिक तौर पर एनडीए का हिस्सा नहीं हैं.

इस बैठक में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी नहीं पहुंचे थे, लेकिन उनकी पार्टी का प्रतिनिधि शामिल हुआ था. हम से मांझी के बेटे और बिहार सरकार में मंत्री संतोष सुमन शामिल हुए थे. तो वहीं लोजपा-रामविलास से पार्टी के सांसद शामिल हुए थे. हालांकि, रालोजपा से कोई नेता नहीं आया था. बता दें कि लोकसभा चुनाव के समय पशुपति पारस एनडीए से नाराज हो गए थे, लेकिन बाद में नाराजगी दूर हो गई थी. इसके बाद वह खुद को एनडीए का हिस्सा बताते रहे हैं. इसके बावजूद उनको इस बैठक में नहीं बुलाया गया. वहीं इस बैठक में २०२५ में भी नीतीश कुमार को ही नेता चुन लिया गया है. सीएम नीतीश ने इस बार २२० सीटों पर जीतने का लक्ष्य रखा गया है. बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें चुनाव जीतने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं.



एनडीए की बैठक को लेकर राजद ने साधा निशाना पार्टी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा बिहार में चार जगह पर उपचुनाव हो रहे हैं. एनडीए बुरी तरह से डरी हुई और हार का उन्हें डर सता रहा है. जनता तेजस्वी यादव के साथ है. उन्होंने कहा कि छऊ में कोई कोऑर्डिनेशन नहीं है. नीतीश कुमार एक मूर्ति के तरह हैं और अधिकारी शासन चला रहे हैं. इस पर पलटवार करते हुए ठ्ळ्व् प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने २०२५ में भी एनडीए की सरकार बनने का दावा किया.

उन्होंने कहा कि एनडीए घटक दल के नेता आपस में मिलते जुलते रहते हैं. विधानसभा और उपचुनाव को लेकर मिलना जुलना होते रहता है. उन्होंने कहा कि २०२५ में विधानसभा चुनाव होना है और मजबूती के साथ एनडीए की सरकार बनेगी. कुछ ऐसा ही बयान बीजेपी सांसद राजीव प्रताप रूडी ने दिया. रूडी ने कहा कि हमारी मजबूत सरकार है आगे भी बहुमत की सरकार रहेगी. एनडीए में तालमेल तो बना रहता है.


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो (निर्वाचन शाखा)

–:: आदेश ::–

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर बोकारो जिला के 33–डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अंश), 34–गोमिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 35–बेरमो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 36–बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 37–चन्दनकियारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 20.11.2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है।

अतः मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–6148, दिनांक–24.10.2024 के आलोक में Negotiable Instruments Act-1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश की घोशणा एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135ख के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए मतदान की तिथि अर्थात दिनांक–20.11.2024 (बुधवार) को जिलान्तर्गत सभी कार्यालयों/संस्थानों/सार्वजनिक प्रतिश्ठानों में सार्वजनिक अवकाश की घोशणा की जाती है। बोकारो जिला के 33–डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (अंश), 34–गोमिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 35–बेरमो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 36–बोकारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 37–चन्दनकियारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वैसे मतदाता जो विधानसभा क्षेत्र के बाहर कार्यरत है, को मतदान हेत सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करना उनके संस्थान की जिम्मेवारी होगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, बोकारो

PR 339609 (Election)24-25*D


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह (कार्मिक कोषांग)

ई–मेल :– electionkarmikgrd@gmail.com

### आवश्यक सूचना

विधानसभा आम चुनाव, 2024 हेतु मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 26.10.2024 को +2 उच्च विद्यालय, गिरिडीह में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में कर्मियों की सूची में अंकित कर्मी अनुपस्थित रहे जो चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही का द्योतक है।

अतः निदेशानुसार दिनांक 26.10.2024 को एक दिन का वेतन अवरूद्ध किया जाता है। 24 घंटा के अन्दर साक्ष्य सहित अपना स्पष्टीकरण कार्यालय प्रधान के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाय?

**LIST OF ABSENT POLLING OFFCIALS DATED 26.10.2024**

| SN | PIN No | Duty | Officer Name | Designation | Office Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 201 | 341913441 | 1st Polling Officer | RATNESH KUMAR PANDEY | INSPECTOR | Central GST Office Giridih |
| 202 | 341913444 | 3rd Polling Officer | RAMESH TUDU | COMPUTER OPRATOR | Dist. Social Welfare Office Giridih |
| 203 | 341913532 | 3rd Polling Officer | SURENDAR PRASAD BARNWAL | BPO DEORI | B.D.O Office Deori |
| 204 | 341913564 | 1st Polling Officer | SRI DEVCHANDRA KUMAR | VLW BDO OFFICE | B.D.O Office Birni |
| 205 | 341913602 | 3rd Polling Officer | MEHBUB ALAM | BPO DEORI | B.D.O Office Deori |
| 206 | 341913631 | 3rd Polling Officer | RANJENDAR BASKE | PEON | B.D.O Office Deori |
| 207 | 341913825 | 3rd Polling Officer | SHANKAR SAW | CHAUKIDAR CIRCLE OFFICE, GAWAN | Circle Office Gawan |
| 208 | 341913874 | 3rd Polling Officer | JAWAHAR LAL DAS | PEON DIST. REVENUE SECTION | Dist. Revenue Section, Giridih |
| 209 | 341913898 | 3rd Polling Officer | GULAB TURI | CHAUKIDAR CIRCLE OFFICE DUMRI | Circle Office Dumri |
| 210 | 341913909 | 1st Polling Officer | RITESH KUMAR SINHA | RSI CIRCLE OFFICE DHANWAR | Circle Office Dhanwar |
| 211 | 341913913 | 3rd Polling Officer | SAROJ KUMAR | COMP. OPERATOR C.O DHANWAR | Circle Office Dhanwar |
| 212 | 341913914 | 1st Polling Officer | AVINASH AFFRED MARANDI | LDC CIRCLE OFFICE DHANWAR | Circle Office Dhanwar |
| 213 | 341913929 | 1st Polling Officer | SRI CHANDRA SHEKHAR PD. | LEB. TECH. JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri |
| 214 | 341913933 | 1st Polling Officer | SRI RAMESHWAR KR. DAS | STORE KEEPER JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri |
| 215 | 341913946 | 3rd Polling Officer | PATILAL MATHO | PEON. JHARKHAND COLLEGE | Jharkhand College Dumri |
| 216 | 341914035 | 3rd Polling Officer | PARWEEN HARIZAN | SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 217 | 341914042 | 3rd Polling Officer | MOHAN HARI S/O DAROGWA | SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 218 | 341914062 | 3rd Polling Officer | GAUTAM HADI | SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 219 | 341914150 | 3rd Polling Officer | SONA MUNI HEMBROM | HOUSE KEEPER I.T.I PACHAMBA | I.T.I Pachamba Giridih |
| 220 | 341914166 | 3rd Polling Officer | RAJA SHARMA | MANDEY KARMI OFFICE | Municipal Corporation Giridih |
| 221 | 341914221 | 3rd Polling Officer | VIKRAM HADI | MANDEY SAFAI KARMI GIRIDIH | Municipal Corporation Giridih |
| 222 | 341914223 | 3rd Polling Officer | RAJAN DOM | MANDEYSAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 223 | 341914225 | 3rd Polling Officer | PRAKASH HADI | MANDEY SAFAI KARMI GIRIDIH | Municipal Corporation Giridih |
| 224 | 341914234 | 3rd Polling Officer | KISHAN HADI | MANDEY SAFAI KARMI GIRIDIH | Municipal Corporation Giridih |
| 225 | 341914248 | 3rd Polling Officer | TULSI HADI | MANDEY SAFAI KARMI GIRIDIH | Municipal Corporation Giridih |
| 226 | 341914255 | 3rd Polling Officer | SUBHASH HADI | MANDEY SAFAI KARMI GIRIDIH | Municipal Corporation Giridih |
| 227 | 341914263 | 3rd Polling Officer | RAJUWA HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 228 | 341914267 | 3rd Polling Officer | RAMPRASAD HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 229 | 341914275 | 3rd Polling Officer | KHOPACHIYA HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 230 | 341914277 | 3rd Polling Officer | ANOJ HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 231 | 341914278 | 3rd Polling Officer | VIJAY HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 232 | 341914284 | 3rd Polling Officer | RUJWA HADI | MANDEY SAFAI KARMI GIRIDIH | Municipal Corporation Giridih |
| 233 | 341914302 | 3rd Polling Officer | ROHAN HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 234 | 341914307 | 3rd Polling Officer | PAPPU HADI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 235 | 341914319 | 3rd Polling Officer | SOMARI DEVI | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 236 | 341914343 | 3rd Polling Officer | KISHAN KUMAR | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 237 | 341914346 | 3rd Polling Officer | RAJA KUMAR | MANDEY SAFAI KARMI | Municipal Corporation Giridih |
| 238 | 341914384 | Presiding Officer | SANTOSH KUMAR | BLOCK SUPPLYA OFFICER | Dist. Supply Office Giridih |
| 239 | 341914492 | 1st Polling Officer | RITESH KUMAR | J.F.I DIST. S. O. GIRIDIH | Dist. Statistics Office Giridih |
| 240 | 341914501 | 3rd Polling Officer | HEMLAL MANDAL | CHAUKIDAR PS AHILYAPUR | K.R.M.M Vananchal College Giridih |
| 241 | 341914505 | 3rd Polling Officer | GOBARDHAN MALLAH | CHAUKIDAR PS AHILYAPUR | Circle Office Gandey |
| 242 | 341914516 | 3rd Polling Officer | KUMAR INDRAJIT SHEKHAR | BTM | Dist. Agriculture Office Giridih |
| 243 | 341914517 | 3rd Polling Officer | VIJAY PRAKASH | BTM | Dist. Agriculture Office Giridih |
| 244 | 341914530 | 3rd Polling Officer | PRAWEEN KUMAR SAW | ATM | Dist. Agriculture Office Giridih |
| 245 | 341914544 | 3rd Polling Officer | SHAILENDRA KUMAR | ATM | Dist. Agriculture Office Giridih |
| 246 | 341914615 | 1st Polling Officer | ARJUN MAHATO | OFFICE ASSISTANT DHANWAR | Jharkhand Rajya Gramin Bank,Dhanwar |
| 247 | 341914714 | 3rd Polling Officer | RAM KUMAR SRIVASTAVA | CITY MANAGER | Nagar Panchayat, Dhanwar |
| 248 | 341914729 | 3rd Polling Officer | TRIVBHUVAN MAHTO | JE MGNREGA | B.D.O Office Bagodar |
| 249 | 341914825 | 3rd Polling Officer | RAJA DAS | PEON REVENUE OFFICE GRD | Dist. Collectorate Building Giridih |
| 250 | 341914927 | 1st Polling Officer | RAJESH KUMAR SINGH | ASSISTANT MUNICIPAL COR GRD | Municipal Corporation Giridih |
| 251 | 341914944 | Presiding Officer | VIVEK KUMAR SINGH | A.T.+2 H.S KUMHARLALO PIRTAND | B.E.E.O Pirtand |
| 252 | 341914950 | Presiding Officer | MANJIT KUMAR | PGT +2 HS KUMHARLALO PIRTAND | B.E.E.O Pirtand |
| 253 | 341914954 | Presiding Officer | CHANDRA BHUSHUN JHA | PGT +2 HS BAGODAR | D.E.O,Giridih(Bagodar) |
| 254 | 341915006 | Presiding Officer | RISHIDEV PATHAK | CLERK DEO GIRIDIH | D.E.O,Giridih(Giridih) |
| 255 | 341915031 | Presiding Officer | KAMILESH KUMAR | PGT BAHS DORANDA | D.E.O,Giridih(Dhanwar) |
| 256 | 341915107 | 1st Polling Officer | ANAND SAGAR | JE KONAR CANAL DIVISION BAGODA | Konar Canal Division Bagodar |
| 257 | 341915111 | 1st Polling Officer | NEERAJ KUMAR RANA | AC KONAR CANAL DIVISION BAGODA | Konar Canal Division Bagodar |
| 258 | 341915154 | 1st Polling Officer | JAY PRAKASH YADAV | J.E DWS DIV-2 GIRIDIH | Drinking Water and Sanitation Division-2 |
| 259 | 341915163 | 3rd Polling Officer | BALDEO DUSADH | PEON ADARSH COLLEGE RAJDHANWAR | Adarsh College Rajdhanwar |
| 260 | 341915165 | 3rd Polling Officer | RAMPRASAD SINGH | PEON ADARSH COLLEGE RAJDHANWAR | Adarsh College Rajdhanwar |
| 261 | 341915167 | 3rd Polling Officer | PAWAN KUMARSINGH | CLERK ADARSH COLLEGE RAJDHANWA | Adarsh College Rajdhanwar |
| 262 | 341915168 | 3rd Polling Officer | BINDESHWARI PRASAD SINGH | CLERK ADARSH COLLEGE RAJDHANWA | Adarsh College Rajdhanwar |
| 263 | 341915172 | 2nd Polling Officer | SALAKAT ANSARI | S.A UPG PS BAJTO (M) | B.E.E.O Giridih |
| 264 | 341915174 | Presiding Officer | RAJESH KUMAR GUPTA | PGT +2 HS BAGODAR GIRIDIH | D.E.O,Giridih(Bagodar) |
| 265 | 341915186 | Presiding Officer | MITHILESH KUMAR | PGT +2 HS GAWAN | D.E.O,Giridih(Gawan) |
| 266 | 341915187 | Presiding Officer | ASHISH SINHA | PGT +2 HS GAWAN | D.E.O,Giridih(Gawan) |
| 267 | 341915206 | Presiding Officer | CHANDAN KR DAS | JUNIOR ENGINEER | Drinking Water and Sanitation Division-1 |
| 268 | 341915213 | 3rd Polling Officer | VINAY KUMAR | LDC C.O DHANWAR | Circle Office Dhanwar |
| 269 | 341915296 | 1st Polling Officer | NIKHIL SINGH | CLERK BOM GIRIDIH | Bank Of Maharashtra Giridih |
| 270 | 341915325 | 1st Polling Officer | RAHUL KUMAR | CLERK PNB CHITTARDIH | Punjab National Bank Jamua |
| 271 | 341915326 | 3rd Polling Officer | RAKESH KUMAR RAJAK | PTS PNB CHITTARDIH | Punjab National Bank Jamua |
| 272 | 341915338 | 3rd Polling Officer | KUMAR SHIVANAND SHARMA | SUB STAFF BOI KHARAGIHA | Bank Of India, Jamua |
| 273 | 341915391 | Presiding Officer | SUBHASH KUMAR KUSHWAHA | PEON PGHS BENGABAD | D.E.O,Giridih(Bengabad) |
| 274 | 341915421 | 3rd Polling Officer | SANDEEP KUMAR GUPTA | CC | J.S.L.P.S. |
| 275 | 341915438 | 3rd Polling Officer | VIJAY KUMAR | BPO-FI | J.S.L.P.S. |
| 276 | 341915442 | 3rd Polling Officer | MD RIYAZ ANSARI | ADMIN | J.S.L.P.S. |
| 277 | 341915448 | 3rd Polling Officer | MUKESH KUMAR YADAV | CC | J.S.L.P.S. |
| 278 | 341915461 | 2nd Polling Officer | SANJAY KUMAR | SA UPS BARADIH | B.E.E.O Gawan |
| 279 | 341915473 | 3rd Polling Officer | RAJESH ROSHAN | FTC | J.S.L.P.S. |
| 280 | 341915485 | 3rd Polling Officer | CHANDRA DHAR MAHATO | DM | J.S.L.P.S. |
| 281 | 341915488 | 3rd Polling Officer | XAVIER EKKA | DPM | J.S.L.P.S. |
| 282 | 341915494 | 3rd Polling Officer | VINAY KUMAR SINGH | TSO JICA | J.S.L.P.S. |
| 283 | 341915573 | Presiding Officer | UMESH KUMAR CHAUDHARY | PGT +2 H/S SURIYA | D.E.O,Giridih(Suriya) |
| 284 | 341915580 | 1st Polling Officer | SHANKAR MACHHUA | CLERKS IOB GIRIDIH | Indian Overseas Bank Giridih |
| 285 | 341915655 | 1st Polling Officer | BIJAY KUMAR RAY | ASST TEACHER UMS PANDASINGA | B.E.E.O Gawan |
| 286 | 341915660 | 1st Polling Officer | AMAN KUMAR | CLERK | State Bank Of India, Dhanwar |
| 287 | 341915661 | 1st Polling Officer | GANGADHAR ROY | ASST TEACHER MS MURNA | B.E.E.O Gawan |
| 288 | 341915713 | Presiding Officer | NEERAJ KUMAR | CHIEF ASSOCIATE CSS | State Bank Of India, Giridih |
| 289 | 341915796 | 1st Polling Officer | AMZAD ALAM | PA GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 290 | 341915802 | 1st Polling Officer | ASUTOSH KUMAR SINGH | POST MAN GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 291 | 341915809 | 3rd Polling Officer | BASANT KUMAR | MTS GIRIDIH DIVISION | Post Office Giridih |
| 292 | 341915810 | 1st Polling Officer | BHOLA PRASAD | PA GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 293 | 341915842 | 1st Polling Officer | VIKAS RAWAT | PA GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 294 | 341915857 | Presiding Officer | JITENDRA KUMAR SINGH | POST MASTER GRADE GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 295 | 341915865 | 1st Polling Officer | SHUBHAM SINGH | POSTAL ASSISTAND GIRIDIH H.O | Post Office Giridih |
| 296 | 341915872 | 1st Polling Officer | RANJEET KUMAR ARYA | PA GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 297 | 341915882 | 1st Polling Officer | MAHENDRA KUMAR | PA GIRIDIH HO | Post Office Giridih |
| 298 | 341915885 | 1st Polling Officer | MUKESH KUMAR RAM | PA BAGODAR SO | Post Office Bagodar |
| 299 | 341915890 | 1st Polling Officer | SUNIL SOREN | POSTAL ASSISTANT (PA) | Post Office Dhanwar |

प्रभारी पदाधिकारी,
कार्मिक कोषांग,गिरिडीह

PR 339647 Giridih(24-25).D

## जमीरा गांव में दिनदहाड़े फायरिंग, सूबेदार घायल

**आरा(एजेंसी):** भोजपुर जिले में अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए एक युवक पर गोली चलाकर फरार हो गए. यह घटना आरा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव की है, जहां आज हथियारबंद बदमाशों ने ३८ वर्षीय युवक सूबेदार यादव को गोली मार दी. सूबेदार यादव, जो कि जमीरा गांव वार्ड नंबर १२ में रहते हैं, पेशे से कबाड़ी का काम करते हैं. गोली उनके बाएं कंधे में लगी है, जिससे उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

घायल युवक ने बताया कि वह अपने घर से किराना का सामान लेने निकले थे. सामान लेकर घर लौटते वक्त २०० मीटर की दूरी पर बगीचे के पास अचानक उन पर गोली चला दी गई. उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी, लेकिन यह नहीं देख पाए कि किसने गोली चलाई. हालांकि, इस घटना को कुछ लोगों द्वारा पुराने विवाद से जोड़ा जा रहा है. गोली लगने के बाद सूबेदार ने तुरंत अपने परिजनों को इस घटना की जानकारी दी.

## सीएम नीतीश ने जाना शारदा सिन्हा का हालचाल





**पटना (एजेंसी):** बिहार की स्वर कोकिला के नाम से मशहूर लोक गयिका शारदा सिन्हा दिल्ली के एम्स अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं. जहां उनकी हालात फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. शारदा सिन्हा की बीमारी की खबर मिलने के बाद हर कोई उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहा है. इस बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मभूषण लोक गायिका शारदा सिन्हा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली है. सीएम नीतीश कुमार ने दिल्ली एम्स के डायरेक्टर और शारदा सिन्हा के बेटे से फोर पर बात की. सीएम नीतीश कुमार ने इसके अलावा दिल्ली में बिहार के रेसिडेंट कमिश्नर कुंदन कुमार को इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिया है.

मिली जानकारी के अनुसार जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय झा ने भी शारदी सिन्हा के पुत्र से बात कर उनके इलाज के बारे में जानकारी ली है. जेडीयू के राज्यसभा सांसद संजय झा ने एक्स पर पोस्ट शेयर करत हुए लिखा कि पद्मभूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा जी एम्स दिल्ली में भर्ती हैं. हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में बिहार के रेसिडेंट कमिश्नर को इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं. मैंने उनके पुत्र से बात कर इलाज की जानकारी ली है. बता दें कि पद्म भूषण से सम्मानित लोक गायिका शारदा सिन्हा दो दिन से दिल्ली के एम्स के आईसीयू में भर्ती हैं. जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से शारदा सिन्हा दिल्ली एम्स में ही अपना इलाज करा रही थी. शारदा सिन्हा को खाने-पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था. जिसका वो दिल्ली एम्स मे ईलाज करा रही थी. लेकिन शनिवार को उनकी स्थिति अचानक काफी बिगड़ने लगी. जिसके बाद उन्हें दिल्ली एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया.

## चतुष्कोणीय संघर्ष में फंसे जगदानंद सिंह के बेटे



**पटना (एजेंसी):** बिहार में ४ सीटों- इमामगंज, बेलागंज, तरारी और रामगढ़ पर हो रहे उपचुनाव को विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहा जा रहा है. ऐसे में इस उपचुनाव के लिए सभी दल अपना पूरा जोर लगा रहे हैं. प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने अपने उम्मीदवार उतारकर एनडीए और महागठबंधन के बीच होने वाले मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है. वहीं कुछ सीटों पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी -खचखच् और मायावती की पार्टी इझ्झ भी मुकाबले को और रोमांचक बना सकती है. इस सबके बीच कैमूर जिले की रामगढ़ सीट पर सभी की निगाहें हैं. यह सीट राजद का गढ़ रही है और इस बार यहां दिलचस्प मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है.

इस सीट पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के परिवार का दबदबा देखने को मिलता है. जगदानंद सिंह के अलावा उनके बेटे सुधाकर सिंह भी इस सीट से विधायक बन चुके हैं. सुधाकर सिंह के सांसद बनने पर इस सीट पर उपचुनाव कराना पड़ रहा है. इस उपचुनाव में राजद ने जगदानंद सिंह के छोटे बेटे अजीत कुमार सिंह को टिकट देकर मैदान में उतारा है. अजीत सिंह ने लोकसभा चुनाव से पहले जेडीयू का साथ छोड़कर आरजेडी ज्वाइन की थी. अगर बात करें बीजेपी की तो बीजेपी ने पूर्व विधायक अशोक सिंह पर दांव लगाया है. अशोक सिंह रामगढ़ सीट से तो अभी तक विधायक रहे थे और २०२० विधानसभा चुनाव सुधाकर सिंह से हार गए थे.

प्रशांत किशोर की जन सुराज ने सुशील कुमार कुशवाहा को अपना उम्मीदवार घोषित किया है. बता दें कि कुशवाहा २०१९ में बसपा की टिकट से बक्सर लोकसभा चुनाव में एक लाख से अधिक मत लाए थे. वहीं बसपा ने दुर्गावती से जिला परिषद सदस्य सतीश यादव उर्फ पिंटू यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है. पिंटू यादव रामगढ़ से ही पूर्व विधायक ददन पहलवान के भतीजे हैं. यानी इस बार मामला और भी गजब का हो गया है और राजद उम्मीदवार अजीत सिंह चतुष्कोणीय संघर्ष में फंस गए हैं. जातिगत समीकरण की नजरों से देखे तो रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आबादी के हिसाब से नंबर वन राजपूत जाति है. इनकी संख्या करीब कुल वोटों का २१% है. दूसरे नंबर पर मुस्लिम मतदाता हैं, ये कुल मतों में ८.५% हिस्सेदारी रखते हैं. वहीं ६.८ फीसदी के साथ तीसरे नंबर पर यादव वोटर हैं.

## पप्पू यादव को लॉरेंस विश्नोई गैंग ने दी जान से मारने की धमकी



**पटना (एजेंसी):** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को दो-दो गैंगस्टरों ने धमकी दी है. निर्दलीय सांसद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों ने धमकी दी है. इसी गैंग ने मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की भी जिम्मेदारी ली थी.. और अब पप्पू यादव को धमकाया है. दरअसल, एनसीपी अजीत के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से ही पप्पू यादव को धमकी मिल रही है. पप्पू यादव ने इसकी शिकायत पूर्णिया रेंज के डीआईजी, एसपी के अलावा डीजीपी को भी शिकायत की है. पप्पू यादव को फोन करने वाले लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे ने कहा कि सांसद के सभी ठिकानों की जानकारी उसके भाई के पास है. यही नहीं जेल में रहने के दौरान जैमर बंद करके उसने पप्पू यादव को वीडियो कॉल भी किया था, लेकिन पप्पू यादव ने फोन नहीं उठाया.

बता दें कि झारखंड के जेल में बंद गैंगस्टर अमन के करीबी मयंक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पप्पू यादव को धमकी दी है. मयंक सिंह नाम के फेसबुक अकाउंट से २६ अक्टूबर को पोस्ट किया गया था. पोस्ट में लिखा है कि समाचार पत्रों के जरिए जानकारी मिली है कि बीते दिनों बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव उर्फ राजेश रंजन द्वारा लॉरेंस भाई के बारे में उल्टा-पुल्टा बयान दिया गया था. गैंगस्टर के करीबी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं पप्पू यादव को स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि तुम औकात में रहकर चुपचाप राजनीति करो, ज्यादा इधर उधर तीन-पांच करके टीआरपी कमाने के चक्कर में मत पड़ो.

## अखिलेश के बयान से पुलिस हिरासत में मौत का मामला गरमाया



**लखनऊ (ईएमएस):** चिनहट में पुलिस हिरासत में मोहित पांडेय की मौत के बाद समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सरकार से पूछा है कि जिसकी हिरासत में मोहित की मौत हुई है क्या उन पुलिसवालों के घर पर सरकार बुलडोजर चलाएगी? अखिलेश ने यह भी कहा कि काश, जान लेने वाले मुआवजे में जीवन भी दे सकते तो बेहतर होता।

चिनहट पुलिस की कस्टडी में कारोबारी ३० वर्षीय मोहित पांडेय की मौत का मामला गरमाया हुआ है। मोहित के परिवार ने सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की है। इस दौरान सीएम योगी ने परिवार से घटना के बारे में जानकारी ली और ढांढस बंधाया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में दोषी पुलिसवालों पर कार्रवाई किए जाने भरोसा भी दिया है। साथ ही परिवार को १० लाख रूपये की आर्थिक मदद की है। मोहित पांडेय की मौत के मामले में अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- काश जान लेने वाले मुआवजे में जीवन भी दे सकते। दिवाली पर जिन्होंने किसी के घर का चिराग बुझाया है उम्मीद है वो झूठ के दीये नहीं जलाएंगे, झूठी रोशनी से अपने शासनकाल का घोर काला अंधकार मिटाने की कोशिश नहीं करेंगे।

जनता पूछ रही है, जिसकी हिरासत में मौत हुई है उस पर बुलडोज़र चलेगा? निंदनीय! इससे पहले सपा मुखिया ने कहा था कि- उत्तर प्रदेश की राजधानी में पिछले १६ दिनों में पुलिस हिरासत में मौत (हत्या पढ़ा जाए) का दूसरा समाचार मिला है। नाम बदलने में माहिर सरकार को अब पुलिस हिरासत का नाम बदलकर अत्याचार गृह रख देना चाहिए। पीड़ित परिवार की हर मांग पूरी की जाए, हम उनके साथ हैं।

यह मामला लखनऊ के चिनहट थाने का है। यहां मोहित पांडेय नाम के युवक की पुलिस कस्टडी हिरासत में मौत हो गई थी। मामले में हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप में चिनहट थाना प्रभारी और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। परिजन का आरोप है कि पुलिस ने मोहित को पीट-पीटकर मार दिया है। इस घटना पर विपक्षी दलों ने तगड़ी नाराजगी जताई है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस कस्टडी शब्द को टॉर्चर हाउस में बदल दिया जाना चाहिए, जबकि, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने राज्य में ऐसा जंगल राज स्थापित कर दिया है जहां पुलिस क्रूरता का पर्याय बन गई है।

# चुनाव पूंजीपतियों व गरीब-गुरबा के बीचःसीएम



रांची (एजेंसी): सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को मधुपुर सीट से झामुमो उम्मीदवार हफीजुल अंसारी के नामांकन में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम वोट के अधिकार के साथ आपके पास आए हैं. हमने किसी को कोरोना संक्रमण काल में भूख से मरने नहीं दिया. आपके हक-अधिकार के लिए सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया. लाखों-करोड़ों लोगों को योजनाओं से जोड़ने का काम हुआ. इस चुनाव में एक तरफ पूंजीपतियों की जमात है, तो दूसरी ओर गरीब-गुरुबा.

देखना है कि चुनाव में भाजपा जैसे पूंजीपति जीतेंगे या गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक लोग.

**सरकार बनने के साथ ही गिराने का होने लगा षडयंत्र**

सीएम मे कहा कि सभी को याद होगा कि राज्य में सरकार बनने के साथ ही विपक्ष के लोग सरकार गिराने के षड्यंत्र रचने में लग गए. इस चुनाव में एक ओर पूंजीपति हैं, तो दूसरी ओर गरीब-वंचित लोग. विपक्ष के लोग कहते थे कि हम सरकार नहीं चला सकेंगे. लेकिन आप सभी की ताकत से हमने पूरे ५ साल सरकार को चलाया है.

## बीजेपी के 60 फीसदी सांसद और विधायक दूसरे दलों के : कांग्रेस

रांची (एजेंसी): कांग्रेस ने बीजेपी पर तंज कसा है. प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने कहा है कि देशभर में बीजेपी के ६० फीसदी सांसद और विधायक दूसरे दलों के हैं. खुद प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं. परिवारवाद का जीता जागता उदाहरण झारखंड बीजेपी है. इसमें पूर्णिमा साहू, गीता कोड़ा, मीरा मुंडा, रौशन लाल चौधरी, बाबूलाल सोरेन, भानू प्रताप शाही, पुष्पा देवी का उदाहरण सबके सामने है. हिमंता बिस्वा सरमा को आरोप लगाने से पहले अपने घर के आंगन को देखना चाहिए.

# मम्मी पापा वोट दो अभियान में 17 लाख स्कूली बच्चे हुए शामिल



रांची (एजेंसी): विधानसभा चुनाव २०२४ में राज्य के मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने व विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से मम्मी पापा वोट दो अभियान चलाया गया. सोमवार को इस अभियान में पूरे राज्य के १८,५७० स्कूलों के १७,०६,१८२ बच्चों ने भाग लिया. स्कूली बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को की गयी अपील निश्चित रूप से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित करेगी. बता दें कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के समन्वय के साथ अभियान चलाया गया. अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने पूर्वाह्न ११ से १२ के बीच अपने-अपने माता-पिता/ अभिभावकों को अनिवार्य मतदान के अनुरोध के साथ पत्र लिखकर भावुक अपील की.

**बच्चों ने अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाई**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है. इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाये, वह कम है. बच्चों ने आज अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे. अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया. राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे. उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं की हौसला-अफजाई की.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सभी जिलों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सोमवार को शाम ५:०० बजे से लेकर ७:०० के बीच मम्मी पापा वोट दो हैशटैग के साथ विद्यार्थियों द्वारा दिये गये पोस्टों को एक साथ शेयर किया गया, ताकि इसे ट्रेंडिंग में लाया जा सके और अधिक से अधिक लोगों के बीच इसका प्रचार किया जा सके. इस हैशटैग अभियान के दौरान केवल द (ट्विटर) पर शाम ५ बजे से लेकर ७ के बीच ३० हजार से अधिक पोस्ट किये गये. पूरे देश में यह लगातार टॉप १० में ट्रेंडिंग करता रहा. इसके अलावा सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर ५० हजार से भी अधिक पोस्ट किये गये.

## चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस ने थामा बीजेपी का दामन



रांची (एजेंसी): झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है. पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेज दिया है. पार्टी से इस्तीफा देने के बाद मानस सिन्हा ने बीजेपी का दामन थाम लिया है. झारखंड भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलायी. जानकारी के अनुसार, मानस सिन्हा भावनाथपुर से चुनाव लड़ना चाहते थे. लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जिसकी वजह से वह पार्टी से नाराज चल रहे थे.

## एक मौका दीजिए, आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा: अजयनाथ शाहदेव



रांची (एजेंसी): कांग्रेस प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव ने सोमवार को हटिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान आम जनता से वोट करने की अपील की.

इस दौरान उन्होंने कहा कि आपने पिछले तीन बार से एक आदमी को आजमा कर देख लिया है, इस बार मुझे मौका दीजिए मैं पूरे क्षेत्र में बदलाव लाऊंगा.

मेरा वादा है मैं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काम कर आपके उम्मीदों पर खरा उतरूंगा.

रातु और नगड़ी प्रखंड के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कराऊंगा. एक सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना कराऊंगा. प्रत्येक पंचायत में छात्रों के लाइब्रेरी की स्थापना होगी, जिसमें वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे.

रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं यहीं पर रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे. ये सिर्फ वादा नहीं बल्कि ये सब करने के लिए मैं कृतसंकल्प हूं. इस बार एक मौका आप मुझे दीजिए.

जनसंपर्क कार्यक्रम में कुशल उरांव, झामुमो नेता बेलाल अंसारी, मुखिया सुखदेव उरांव, सोमनाथ उरांव, अतुल राज, सुष्मिता तिर्की,गीता देवी, खुशबू ठाकुर, पार्वती कुमारी सहित कांग्रेस, झामुमो के कार्यकर्तागण सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

## हाईकोर्ट से सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

रांची (एजेंसी): झारखंड हाईकोर्ट ने गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ ९ दिसंबर तक पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है. यह मामला देवघर स्थित परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की सम्पति बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट द्वारा खरीदे जाने से जुड़ा हुआ है. जिसमें उनके ऊपर शिवदत्त शर्मा की ओर से निशिकांत दुबे के खिलाफ जालसाजी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है. जिसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है.

इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में दोनों मामलों की सुनवाई हुई. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की. सोमवार की सुनवाई के दौरान इस केस के पक्षकारों द्वारा जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई. जिसे कोर्ट के स्वीकार करते हुए प्रार्थी के विरुद्ध पीड़क कार्रवाई के आदेश को विस्तार दिया है.

# गर्ल्स हॉस्टल की मालकिन ने गेट पर मारा ताला, कैद हुई सैकड़ों लड़कियां



रांची (एजेंसी): गर्ल्स हॉस्टल की मालकिन ने हॉस्टल के गेट पर ताला मार दिया. जिस वजह से हॉस्टल के अंदर सैकड़ों लड़कियां कैद हो गई. यह मामला लालपुर थाना क्षेत्र स्थित मां सरस्वती गर्ल्स हॉस्टल का है.

दरअसल सोमवार को हॉस्टल की मालकिन ने गेट पर ताला लगा दिया है, जिससे छात्राएं अंदर ही बंद हो गईं. यह घटना थड़पखना के तारा बाबू लेन में हुई है. जब इस मामले की सूचना पुलिस को मिली, तो उनकी टीम तुरंत मौके पर पहुंची. बताया जा रहा है कि हॉस्टल की मालकिन लाली कच्छप की दबंगई से मोहल्ले के निवासी परेशान हैं.

उन्होंने खाली जमीन के मुख्य गेट को जाम कर दिया है. इसके अलावा कुछ अन्य हॉस्टल के गेट भी वेल्डिंग कर बंद किए गए हैं. लाली कच्छप ने जमीन के मालिकाना हक को लेकर कई बिल्डिंग के गेट बंद कर दिए हैं, जिससे मोहल्ले के कई लोगों की गाड़ियां भी फंस गई हैं.

छात्राओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनकी स्कूटी भी अंदर ही फंसी हुई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जल्द ही उचित कार्रवाई करने की योजना बना रही है.

## कभी नहीं डरा है झारखंड मुक्ति मोर्चाः सीएम



रांची (एजेंसी): सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं डरा है. काफी सारे लोग चुनावी अखाड़े में हैं. लकड़बग्घे की तरह इनको नोंचने में लगे हैं.

ध्यान रखिएगा ये जगन्नाथ महतो का क्षेत्र है. सीएम सोमवार को डुमरी में झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी के नामांकन के दौरान बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने तो हम झुके ही नहीं तो इन छोटे-छोटे लोगों के सामने क्या झुकेंगे. सीएम ने कहा कि इस बार पूरे अधिकार से वोट मांगने आए हैं. जिन हालातों में बेबी देवी ने चूल्हा चौका से निकलकर जगन्नाथ महतो के रास्ते को अपनाया है, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है.

पांच साल हमलोगों ने काफी उतार-चढ़ाव देखे. इन पांच सालों में बड़ी-बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ी. अगली बार फिर से सरकार बनाएंगे.

# डुमरी मामले में आयुक्त की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गयीः के रवि कुमार




रांची (एजेंसी): सोमवार को निर्वाचन सदन में प्रेसवार्ता के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि रविवार को गिरिडीह के डुमरी में चेकनाका पर चेकिंग के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया. पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं हुई थी. जबकि निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशा निर्देश है कि पारदर्शिता के लिए वाहन जांच के दौरान वीडियो रिकार्डिंग करानी है. अगर जांच के क्रम में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलती है, तो किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता. उन्होंने कहा कि पूरे मामले में ऊत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त की जांच रिपोर्ट मिल चुकी है. उसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग को भेजा जा चुका है.

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर सोमवार को प्रत्याशियों के नामांकन की स्क्रूटनी की गयी. कुछ लोगों के मामले में नोटिस देकर उन्हें मंगलवार की सुबह ११ बजे तक पक्ष रखने के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा समय दिया गया है. एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर कुल ५७ नये बूथ बनाये गये हैं. निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि आवास से बूथ की दूरी २ किमी. से अधिक नहीं होनी चाहिए. उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक ८६.३३ करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है. वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ कुल २० प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है.

# पारा शिक्षकों के वेतन और समायोजन पर हेमंत सरकार ने कुछ नहीं कियाः बाबूलाल



रांची (एजेंसी): भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को गिरिडीह जिले की धनवार विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया.

नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि कांग्रेस के सरकार में गांव से आने-जाने के लिए कोई साधन नहीं था। कांग्रेस पार्टी ने ६० साल तक देश में राज की, लेकिन कभी भी गांवों की इन्होंने चिंता नहीं की.

**भाजपा सरकार बनते ही पारा शिक्षकों के वेतन में होगी वृद्धि**

गठबंधन सरकार और सीएम हेमंत सोरेन से मेरे द्वारा अपील की गई थी कि जो पारा टीचर हैं, जिन्होंने टेट पास किया है उन सबका आप समायोजन कर दीजिए. हमने कहा था कि जो टेट पास नहीं हैं, उनकी वेतन वृद्धि कर दीजिए, लेकिन उन्होंने कुछ भी नहीं किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेतृत्तव में सरकार बनी थी तब पारा शिक्षकों की भी बहाली भाजपा सरकार ने कराई थी. अगर राज्य में भापजा की सरकार बनेगी तो उनके वेतन में वृद्धि की जाएगी. साथ ही जनता से भाजपा के पंचप्रण का संकल्प पूरा करने की बात कही.

भाजपा सरकार बनेगी तो गोगो दीदी योजना को पहले कैबिनेट में लागू की जाएगी. योजना के तहत महीने की ११ तारीख को मां बहनों के खाते में २१०० रुपये डाली जाएगी. झारखंडियों को ५०० रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा.

साल में पर्व के अवसर पर २ गैस सिलैंडर मुफ्त में मिलेगा. साथ ही बीए और एमए पास कर रोजगार के लिए इधर उधर भटकने वाले बच्चों को दो हजार रुपये २ साल तक दिया जाएगा, ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सकें और अपने मां बाप पर २ साल तक बोझ नहीं बन सके. झारखंड में २ लाख ८७ हजार सरकारी नौकरी के लिए पद खाली हैं.

सरकार बनते ही पहले कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा. अगले साल के १५ नवंबर तक यानी एक वर्षों के अंदर में एक लाख सरकारी नौकरी में बहालियां होंगी और पांच वर्षों में २ लाख ८७ हजार पदों को भरने का काम किया जाएगा. भाजपा सरकार बनने पार २१ लाख गरीबों का घर बनाया जाएगा. यह पूरे पांच वर्षों में पूरा होगा.

## कांग्रेस ने बोकारो से श्वेता सिंह और धनबाद से अजय दूबे पर खेला दांव



रांची (एजेंसी): कांग्रेस में बोकारो और धनबाद से अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. पार्टी ने बोकारो से श्वेता सिंह को उम्मीदवार बनाया है. जबकि धनबाद से अजय दूबे कांग्रेस के उम्मीदवार है.

## गोवर्धन पर्व 2 नवंबर को मनाया जाएगा

रांची (एजेंसी): गोवर्धन पर्व दो नवंबर को मनाया जाएगा. इस साल गोवर्धन पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि १ नवंबर को सांय ६ बजकर १६ मिनट से प्रारंभ हो रहा है. इसका समापन अगले दिन २ नवंबर को रात ८ बजकर २१ मिनट पर होगा. बताते चलें कि गोवर्धन पूजा में गायों की पूजा की जाती है. मान्यता के अनुसार, एक बार भगवान इंद्र बृजवासियों से क्रोधित हो गए और भारी बारिश कर दी. भगवान इंद्र के प्रकोप से बृजवासियों को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली से उठा लिया था, तभी से हर वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है. यह पर्व इंद्रदेव पर भगवान श्री कृष्ण की जीत का प्रतीक है.

# भाजपा लोगों के लिए कुछ नहीं करती, इसलिए मैं इसे बड़का झूठा पार्टी कहता हूं : तेजस्वी यादव



रांची (ईएमएस): राजद नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा पर निशाना साधा।

राजद उम्मीदवार संजय प्रसाद यादव के लिए झारखंड के गोड्डा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने लोगों के विकास के लिए काम किया और उन्हें आर्थिक और सामाजिक न्याय दिया।

यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले पांच सालों में सरकार को अस्थिर करने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा, भाजपा लोगों को धोखा देने के लिए झूठे वादे करती है। यह लोगों के लिए कुछ नहीं करती। इसलिए मैं इसे बड़का झूठा पार्टी कहता हूं।

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पिछले पांच सालों में झारखंड ने तेज गति से प्रगति की है।

उन्होंने कहा, सोरेन पांच साल तक भाजपा से परेशान रहे। उन्होंने एक स्थिर सरकार को गिराने का प्रयास किया, जो गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के लिए काम कर रही थी, लेकिन वे विफल रहे क्योंकि हम यहां एकजुट थे। राजद नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों को डराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुई।

उन्होंने कहा, यहां एक आदिवासी सीएम को जेल भेज दिया गया। लेकिन, उन्हें इस चुनाव में करारा जवाब मिलेगा। यादव ने भरोसा जताया कि झारखंड में गठबंधन सत्ता में वापस आएगा और राज्य तेज गति से विकास करता रहेगा।

# इरफान और आलमगीर से हिसाब बराबर करने में मुझे एक घंटा भी नहीं लगेगाः हिमंता



रांची : असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा सोमवार को शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर, जामा से सुरेश मुर्मू और दुमका से सुनील सोरेन के नामांकन में शामिल हुए और नामांकन जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की. सीएम को उन्हें घसीटकर जेल भेजना चाहिए था. आलमगीर आलम के पास से अवैध करोड़ों रुपए बरामद किए गए. इसके बावजूद उनकी पत्नी को टिकट दिया गया. उनके खिलाफ जो कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए थी, वह नहीं हुई. अगर मुझे जिम्मेवारी मिलती तो इरफान और आलमगीर आलम से हिसाब बराबर करने में एक घंटा भी नहीं लगता. एक घंटा में हिसाब बराबर कर देता.

**हेमंत सोरेन वोट बैंक के कारण घुसपैठिए पर कुछ नहीं बोलते**

हेमंत सोरेन आदिवासियों के नेता नहीं हैं, वे घुसपैठियों के सरदार बन चुके हैं. संथाल में घुसपैठिए २० प्रतिशत हो गए हैं. झारखंड में जब भाजपा की सरकार बनेगी, हमलोग कानून के रास्ते से घुसपैठिए को लात मारकर बाहर निकालेंगे. यह चुनाव संथाल परगना को घुसपैठिए से मुक्त दिलाने के लिए लड़ रहे हैं. यह लड़ाई तब तक लड़ते रहेंगे, जब तक एक-एक घुसपैठिए को भी संथाल से बाहर न कर दें. अगर पिता आदिवासी नहीं है और वह घुसपैठी है तो उसे आदिवासी का दर्जा नहीं दिया जाएगा. भाजपा का वादा है, अगर कोई आदिवासी बेटी किसी घुसपैठी से शादी करती है, तो आदिवासी समाज जब तक अधिकृत नहीं करेगी, तब तब उस परिवार को मुखिया का चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा.

**भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में करेंगे सीजीएल परीक्षा कैंसल**

भाजपा सरकार बनते ही जो भी लोग जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक करवाने का काम किए हैं. चाहे वह कितना ही बड़ा व्यक्ति हो उसे जेल में बंद करने का काम करेंगे. भाजपा युवा साथी के भविष्य के साथ किसी को खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं देगी. झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही पहली कैबिनेट बैठक में सीजीएल परीक्षा कैंसल करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी है कि २ माह के अंदर निष्पक्ष सीजीएल परीक्षा करवाई जाएगी.

# शत-प्रतिशत मतदाता सूचना पर्ची का वितरण करेंगे सुनिश्चित



**बोकारो (ससे):** विधानसभा आम चुनाव २०२४ के तहत आगामी २० नवंबर २०२४ को मतदान होना है। मतदान के सफल संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के समय प्रबंधन को बेहतर करने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) के निर्देशानुसार जिले के बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के बीएलओ सुपरवाइजर का विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर उनके कर्तव्य - दायित्व से पुन: अवगत कराया जाना है।

इसी क्रम में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में टाउन हाल सभागार में ३६ बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों के बीएलओ सुपरवाइजर के बीच विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। जहां क्रम वार उनके कार्य - दायित्व के संबंध में विस्तार से बताया गया।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन में बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ)- बीएलओ सुपरवाइजरों का अहम रोल है। सभी अपने कर्तव्य-दायित्व के निष्पादन में गंभीरता बरतें। उन्होंने सभी को अबसेंट, शिफ्टेड एवं डेथ (एएसडी) मतदाताओं की सूची तैयार करने को कहा। सूची तैयार करने में किसी तरह की कोई चूक नहीं हो, इसका ध्यान रखें। वहीं, शतप्रतिशत मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप (मतदाता सूचना पर्ची) का वितरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने, मतदान केंद्र के मतदाताओं के बीच (बीएजी के माध्यम से) विभिन्न गतिविधि का आयोजन करने का निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि ८५ प्लस बुजूर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से होम वोटिंग के इच्छुक मतदाताओं से फार्म १२ डी प्राप्त कर निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ताकि ससमय सभी जरूरी तैयारी पूरी कर ली जाएं। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने की बात कहीं। उन्होंने समन्वय बनाकर मतदान केंद्रों में उपलब्ध होने वाली सुविधाओं (फर्निचर,मेडिकल किट,व्हील चेयर आदि) को सुनिश्चित कराने/ व्यवस्था करने, केंद्र को आकर्षक रूप से सजावट करने का निर्देश दिया। साथ ही, ब्लैक एंड वाइट ईपीक कार्ड वाले मतदाता को भी चिन्हित कर सूची तैयार करने को कहा, ताकि आगे उनका रंगीन ईपीक कार्ड बनाया जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि मतदान केंद्र पर बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करेंगे। कोई भी अपने मन से किसी कार्य को नहीं करेगा। सभी मतदान केंद्रों की निगरानी होनी है, मतदान केंद्र का वेब-कास्टिंग होना है, कई केंद्रों पर माईक्रो ऑब्जर्वर तैनात रहेंगे। इसलिए कहीं कोई चूक नहीं होनी चाहिए। मतदान के दौरान समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ/बीएलओ सुपरवाइजर को सम्मानित करने की बात कहीं।

इससे पूर्व, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सुमन गुप्ता ने बीएलओ सुपरवाइजरों को उनके कार्य, कर्तव्य - दायित्व के संबंधि में विस्तार से बताया। अगर किसी मतदाता के पास ईपीक नहीं है, तो वह कौन से १२ अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों को दिखाकर मतदान कर सकते हैं, इसकी जानकारी दी। मतदान केंद्र को स्वच्छ सुंदर रखने/बनाने, वोलेंटियर के माध्यम से कतार प्रबंधन कराने, ससमय वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण करने आदि के संबंध में विस्तार से बताया।

मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो, नोडल पदाधिकारी बोकारो आदि उपस्थित थे।

# झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में मुख्यमंत्री ने की सभा

**डुमरी (ससे):** आइएनडीआइए गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में सोमवार को केबी हाई स्कूल के मैदान में आयोजित नामांकन सभा में झारखण्ड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम आज आपके बीच वोट मांगने आए हुए हैं।इन पांचों सालों में बहुत उतार चढ़ाव हुआ है।पहले हम किस तरह दिखते हैं अभी हमारी हालत कैसे हो गई है।मेरे कार्यकाल में कोरोना काल में दो दो मंत्रियों को खोया है।

हाजी हुसैन एवं जगरनाथ दा को खोया हैं जो भरपाई कभी नहीं हो सकती है।आज हमने मैया बहनों को मैया सम्मान योजना के तहत पैसा आप सबके खाते में गया है।जिसे बढ़ा कर २५ सौ रूपए कर दिया गया है। ये डुमरी विधानसभा जगरनाथ बाबू का कर्म भूमि है।इस भूमि को सींचने में कोई कसर नहीं छोड़ा था।आज आप सब भी वोट देकर झामुमो की सरकार बनाइए और हमारी हाथों को



मजबूत कीजिए। श्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों को २ लाख का कर्ज माफ किया है। बिजली बिल माफ किया वहीं २०० यूनिट बिजली फ्री किया है जो आज तक किसी ने नहीं किया। जबकि मंत्री बेबी देवी ने कहा कि मैया सम्मान योजना की राशि जो आपके खाते में गई है वह आपकी सम्मान के लिए दिया गया है।

ये सम्मान योजना मेरे पति स्वर्गीय जगरनाथ बाबू का वचन था। जिसे मैंने पूरा किया ओर भविष्य में पूरा करूंगा। हम सभी ग्रामीण जनता को अपना भाई-बहन, बेटा- बेटी समझ कर काम करता हूं और करता रहूंगा।जिस तरह से मैंने आपको सम्मान दिया है उसी तरह से मैं हाथ जोड़कर आप सब से सम्मान की अपील करती हूं मुझे तीर धनुष में २० नवंबर को वंटन दबाकर विजयी बनावें। अअध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो उर्फ राजू व संचालन बरकत अली ने किया।सभा में झामुमो एवं कांग्रेस के कई नेता उपस्थित थे।

## डीएमओ ने पेटरवार में चलाया छापेमारी अभियान

**बोकारो (ससे):** डीईओ सह डीसी विजया जाधव के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में विभाग लगातार विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चला रही है। इसी क्रम में टीम ने देर रात पेटरवार थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाया।

## 15 लोगों ने लिया नामांकन प्रपत्र

बोकारो (ससे): विधानसभा चुनाव २०२४ अंतर्गत बोकारो जिलों के चारों विधानसभा क्षेत्र (३४ गोमिया, ३५ बेरमो, ३६ बोकारो एवं ३७ चंदनकियारी) की अधिसूचना जारी होने के सातवें दिन सोमवार को नाम निर्देशन के लिए कुल १५ लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया, जो अबतक चारों विधानसभा में कुल लोगों ने लिया है।

# बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत

**बोकारो (ससे):** इस वर्ष २८ अक्टूबर से ३ नवंबर, २०२४ तक की अवधि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाई जा रही है. इस पृष्ठभूमि में बीएसएल के इस्पात भवन में २८ अक्टूबर को निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उदघाटन किया.



इस अवसर पर अधिशासी निदेशक(परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री राजन प्रसाद , अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री जयदीप दासगुप्ता, बी जी एच के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ, श्री ज्ञानेश झा सहित मुख्य महाप्रबंधकगण एवं वरीय अधिशासी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ सरदार वल्लभभाई पटेल को बीएसएल के वरीय अधिकारीयों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया. तदुपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी को निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई. मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ श्री ज्ञानेश झा ने उपस्थित समूह को सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी.

उद्घाटन समारोह के दौरान भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, गृह मंत्री, राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और सीवीसी के संदेश को पढ़ा गया. कार्यक्रम में डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर ९/ई के बच्चों द्वारा समाज से भ्रष्टाचार मिटाने की आवश्यकता के विषय पर एक नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया गया. निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में सभी को व्यावसायिक शिष्टाचार, कामकाज में नैतिकता और सत्यनिष्ठा के मूल्यों को अपनाने का सन्देश दिया. कार्यक्रम का संचालन एवं समापन पर धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती चित्रा पराशर, वरीय प्रबंधक (सतर्कता) ने किया.

## मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को दिया संदेश

**बोकारो (ससे):** विधानसभा चुनाव, २०२४ अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चास नगर निगम कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह ने किया। यह रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू हुई जो धर्मशाला मोड़ होते हुए चेकपोस्ट चास व गरगा पुल तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली में मतदाताओं को आगामी २० नवंबर २०२४ को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली के दौरान लोगों को स्लोगन व संदेश के माध्यम से जागरूक किया।

# महाप्रबंधक ने भ्रष्टाचार के खिलाफ दिलाई प्रतिज्ञा




**चित्तरंजन (ससे):** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) के सतर्कता विभाग द्वारा सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह (२८ अक्टूबर से ०३ नवंबर तक) २०२४ का आयोजन किया जा रहा है।

जिसका शुभारंभ प्रशासनिक भवन में आज २८ अक्टूबर को आयोजित 'सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा' ग्रहण कार्यक्रम के साथ किया गया। हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक/ चिरेका द्वारा उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को ईमानदारी और सत्य निष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस मौके पर पी. के. खत्री, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित सभी विभाग के प्रधान अध्यक्ष,वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे। ई प्लेड्ज के माध्यम से भी कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण किया। विभिन्न कार्यालयों और वर्कशॉप के अंदर में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की सतर्कता शपथ भी दिलाई गई।

ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष चिरेका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है। सतर्कता विभाग द्वारा विभिन्न दिवसों पर आयोजित विविध कार्यक्रम आयोजन के बाद ०३ नवंबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन किया जायेगा।

# सेल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत



**बोकारो (ससे):** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आज सेल में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए २८ अक्टूबर से ३ नवंबर, २०२४ तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सेल के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश, निदेशक (वाणिज्यिक) वीएस चक्रवर्ती, निदेशक (वित्त) श्री एके तुलसियानी, निदेशक (कार्मिक) श्री के के सिंह, निदेशक (तकनीकी, परियोजनाएं और कच्चा माल) श्री ए के सिंह, और सेल के सीवीओ, श्री एस एन गुप्ता ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करके की। इसके बाद, सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने सेल के सभी सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सेल के देश भर में स्थित संयंत्रों और इकाइयों में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन होगा, जिनका उद्देश्य सेल में नैतिक मानकों को सुदृढ़ बनाना है। इन गतिविधियों में स्लोगन लेखन, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिताएं और इंटरएक्टिव सेशन्स इत्यादि शामिल हैं। सेल के संयंत्रों और इकाइयों में सेल कार्मिक, सेल परिवार के सदस्य और छात्र इन गतिविधियों में भाग लेंगे। इस सतर्कता जागरूकता सप्ताह अभियान की अवधि (१५ अगस्त से १५ नवंबर, २०२४ तक) के दौरान, सेल के संयंत्रों और इकाइयों में सेल टाउनशिप के एथिक्स क्लबों द्वारा हितधारकों और स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए ग्राम सभा, विक्रेता बैठकें, कार्यक्रम/गतिविधियां जैसे विभिन्न आउटरीच कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने सेल कार्मिकों को संबोधित किया और कहा कि सत्यनिष्ठा केवल अनुपालन के बारे में नहीं है, यह एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करने के बारे में है, जहां नैतिक व्यवहार ज़रूरी स्वभाव है। ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारे संगठन की सफलता को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कारक है। सेल के सीवीओ, श्री एस एन गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा प्रणालियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# छात्रों के बीच निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो (ससे):** सतर्कता विभाग के तीन माह के सतर्कता जागरूकता अभियान -२०२४ के अन्तर्गत आज दिनाँक २८ अक्टूबर को डीएवी इस्पात विद्यालय, सेक्टर ०९/ई में विद्यार्थियों के बीच निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के विषय पर आयोजित स्लोगन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में स्कूल के ८५ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था.



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महा प्रबंधक (सतर्कता) एवं ए सी वी ओ श्री ज्ञानेश झा के साथ सतर्कता विभाग के सहायक महाप्रबंधक श्री शनि रंजन, स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार तथा शिक्षकगण उपस्थित थे.

स्कूली छात्रों के बीच आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके प्रारंभिक शिक्षा में नैतिक मूल्यों और अखंडता को विकसित करने के लिए जागरूकता फैलाना था. सीनियर ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता तथा जूनियर ग्रुप के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजान किया गया. कार्यक्रम के विजेताओं को दिनाँक ०२.११.२०२४ को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा.

# उत्पाद विभाग ने की व्यापक छापेमारी

**बोकारो (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार देर रात एवं सोमवार सुबह उत्पाद विभाग ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया गया। मौके से उत्पाद टीम ने १६२ लीटर विदेशी शराब, बियर ४६.८० लीटर, देशी शराब ९०.०० लीटर, जावा महुआ ३००० किलो एवं तैयार महुआ शराब २०० लीटर को जब्त किया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल,अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंद्रपुरा महेश दास उपस्थित थे। जानकारी हो कि विधानसभा आम निर्वाचन २०२४ को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

# स्टार कॉन्टेस्ट में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**बोकारो (ससे):** विद्यार्थियों के भीतर छिपी कलात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो की सीनियर इकाई में स्टार कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। इसका फाइनल राउंड सोमवार को संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य और दृश्य-कला में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर सबकी भरपूर सराहना पाई। मंच पर कोई कल का गायक, कोई वादक तो कोई भविष्य का स्टार डांसर नजर आया। विद्यालय के कालिदास कला भवन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत वाद्य-यंत्र कैटेगरी में तबला वादन प्रतियोगिता से हुई। इसमें विभिन्न तालों पर फिरकियों की तरह तबले पर नाचती उनकी उंगलियां उनके कलात्मक कौशल को परिलक्षित कर रही थीं।

चक्करदार परन, तिहाई, कायदा, गत आदि के साथ विभिन्न तालों का सुंदर




प्रस्तुतीकरण सराहनीय रहा।

इसी प्रकार, अगले चरण में बैंड कैटेगरी में आर्केस्ट्रा प्रतियोगिता हुई, जिसमें की-बोर्ड, गिटार, क्लैप बॉक्स व अन्य वाद्य यंत्रों पर उन्होंने जोश से भरी ऊर्जावान प्रस्तुति दी। वाद्य यंत्रों पर प्रतिभागियों ने सुर-ताल व लयकारी का आकर्षक सम्मिश्रण तथा उत्कृष्ट सामंजस्य प्रस्तुत किया। रॉक बैंड में छात्राओं की भी सराहनीय सहभागिता रही। वहीं, एकल गायन प्रतियोगिता में किसी ने सदाबहार गाने, किसी ने शास्त्रीय तो किसी ने गजल सुनाकर सबकी भरपूर सराहना बटोरी। इसके बाद इस कड़ी में अंतिम प्रस्तुति में नृत्य प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने शारीरिक स्फूर्ति और लयबद्धता का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। बाल श्रम, बालिकाओं पर अत्याचार, गरीबी, मातृत्व प्रेम आदि का संदेश देतीं नृत्य-प्रस्तुति ने सबको भाव-विभोर कर दिया।

बेहतर प्रदर्शन के आधार पर वाद्ययंत्र कैटेगरी की तबला-वादन प्रतियोगिता में केशव नंदन (कक्षा १०) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोहम (कक्षा १०) व रमन चतुर्वेदी (कक्षा ९) संयुक्त रूप से दूसरे तथा आयुष राज (कक्षा ११) तीसरे स्थान पर रहे। बैंड में भाविनी सिन्हा एंड ग्रुप, ओम राज एंड ग्रुप तथा अविनीश झा एंड ग्रुप क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे।

एकल गायन में ध्रुव ज्योति (कक्षा ६), प्रसून पंकज (कक्षा १२) तथा पीयूष (कक्षा ११) ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार, नृत्य में सोफिया अकील (कक्षा ११) प्रथम, रिमिक बी. सूर्या (कक्षा ९) द्वितीय तथा लेनिशा (कक्षा ७) एवं स्पर्शी सरकार (कक्षा ६) संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि, दृश्यकला की ग्रुप कैटेगरी में अर्जित अनुकूल, सोहम राज एवं शीतल राजपूत की टीमें तथा दृश्यकला (एकल) में आरुष श्रीवास्तव, सायी धानी तथा इशांक राज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने हुनर के प्रति अपना जुनून बनाए रखें और अपनी प्रतिभा को निखारें। विद्यालय उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने तथा तराशने का हर अवसर और मंच प्रदान करने की दिशा में कटिबद्ध है। प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के निर्णायकों में जय प्रकाश सिन्हा, अमित दासगुप्ता, आभा कुमारी झा और रोशन मिश्रा शामिल थे।

# पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने किया वृक्षारोपण

**हाजीपुर (ससे):** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के मार्गदर्शन में संगठन की सदस्याओं द्वारा दिनांक २८.१०.२०२४ को पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में वृक्षारोपण किया गया। संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि हमारे आसपास हरियाली रहे, साथ ही साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती रंजना कुमार, सचिव श्रीमती मीनाक्षी



कुमार, कोषाध्यक्षा श्रीमती अर्चना कुमारी, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं ने भी वृक्षारोपण में भाग लिया ।



दीवाली का त्योहार पांच दिन तक चलता है। इसकी शुरुआत होती है धनतेरस से। दीवाली से दो दिन पहले से ही यानी धनतेरस से ही दीपामालाएं सजने लगती हैं। धनतेरस धन-सम्पत्ति और अच्छी स्वास्थ्य के लिए मनाया जाता है। देवताओं को अमर करने के लिए भगवान विष्णु धनवंतरि के अवतार इसी दिन समुद्र से अमृत का कलश लेकर निकले थे। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन धनवंतरि का जन्म हुआ था इसलिए इस तिथि को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। निरोग रहने के लिए धनवंतरि की पूजा की जाती है। धनतेरस पर धनवंतरि की पूजा करने से लक्ष्मी जी प्रसन्न होकर दीपावली में धन-वर्षा करती हैं।

# भगवान धनवंतरी व यम पूजन का दिन धनतेरस

मनुष्य को अपने स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क के लिए भगवान धनवंतरी का पूजा करनी चाहिए। प्रकाष पर्व का आज प्रथम दिन है। शास्त्रों के अनुसार आज के दिन शाम को घर के मुख्य द्वार पर यमराज के निमित्त एक अन्न से भरे पात्र में दक्षिण मुख करके दिपक रखने एवं यमराज से प्रार्थना करने पर असामयिक मृत्यु से बचा जा सकता है। ऐसा करने से दीर्घ जीवन व आरोग्य की प्राप्ति होती है। आधुनिक समय में डॉक्टर व चिकित्सा पेषे से जुड़े लोग भगवान धनवंतरी की विषेष पूजा अर्चना कर सकते हैं। देवी लक्ष्मी धन की देवी है और धन की प्राप्ति के लिए स्वस्थ रहना भी जरूरी है और यही कारण है कि धन की देवी की पूजा से दो दिन पहले ही स्वास्थ्य के देवता की पूजा की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार एक बार भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ पृथ्वी पर घूमने आए। कुछ देर बाद भगवान विष्णु ने लक्ष्मी को एक स्थान पर ही ठहरने का कह कर दक्षिण दिषा की आरे प्रस्थान किया। परन्तु माता लक्ष्मी ने भगवान विष्णु की आज्ञा नहीं मानी और उनके पीछे पीछे चल दी। कुछ दूरी पर चलने के बाद एक गन्ने का और एक सरसों का खेत मिला, माता लक्ष्मी सरसों के फूल से श्रंगार करने लगी और गन्ना तोड़कर चूसने लगी। भगवान लौटे तो उन्होंने माता लक्ष्मी को गन्ना चूसते हुए देखा। इस पर भगवान विष्णु क्रोधित हो गए और माता लक्ष्मी को श्राप दे दिया कि जिस किसान का यह खेत है उसके यहाँ तुम रहो और बारह साल तक किसान की सेवा करो। ऐसा कहकर भगवान विष्णु अर्न्तध्यान हो गए और माता लक्ष्मी वहीं किसान के घर रह कर किसान की सेवा करने लगी। किसान बहुत गरीब था और किसान की ऐसी दषा देखकर माता लक्ष्मी द्रवित हो जाती है और उसकी पत्नी को देवी लक्ष्मी अर्थात् अपनी ही मूर्ति की पूजा करने को कहती है। किसान की पत्नी प्रतिदिन माता लक्ष्मी की मूर्ति की पूजा करती है और 12 साल जहाँ माता लक्ष्मी स्वयं वास करे वहाँ दरिद्रता कैसे रह सकती है। इस प्रकार माँ लक्ष्मी किसान को धन धान्य व सम्पत्ति से परिपूर्ण कर देती है। जब बारह साल पूर्ण हो जाते हैं तो भगवान विष्णु लक्ष्मी को लेने आते हैं पर वह किसान माता लक्ष्मी को जाने नहीं देता है। वह हठ कर लेता है और माता का दामन पकड़ कर रोक लेता है। जब भगवान विष्णु किसान को चार कौड़ियॉं देते हैं और कहते हैं कि तुम परिवार सहित गंगा स्नान करने जाओ और इन कौडियों को गंगा जल में छोड़ देना जब तक हम यहीं रहेंगे। किसान ऐसा ही करता है। जैसे ही किसान गंगाजी में कौडिया छोड़ता है गंगाजी के अंदर से चार हाथ बाहर निकलते हैं। किसान पूछता है कि ये हाथ किसके हैं तो माता गंगा कहती है कि ये हाथ मेरे हैं और तुम्हें जिसने ये कोडिया दी है वे भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी है अतः तुम उनको अपने घर से वापस मत जाने देना वरना तुम वापस दरिद्र हो जाओगे। वापस आने पर किसान को भगवान विष्णु पूरी बात समझाते हैं और हठ नहीं करने का कहते हैं। तब माता लक्ष्मी किसान को कहती है कि अगर तुम मुझे रोकना चाहते हो तो कल धनतेरस है तुम अपने घर को साफ सुथरा रखना और रात में घी का दिपक जलाना और मैं तुम्हारे घर आऊँगी उस वक्त तुम मेरी पूजा करना परन्तु मैं अदृष्य रहूँगी। किसान ने देवी लक्ष्मी की बात मान ली और उन्हें जाने दिया और बताई विधि से माँ लक्ष्मी की धनतेरस को पूजा की। ऐसा करने से उसका घर वैभव से सम्पन्न हो गया। इस प्रकार किसान प्रतिवर्ष माता लक्ष्मी की पूजा करने लगा। तब से धनतेरस को दिपक जलाकर माता की पूजा की प्रथा चली आ रही है।



एक और प्रसंग के अनुसार एक बार यमदूतों से यमराज को कहा कि अकाल मृत्यु से हमारे मन भी पसीज जाते हैं और हम नहीं चाहते कि किसी की अकाल मृत्यु हो। यमराज ने कहा कि हम भी क्या करें विधि के विधान के आगे हमारी भी नहीं चलती और हमें अकाल मृत्यु जैसा अप्रिय काम करना पड़ता है। तब यमराज ने अकाल मृत्यु का उपाय बताते हुए कहा कि धनतेरस के दिन विधि विधान से पूजा करने से और दीपदान करने से अकाल मृत्यु से छुटकारा मिलेगा। अतः जहाँ और जिस घर में ऐसा पूजन और दीपदान होगा वहाँ अकाल मृत्यु का भय नही होगा। यहीं से धनतेरस के दिन धनवंतरी के साथ यमपूजन की प्रथा भी चालू हुई।

## धनतेरस के दिन पीतल के बर्तनों को खरीदना शुभ होता है

समृद्धि, यश और वैभव का पर्व धनतेरस के दिन धन के देवता कुबेर और मृत्यु के देवता सुर्यपुत्र यमराज की पूजा का बड़ा महत्त्व है, हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास के त्रयोदशी तिथि को मनाए जाने वाले इस महापर्व के बारे में पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन देवताओं के वैद्य धनवंतरी ऋषि अमृत कलश सहित सागर मंथन से प्रकट हुए थे, जिस कारण इस दिन धनतेरस के साथ.साथ धनवंतरी जयंती भी मनाया जाता है। चूंकि पीतल भगवान धनवंतरी की धातु मानी जाती है, इसलिए इस दिन पीतल खरीदना भी शुभ माना जाता है।

नई चीजों के शुभ कदम के इस पर्व में मुख्य रूप से नए बर्तन या सोना.चांदी खरीदने की परंपरा है, आस्थावान भक्तों के अनुसार चूंकि जन्म के समय धनवंतरी के हाथों में अमृत का कलश था, इसलिए इस दिन बर्तन खरीदना अति शुभ होता है। इस दिन घरों को साफ़-सफाई, लीप-पोत कर स्वच्छ और पवित्र बनाया जाता है। शाम के समय रंगोली बना दीपक जलाकर धन और वैभव की देवी मां लक्ष्मी का आवाहन किया जाता है। कहा जाता है कि इसी दिन यमराज से राजा हिम के पुत्र की रक्षा उसकी पत्नी ने किया था। जिस कारण दीपावली से दो दिन पहले मनाए जाने वाले ऐश्वर्य का त्यौहार धनतेरस पर सांयकाल को यमदेव के निमित्त दीपदान किया जाता है, इस दिन को यमदीप दान भी कहा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से यमराज के कोप से सुरक्षा मिलती है और पूरा परिवार स्वस्थ रहता है।

## धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ क्यों माना जाता है?

शब्द 'धनतेरस' दो संस्कृत शब्दों से बना है: 'धन' का मतलब धन है, और 'तेरस' का अर्थ हिंदू कैलेंडर के अनुसार 13वें दिन से है। धनतेरस को दिवाली, रोशनी के त्योहार, से दो दिन पहले मनाया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह देश में आभूषण, सिक्के और सोने की छड़ें खरीदने का सबसे बड़ा अवसर होता है? आइये थोड़ा गहराई में जाकर पता करें कि धनतेरस पर सोना खरीदने का अनुष्ठान वास्तव में अस्तित्व में कैसे आया था।

एक पुरानी किंवदंती के अनुसार, राजा हिम के बेटे पर श्राप की एक रोचक कहानी धनतेरस से जुड़ी है। राजा हिम के 16 वर्षीय बेटे पर श्राप ऐसा था कि उसकी शादी के चौथे दिन उसकी मृत्यु हो जानी थी। इस श्राप के बारे में पता चलने के बाद, राजकुमार की पत्नी ने अपने पति को बचाने के लिये एक योजना बनाई। उसने अपने पति से अनुरोध किया कि वे अपनी शादी के चौथे दिन सोयें नहीं। उसने सारा सोना, गहने, और सिक्के इकट्ठा करके उनको पति के कमरे के दरवाजे के आगे लगा दिया। उसने घर के चारों ओर जितने दीपक वो जला सकती थी जलाये। उसके बाद उसने रात भर बैठकर कई गीत और कहानियां सुनाई ताकि वह अपने पति को सोने से रोक सके। जल्द ही, भगवान यमराज एक साँप के रूप में राजा हिम के पुत्र को लेने के लिए आये। लेकिन विभिन्न गहनों, दीपक, और सिक्कों की उज्ज्वल चमक ने उनको अंधा कर दिया और वह पति के कक्ष में प्रवेश नहीं कर सके। इसके बजाय, वह गहने के ढेर के ऊपर बैठ गये और उन्होंने वे सभी अलग-अलग मधुर गीत सुने जो बेटे की पत्नी गा रही थी। जब सुबह हुयी तो यमराज ने राजकुमार को बिना कोई नुकसान पहुंचाये छोड़ दिया। तब से, धनतेरस को 'यमदीपदान' भी कहा जाता है। मृत्यु के भगवान, यमराज, की स्मृति में लोग अपने घरों में रात भर दीपक जलाते हैं। यह भी एक वजह है कि धनतेरस पर लोग सोने के गहने या सिक्के क्यों खरीदते हैं। धनतेरस सभी के लिए एक त्योहार है, लेकिन यह सोने में निवेश करने वाले पूरे व्यापारिक समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। धनतेरस आमतौर पर लक्ष्मी पूजा के एक दिन पहले आता है, और कहा जाता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी सभी भक्तों पर अपने आशीर्वादों की बौछार करती है। नई चीजें या सोना खरीदना धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का स्वागत करने का एक तरीका माना जाता है। भगवान कुबेर, धन के भगवान की भी इसी दिन पूजा की जाती है। वास्तव में, धनतेरस पर भक्त कुबेर-लक्ष्मी पूजा करते हैं। ऐसा माना जाता है कि सोना - धन - खरीदना अच्छे भाग्य का प्रतीक है। यही वजह है कि लोग सोने के गहने या सोने के सिक्के खरीदते हैं, जिन पर देवी लक्ष्मी या भगवान गणेश की तस्वीरें होती हैं।



## धनतेरस के दिन क्या करें?

- इस दिन धन्वंतरिजी का पूजन करें दीपक प्रज्वलित कर घर, दुकान आदि को श्रृंगारित करें।
- मंदिर, गोशाला, नदी के घाट, कुआँ, तालाब, बगीचों में भी दीपक लगाएँ।
- यथाशक्ति तांबे, पीतल, चाँदी के गृह-उपयोगी नवीन बर्तन व आभूषण क्रय करें।
- स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, बावड़ी, कुआँ, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाएँ।
- भगवान कुबेर पर फूल चढ़ाएँ - श्रेष्ठ विमान पर विराजमान, गरुड़मणि के समान आभावाले, दोनों हाथों में गदा एवं वर धारण करने वाले, सिर पर श्रेष्ठ मुकुट से अलंकृत तुंदिल शरीर वाले, भगवान शिव के प्रिय



## धनतेरस पर अपनाएं ये आसान उपाय

धनतेरस को भगवान धनवंतरि का त्योहार माना जाता है, जो समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। धनतेरस के दिन धनवंतरि भगवान की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। साथ ही व्यक्ति का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। धनतेरस के इस पर्व को और भी ज्यादा खास बनाने के लिए आप कुछ आसान टोटके भी अपना सकते हैं। इनके प्रयोग से रातों-रात आपकी किस्मत पलट जाएगी और आपको मनचाहा परिणाम मिलेगा।

- धनतेरस के दिन सुबह उठते सबसे पहले अपने दोनों हाथों को जोड़ लें। फिर एक-दूसरे हाथों की लकीरों को मिलाकर चंद्रमा की आकृति बनाने की कोशिश करें। फिर अपनी हथेलियों की रेखाओं को ध्यान से देखें। इसके बाद अपने हाथों को चूमते हुए अपने चेहरे पर इसे तीन बार फेरे। इससे आपको सकारात्मकता का अनुभव होगा।
- धनतेरस पर शाम ढलने के बाद 13 दीपक जलाएं। उसके पास 13 कौड़ियां रखें। फिर आधी रात के बाद ये कौड़ियां घर के किसी कोने में गाड़ दें। इससे अचानक आपको बहुत धन लाभ होगा।
- इस दिन 13 दीपक घर के अंदर और 13 घर के बाहर रखें। इससे दरिद्रता एवं अधंकार दूर होता है, जो मां लक्ष्मी एवं भगवान कुबेर को आपके घर में आने का निमंत्रण देगा। इस उपाय से नकरात्मक ऊर्जा भी दूर होती है।
- धनतेरस के दिन अपने परिवार के सदस्यों के लिए सामान या उपहार खरीदें, लेकिन इस दिन कभी भी अपने दोस्तों व अन्य बाहरी लोगों के लिए सामान न खरीदे, क्योंकि ऐसा करने से लक्ष्मी जी आपका साथ छोड़कर दूसरे के पास चली जाएंगी।
- यदि आपके पास धन नहीं टिकता है या धन की हमेशा कमी रहती है, तो इस धनतेस से दीपावली के दिन तक आप मां लक्ष्मी को पूजा के दौरान लौंग जरूर चढ़ाएं। पूजन के दौरान केवल एक लौंग का जोड़ा अर्थात दो लौंग चढ़ाना है। ध्यान रहे कि लौंग साबुत हो, टूटी न हो।
- लाल के अतिरिक्त सफेद चीजों से मां लक्ष्मी बहुत प्रसन्न होती हैं। इसलिए धनतेरस के दिन यदि आप चीनी, बताशा, खीर, चावल, सफेद कपड़ा आदि अन्य सफेद वस्तुएं दान करते हैं तो आपको कभी धन की कमी नही होगी। आपकी जमापूंजी बढ़ेगी। साथ ही आपके कार्यों में आ रहीं बाधाएं भी दूर होंगी।
- धनतेरस का एक सबसे अचूक तरीका यह है कि इस दिन किसी किन्नर को अवश्य दान दें और उससे एक या दो रुपए का एक सिक्का मांग लें। यदि किन्नर आपको वो सिक्का खुशी से दे तो बहुत अच्छा रहता है। अन्यथा आप उनसे इसके लिए निवेदन भी कर सकते हैं। किसी किन्नर से लिए उस सिक्के को अपनी तिजोरी व पर्स में रखें इससे हमेशा धन बना रहता है।
- इस दिन यदि आपके द्वार पर कोई भिखारी, जमादार या गरीब व्यक्ति आया हो तो उसे कभी खाली हाथ न भेजें। अपने सामर्थ्य अनुसार आप कुछ न कुछ उसे जरूर दें। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और आपको समृद्धि का आशीष देती हैं। इससे आपको हर कार्य में अपार सफलता भी मिलेगी।
- यदि आपको किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करनी हो, तो इस धनतेरस आप उस पेड़ की टहनी तोड़ कर घर लाएं, जिस पर चमगादड़ बैठता हो। इस टहनी को अपने घर के ड्राइंग रुम में रखें। ऐसा करने से आपको समाज में सम्मान मिलेगा। साथ ही धन की भी प्राप्ति होगी।
- धनतेरस के दिन गाय माता को हरा चारा जरूर खिलाएं इससे घर में समृद्धता आएगी। इसके अलावा आप इस दिन घर में खाना बनाने के पश्चात पहला हिस्सा गाय के लिए जरूर रखें। अन्न के इस भाग को गौ माता को खिलाने से धन-धान्य में बढ़ोत्तरी होती है।
- इस दिन आप किसी मंदिर में जाकर केले का पेड़ व कोई सुगंधित पौधा लगाएं। जैसे-जैसे ये वृक्ष बड़े होंगे आपको जीवन में उतनी ही ज्यादा सफलता मिलेगी। इससे आपको नौकरी में पदोन्नति एवं व्यापार में तरक्की मिलेगी।
- धनतेरस के दिन कभी भी किसी की बुराई न करें। यदि आपसे किसी की शत्रुता भी है तो आप उसे भुलाकर एक नई शुरुआत करने की पहल करे। इस दिन किसी से लड़ाई-झगड़ा भी न करे। इससे घर में शांति और सकारात्मकता आती है।
- धनतेरस की पूजा से पहले एवं बाद में दक्षिणावर्ती शंख में जल भरकर घर में चारों तरफ थोड़ा-थोड़ा छिड़कें। इससे घर में मां लक्ष्मी का आगमन होता है। इसके अलावा यह जल पूजा में शामिल लोगों पर भी छिड़कें। इससे मन पवित्र होता है।
- इस दिन नए बर्तनों के अतिरिक्त घर में नई झाडू भी लानी चाहिए। इससे मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इसके अलावा घर में रखी झाडू पर कभी पैर नहीं लगाना चाहिए। झाडू को कभी खड़ा करके न रखें।

## धनतेरस पूजा विधि और शुभ मुहूर्त



दिवाली भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। दिवाली पर्व का आरंभ धनतेरस से होता है। पांच दिनों तक चलने वाले इस पर्व के पहले दिन धन तेरस मनाया जाता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन ही धन्वन्तरि का जन्म हुआ था इसलिए इस तिथि को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। धन्वन्तरी जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरी क्योकि कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। इस साल यह पर्व 17 अक्तूबर 2017 को मनाया जा रहा है। धन तेरस के दिन धन के देवता कुबेर और मृत्यदेव यमराज की पूजा-अर्चना को विशेष महत्त्व दिया जाता है। इस दिन को धनवंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है।

### पौराणिक कथा

यह तिथि विशेष रूप से व्यापारियों के लिए अति शुभ माना जाता है। महर्षि धन्वंतरि को स्वास्थ्य के देवता के रूप में पूजा जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार सागर मंथन के समय महर्षि धन्वंतरि अमृत कलश लेकर अवतरित हुए थे। इसीलिए इस दिन बर्तन खरीदने की प्रथा प्रचलित हुई। यह भी माना जाता है कि धनतेरस के शुभावसर पर चल या अचल संपत्ति खरीदने से धन में तेरह गुणा वृद्धि होती है। एक और कथा के अनुसार एक समय भगवान विष्णु द्वारा श्राप दिए जाने के कारण देवी लक्ष्मी को तेरह वर्षों तक एक किसान के घर पर रहना था। माँ लक्ष्मी के उस किसान के रहने से उसका घर धन-समाप्ति से भरपूर हो गया। तेरह वर्षो उपरान्त जब भगवान विष्णु माँ लक्ष्मी को लेने आए तो किसान ने माँ लक्ष्मी से वहीं रुक जाने का आग्रह किया। इस पर देवी लक्ष्मी ने कहा किसान से कहा कि कल त्रयोदशी है और अगर वह साफ-सफाई कर, दीप प्रज्वलित करके उनका आह्वान करेगा तो किसान को धन-वैभव की प्राप्ति होगी। जैसा माँ लक्ष्मी ने कहा, वैसा किसान ने किया और उसे धन-वैभव की प्राप्ति हुई। तब से ही धनतेरस के दिन लक्ष्मी पूजन की प्रथा प्रचलित हुई।

### धनतेरस पूजा विधि

धनतेरस की संध्या में यमदेव निमित्त दीपदान किया जाता है। फलस्वरूप उपासक और उसके परिवार को मृत्युदेव यमराज के कोप से सुरक्षा मिलती है। विशेषरूप से यदि गृहलक्ष्मी इस दिन दीपदान करें तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है।

बर्तन खरीदने की परंपरा को पूर्ण अवश्य किया जाना चाहिए। विशेषकर पीतल और चाँदी के बर्तन खरीदे क्योंकि पीतल महर्षि धन्वंतरी का अहम धातु है। इससे घर में आरोग्य, सौभाग्य और स्वास्थ्य लाभ की प्राप्ति होती है। व्यापारी इस विशेष दिन में नए बही-खाते खरीदते हैं जिनका पूजन वे दीवाली पर करते हैं। धनतेरस के दिन चाँदी खरीदने की भी विशेष परंपरा है। चन्द्रमा का प्रतीक चाँदी मनुष्य को जीवन में शीतलता प्रदान करता है। चूंकि चाँदी कुबेर की धातु है, धनतेरस पर चाँदी खरीदने से घर में यश, कीर्ति, ऐश्वर्य और संपदा की वृद्धि होती है।

संध्या में घर मुख्य द्वार पर और ऑंगन में दीप प्रज्वलित किए जाते हैं और दीवाली का शुभारंभ होता है।

### धनतेरस 2017 शुभ मुहूर्त

धन तेरस तिथि - 17 अक्तूबर 17, मंगलवार
धनतेरस पूजन मुर्हुत - सायं 07:19 बजे से 08:17 बजे तक
प्रदोष काल - सायं 05:45 से रात्रि 08:17 बजे तक
वृषभ काल - सायं 07:19 बजे से रात्रि 09:14 बजे तक
त्रयोदशी तिथि प्रारंभ - मध्यरात्रि 00:26 से, 17 अक्तूबर 17
त्रयोदशी तिथि समाप्त - सायं 00:08 बजे, 18 अक्तूबर 17

## धनवंतरी से मांगे आरोग्य का वरदान

हिन्दू धर्म में धनवंतरी देवताओं के वैद्य माने गए हैं। धनवंतरी महान चिकित्सक थे। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनवंतरी भगवान विष्णु के अवतार समझे गए हैं। समुद्र मंथन के दौरान धनवंतरी का पृथ्वी लोक में अवतरण हुआ था। शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय, त्रयोदशी को धन्वंतरी, चतुर्दशी को काली माता और अमावस्या को भगवती लक्ष्मी जी का सागर से प्रादुर्भाव हुआ था। इसीलिए दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस को भगवान धनवंतरी का जन्म धनतेरस के रूप में मनाया जाता है। भगवान धनवंतरी को प्रसन्न करने का अत्यंत सरल मंत्र है - **ऊँ धन्वंतरये नमः॥**

### इन मंत्रों से प्रसन्न होते हैं भगवान धनवंतरी

ऊँ नमो भगवते महासुदर्शनाय वासुदेवाय धन्वंतराये
अमृतकलश हस्ताय सर्व भयविनाशाय सर्व रोगनिवारणाय
त्रिलोकपथाय त्रिलोकनाथाय श्री महाविष्णुस्वरूप
श्री धनवंतरी स्वरूप श्री श्री श्री औषधचक्र नारायणाय नमः॥

### पवित्र धनवंतरी स्तोत्र

ऊँ शंखं चक्रं जलौकां दधदमृतघटं चारुदोर्भिश्चतुर्मिः।
सूक्ष्मस्वच्छातिहृद्यांशुक परिविलसन्मौलिमंभोजनेत्रम॥
कालाम्भोदोज्ज्वलांगं कटितटविलसच्चारूपीतांबराढ्यम।
वन्दे धन्वंतरिं तं निखिलगदवनप्रौढदावाग्निलीलम॥

# न्यूजीलैंड से हार के बाद गौतम गंभीर नहीं जाएंगे साउथ अफ्रीका? लक्ष्मण जाएँगे हेड कोच बनकर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड से मिली दो मैचों में शर्मनाक हार के बाद गौतम गंभीर को लेकर बड़ी खबर है। क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो टीम इंडिया के हेड कोच साउथ अफ्रीका दौरे पर



नहीं जाएंगे। उनकी जगह वीवीएस लक्ष्मण भारत के दक्षिण अफ्रीका के छोटे दौरे के लिए मुख्य कोच होंगे। वह मौजूदा राष्ट्रीय कोच गौतम गंभीर की जगह लेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने क्रिकबज को इस फैसले की पुष्टि की।

चार मैचों की यह सीरीज पहले तय नहीं थी। हाल ही में बीसीसीआई और क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने इसे कराने का फैसला किया। भारत 8, 10, 13 और 15 नवंबर को क्रमशः डरबन, गेबेरा, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग में 4 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। टीम 3 नवंबर के आसपास रवाना होगी। दूसरी ओर, बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम 10-11 नवंबर को रवाना होगी। ऐसे में गौतम गंभीर टीम इंडिया के साथ बीजीटी मिशन पर रहेंगे, जो भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में काम करने वाले कर्मचारी और अन्य कोच, जैसे साईराज बहुतुले, ऋषिकेश कानिटकर और सुभादीप घोष, लक्ष्मण के अधीन कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे। बहुतुले (मुख्य कोच), कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और घोष (फील्डिंग कोच) भारत की उभरती हुई टीम का हिस्सा थे, जिसने ओमान में एशिया इमर्जिंग कप टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। सौराष्ट्र के सीतांशु कोटक और केरल के मजहर मोइदु, दोनों एनसीए से जुड़े हैं, रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली भारत ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 25 अक्टूबर (शुक्रवार) को चार टी20 मैचों के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत के घरेलू सत्र के बीच में दक्षिण अफ्रीका के दौरे को शेड्यूल करने की कुछ आलोचना हुई थी। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने एक आर्टिकल में लिखा था- अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले दक्षिण अफ्रीका में चार मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली 'ए' टीम भी होगी, इसलिए प्रभावी रूप से लगभग 50 से 60 खिलाड़ी प्रीमियर राष्ट्रीय टूर्नामेंट, रणजी ट्रॉफी में अपनी राज्य टीमों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इस दौरे का एक सकारात्मक पहलू यह है कि यह आईपीएल नीलामी से पहले हो रहा है, चार मैच इस बात का संकेत दे सकते हैं कि फ्रैंचाइजी किस पर पूरी तरह से दांव लगा रही हैं।

### भारतीय टी20 टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान)
अभिषेक शर्मा
संजू सैमसन (विकेट कीपर)
रिंकू सिंह
तिलक वर्मा
जितेश शर्मा (विकेट कीपर)
हार्दिक पंड्या
अक्षर पटेल
रमनदीप सिंह
वरुण चक्रवर्ती
रवि बिश्नोई
अर्शदीप सिंह
विजयकुमार वैशाक
आवेश खान
यश दयाल

# महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा

## सलीमा टेटे को कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई। नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, 'एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैम्पियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।

उन्होंने कहा, 'हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे



पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर** - सविता, बिचू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर** - उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।
**मिडफील्डर** - नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।
**फॉरवर्ड** - नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग टीम की मारक क्षमता को बढ़ाएंगी। सुशीला और ब्यूटी चोट से उबरने के बाद टीम से वापसी कर रही है। भारतीय उपकप्तान नवनीत ने कहा, 'हमें अपनी तैयारी और एक दूसरे के साथ पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उत्साहजनक है और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, सलीमा के साथ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा रहा और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आईपीएल 2025 के लिए पूरन सहित इन प्लेयर्स को रिटेन कर सकता है लखनऊ सुपर जायंट्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज निकोलस पूरन, भारतीय सितारे मयंक यादव और रवि बिश्नोई और मोहसिन खान और आयुष बदोनी



की अनकैप्ड जोड़ी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) द्वारा रिटेन किए जाने की संभावना है। बल्लेबाज केएल राहुल को रिटेन किए जाने की संभावना नहीं है, दोनों पक्षों द्वारा अंतिम समय में मन बदलने को छोड़कर, एलएसजी के पास नीलामी में एक राइट-टू-मैच (आरटीएम) कार्ड होगा।

इन पांच सितारों को किस राशि के लिए साइन किया गया है, इसकी सटीक राशि अभी तक पता नहीं चली है, लेकिन आईपीएल के रिटेंशन स्लैब के आधार पर एलएसजी के पर्स से 51 करोड़ रुपए काट लिए जाएंगे। यदि भुगतान की गई राशि इससे अधिक है, तो प्रत्येक फ्रैंचाइजी को अपनी टीम बनाने के लिए दिए गए 120 करोड़ रुपए के पर्स से अधिक राशि काट ली जाएगी।

शीर्ष रिटेंशन पूरन होंगे, उसके बाद मयंक और बिश्नोई का नम्बर आएगा। 2024 के आईपीएल में 14 मैचों में 499 रन और तीन अर्द्धशतक के साथ बाएं हाथ का यह खिलाड़ी रन-स्कोरिंग चार्ट में केवल केएल (14 मैचों में चार अर्द्धशतक के साथ 520 रन) से पीछे था और इस साल टी20 क्रिकेट में हावी रहा है, जिसमें 68 मैचों में एक शतक और 15 अर्द्धशतक के साथ 160.90 की स्ट्राइक रेट से 2,251 रन हैं। वह पहले हाफ के दौरान अंतरिम कप्तान और विकेटकीपर भी थे, जब केएल चोट के कारण बाहर हो गए थे।

# पाकिस्तान में विश्व विजेता कोच की बेइज्जती...

## 6 महीने के अंदर कर्स्टन को छोड़ना पड़ा पद

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के साथ मतभेद होने के कारण उन्होंने यह फैसला किया। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था।

पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना



इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार कर्स्टन ने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी और पीसीबी के साथ मतभेद के कारण अपना पद छोड़ा। इससे पहले पीसीबी ने टीम के चयन से जुड़े उनके अधिकार वापस ले लिए थे, जिसे मतभेद का मुख्य कारण माना जा रहा है। टीम का चयन करना अब विशेष रूप से चयन समिति का क्षेत्र है।

दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व बल्लेबाज पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से पहले इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स का बल्लेबाजी कोच था। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम को तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाना है। उसकी टेस्ट टीम ने हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-1 से हराया था।

# फिटनेट को लेकर भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने क्रिकेट फैंस और बीसीसीआई से माफी मांगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह



अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं।

शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन' पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रूकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे।

इस 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस में सुधार कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं। लेकिन बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हूं, आप सभी को प्यार।

शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। उम्मीद है कि वह नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के अगले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

### यूरोपियन क्लब कप शतरंज

# नोवी बोर चैस क्लब ने तीसरी बार जीता यूरोपियन चैस क्लब कप



**बनयाह , सर्बिया (एजेंसी)।** स्पेन के नोवी बोर चैस क्लब ने यूरोपियन चैस क्लब कप 2024 के 39वें संस्करण में सुपरचैस को 3.5-2.5 से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। ग्रैंडमास्टर डेविड एंटोन गुइजारो ने जीएम जोर्डन वैन फॉरेस्ट को हराकर निर्णायक जीत हासिल की, जबकि बाकी पांच खेल ड्रॉ रहे। नोवी बोर की यह तीसरी ख़िताबी जीत है, इससे पहले उन्होंने 2013 और 2022 में यह खिताब जीता था। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने 6 में से 4 अंक और पेंटाला हरिकृष्णा ने 3.5 का स्कोर किया और दोनों ही अपराजित रहे। विदित अब 2739.2 की रेटिंग के साथ विश्व में 14वें स्थान पर पहुँच गए है , अंतिम दो राउंड में विदित नें शीर्ष बोर्ड पर पहले हमवतन अर्जुन एरीगैसी और फिर डी गुकेश को ड्रॉ पर रोकते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने में खास भूमिका अदा की ।

# धोनी आईपीएल 2025 में खेलेंगे या नहीं

## महान विकेटकीपर बल्लेबाज ने दिया साफ संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी।

आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक प्रचार कार्यक्रम में कहा, 'मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं।



उन्होंने कहा, 'मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं।

पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे। धोनी ने 2023 में बाएं घुटने की सर्जरी कराने के बाद 2024 के आईपीएल सत्र के दौरान निचले क्रम में बल्लेबाजी की। भारत के पूर्व कप्तान ने बताया कि यह निर्णय मुख्य रूप से टी20 विश्व कप से पहले युवा भारतीय खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देने के लिए किया गया था।

धोनी ने कहा, 'मेरी सोच सरल थी, अगर अन्य लोग अपना काम अच्छा कर रहे हैं तो मुझे ऊपरी क्रम में आने की जरूरत क्यों है। अगर आप विशेष रूप से पिछले साल (सत्र) के बारे में बात कर रहे हैं, तो टी20 विश्व कप टीम की घोषणा जल्द ही होने वाली थी। इसलिए हमें उन लोगों को मौका देना होगा राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में थे।

भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, 'हमारी टीम (सीएसके) में (रविंद्र) जडेजा और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ी थे जिन्हें भारतीय टीम में आने के लिए खुद को साबित करने का मौके चाहिये थे। मेरे लिए इसमें कुछ भी नहीं था, कोई चयन नहीं और अन्य चीजें। इसलिए मैं (निचले क्रम में खेलते हुए) अच्छा हूं और मैं जो कर रहा था उससे मेरी टीम खुश थी।

# इमर्जिंग एशिया कप टी20 में अफगानी बल्लेबाज की धूम

## आईपीएल 2025 ऑक्शन में दांव लगा सकती है ये 4 टीमें

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का नया चक्र नीलामी से शुरू होगा और 10 टीमें अपनी रिटेंशन सूची को अंतिम रूप देने और फिर अपनी टीम बनाने के लिए बोली लगाने की जंग में लगेंगी। नीलामी के लिए कई बड़े नाम होंगे, जिन्हें बड़ी रकम मिलने की संभावना है। इस बीच अफगानिस्तान का एक युवा खिलाड़ी बड़ी छाप छोड़ सकता है। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल मौजूदा इमर्जिंग एशिया कप टी20 में धूम मचा रहे हैं और 104 की औसत और 161 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ चार मैचों में 313 रन बनाए हैं।

उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई हैं और अफगानिस्तान ए को टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पास जबरदस्त बल्लेबाजी कौशल के साथ-साथ पावर-हिटिंग भी है। इसके साथ ही बड़ी पारियां खेलने की उनकी क्षमता ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आईपीएल 2025 में चार आईपीएल टीमें जो सेदिकुल्लाह अटल को साइन करने की



दौड़ में हैं।

**लखनऊ सुपर जायंट्स** - लखनऊ को एक सलामी बल्लेबाज की जरूरत है और अगर दक्षिण अफ्रीकी को बरकरार रखा जाता है तो सेदिकुल्लाह अटल क्विंटन डी कॉक जैसे किसी खिलाड़ी के लिए बैकअप विकल्प हो सकते हैं। इस युवा खिलाड़ी में बहुत संभावनाएं हैं और एलएस उन्हें लाने पर विचार कर सकता है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** - विराट कोहली के बने रहने के साथ आरसीबी सिदिकुल्लाह अटल जैसे किसी खिलाड़ी को ला सकता है और उन्हें शीर्ष पर रख सकता है। कोहली का संतुलित दृष्टिकोण और अटल की आक्रामकता इस जोड़ी को उनके लिए एक आदर्श संयोजन बना सकती है। साथ ही, कोहली जैसे खिलाड़ी के साथ अफगान युवा खिलाड़ी खेल के बारे में बहुत कुछ सीखेंगे।

**कोलकाता नाइट राइडर्स** - केकेआर ने रहमानुल्लाह गुरबाज को अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन अफगान खिलाड़ी को शायद रिटेन न किया जाए। अगर नाइट्स नीलामी में गुरबाज को फिर से साइन करने में विफल रहती है, तो वे सुनील नरेन जैसे किसी खिलाड़ी के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में अटल पर नजर रख सकते हैं।

**पंजाब किंग्स** - पंजाब के पास नीलामी में सबसे बड़ी राशि होने की संभावना है और इसका मतलब है कि अगर अटल जैसे खिलाड़ी नीलामी में देर से आते हैं, तो वे अतिरिक्त पैसे दे सकते हैं। पंजाब की टीम में अस्थिर कोर के साथ, वे अटल को इसका हिस्सा बनाकर एक मजबूत इकाई बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

# मयंक यादव की किस्मत खुल गई

## एक सीजन पहले सिर्फ 20 लाख फीस थी, अब करोड़ों में खेलेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सीजन से पहले होने वाली मेगा नीलामी के लि पूरी तरह तैयार है। फ्रैंचाइजी ने अपनी कोर टीम को बरकरार रखने का फैसला किया है। यानी निकोलस पूरन, मयंक यादव और रवि बिश्नोई तो फ्रैंचाइजी रिटेन करने जा रही है जबकि कप्तान केएल राहुल की विदाई तय है। सूत्रों की माने तो विस्फोटक बल्लेबाज और विकेटकीपिंग भी जानने वाले निकोलस पूरन को कप्तानी मिलना लगभग तय है।

इस बीच मयंक यादव पर पैसों की बरसात होती दिख रही है। चंद साल के भीतर ही फ्रैंचाइजी से वह करोड़ों की फीस लेने वाले हैं। 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में सक्षम मयंक यादव ने अपने पहले ही सीजन में धमाल मचाते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और भारतीय टीम में जगह बना ली। चोट के बावजूद, आईपीएल 2024 के जिन चार मैच में उन्हें खेलने का मौका, मयंक ने उसमें स्टंप के परखच्चे उड़ाकर रख दिए।

**भारत के नए रफ्तार के नए सौदागर का नाम मयंक यादव** - मयंक एक सीजन पहले तक लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए सिर्फ 20 लाख रुपये में खेल रहे थे और अब उन्हें करोड़ों



रुपये मिलने वाले हैं। एलएसजी की मुख्य गेंदबाजी लाइनअप प्रतिभाशाली लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ और मजबूत हुई है, जिन्हें 2022 मेगा नीलामी में अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया था। सीजन के दौरान, बिश्नोई एलएसजी के लिए एक मैच विजेता के रूप में विकसित हुए हैं, जिससे एलएसजी को 2022 और 2023 में प्लेऑफ तक पहुंचने में मदद मिली। दरअसल, मयंक यादव ने अपनी आग उगलती गेंदों से फैंस को उमरान मलिक की याद दिला दी है, जिन्होंने 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल डेब्यू करने के बाद जमकर सुर्खियां बटोरी थीं। आईपीएल 2022 में उनकी 157 किमी प्रति घंटे की स्पीड लीग के इतिहास में चौथी सबसे तेज बॉल बनी थी। मगर मयंक यादव के खेल पर नजर डाले तो उनकी गेंदों में गति के साथ-साथ नियंत्रण भी होता है। घातक तेज गेंदबाज बनने के लिए दोनों का सही कॉम्बिनेशन जरूरी है। मयंक यादव ने दिखाया है कि उनके पास दोनों हथियार हैं, यहां उमरान मलिक पर पर वह भारी पड़ते हैं।

आईपीएल 2024 में सनराजर्स हैदराबाद ने अबतक तीन मैच खेल लिए हैं, लेकिन उमरान मलिक को सिर्फ एक मुकाबले में ही मौका दिया गया, वो भी सिर्फ एक ही ओवर। जिसमें उन्होंने बिना कोई विकेट लिए 15 रन लुटाए। उमरान मलिक के आईपीएल करियर में भी धीरे-धीरे गिरावट आ रही है, उन्होंने आईपीएल 2022 में 14 मैच खेले और 22 विकेट लिए। खराब फॉर्म के कारण उन्हें आईपीएल 2023 में केवल आठ मैच खेलने को मिले, जहां 43.40 की घटिया औसत और 10.85 की इकॉनमी रेट से सिर्फ पांच विकेट मिले। ब्रायन लारा ने खुले तौर पर टीम से बाहर होने के पीछे उनकी खराब फॉर्म को कारण बताया था।

## पीएम मोदी ही रुकवा सकते हैं युद्ध, प्रधानमंत्री की लीडरशिप के मुरीद हुए जेलेंस्की, बताया यूक्रेन को भारत पर भरोसा?



कीव , एजेंसी।
रूस-यूक्रेन युद्ध के ढाई साल से ज्यादा वक्त हो चुके हैं। इस युद्ध में हजारों लोगों ने जान गंवा दी है। युद्ध थमने के कुछ आसार नहीं दिख रहे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दोनों देशों से शांति की अपील कर रहे हैं।

इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक बार फिर पीएम मोदी की तारीफ की है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति का मानना है कि पीएम मोदी, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इसमे कोई शक नहीं है कि पीएम मोदी युद्ध रुकवा सकते हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम मोदी के प्रयास से वास्तव में युद्ध पर लगाम लग सकता है। इस युद्ध को खत्म कराने की कोशिश में पीएम मोदी की बड़ी अहमियत है। बता दें कि प्रधानमंत्री, दुनिया के एकमात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने युद्ध के बीच रूस और यूक्रेन का दौरा किया था।

**सर्दी ने बढ़ाई राष्ट्रपति जेलेंस्की की टेंशन:** बता दें कि कुछ दिनों में यूक्रेन और रूस में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। सर्दी में युद लड़ना दोनों देशों के सैनिकों के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस बात को लेकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह यूक्रेन और यूक्रेनी लोगों के लिए तीसरी कठिन सर्दी है। हम कदम-दर-कदम अपनी ऊर्जा प्रणालियों को मजबूत कर रहे हैं। हम रूस की सेना को मुहतोड़ जवाब देंगे।

**यूद्ध को लेकर पीएम मोदी ने की फिर पुतिन से बात:** समिट में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने रूस का दौरा किया था। भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में पीएम मोदी ने एक बार फिर राष्ट्रपति पुतिन के सामने रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत हमेशा शांति की वकालत करता आया है और शांति से ही युद्ध का हल निकल सकता है। हालांकि पीएम मोदी के इस बयान पर जेलेंस्की ने कड़ी टिप्पणी की थी।

जेलेंस्की ने कहा कि भारत का यह कहना कि हम शांति लाने के लिए काम करने के लिए तैयार हैं, यह पर्याप्त नहीं है। भारत का एक्शन भी दिखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी एक बड़े देश के प्रधानमंत्री हैं। ऐसा देश केवल यह नहीं कह सकता कि हम युद्ध की समाप्ति में रुचि रखते हैं। पीएम मोदी युद्ध की समाप्ति को समाप्त करवाने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### बोलीविया के पूर्व राष्ट्रपति की हत्या का प्रयास, कार पर की गई गोलीबारी

**सूक्रे, एजेंसी।** बोलीविया के पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस ने दावा किया है कि रविवार को उनकी कार पर अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। यह कथित हमला मोरालेस और उनके सहयोगी से प्रतिद्वंद्वी बने वर्तमान राष्ट्रपति लुइस एर्से के बीच हाल ही में सत्ता संघर्ष के बीच हुआ है तथा इस हमले में उन्हें कोई चोट नहीं पहुंची। मोरालेस (65) ने हिंसा के लिए राष्ट्रपति एर्से की सरकार को दोषी ठहराया और कहा कि यह बोलीवियाई प्राधिकारियों द्वारा उन्हें राजनीति से अलग-थलग करने के लिए एक समन्वित अभियान का हिस्सा था। यह घटना सत्तारूढ़ 'मूवमेंट टूवर्ड सोशलिज्म या एमएएस के शीर्ष पदों पर मतभेदों के बीच हुई है। मोरालेस और उनके पूर्व वित्त मंत्री आर्से अगले साल होने वाले चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करने के लिए लड़ रहे हैं। विभाजित एमएएस पार्टी के मोरालेस-गठबंधन वाले गुट ने एक बयान में कहा कि काले कपड़े पहने भारी हथियारों से लैस कुछ लोग दो वाहनों में आए और मोरालेस के काफिले पर घात लगाकर हमला किया। इसमें कहा गया है कि गोलियां पूर्व राष्ट्रपति के सिर से ''कुछ ही सेंटीमीटर दूर से निकलीं। राष्ट्रपति आर्से ने हमले की निंदा की और जांच का अनुरोध किया।

### मिशेल ओबामा ने मिशिगन में कमला हैरिस के समर्थन में की रैली, पुरुषों से की खास अपील



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने पुरुषों से अपील की है कि वे कमला हैरिस का समर्थन करें ताकि वह अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें। यह अपील उन्होंने शनिवार को मिशिगन में एक रैली के दौरान की, जो अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं। मिशेल ओबामा ने चेतावनी दी कि अगर डोनाल्ड ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बनते हैं, तो महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने गर्भपात के संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा- कुछ पुरुष गुस्से में ट्रंप को वोट दे सकते हैं, लेकिन इस गुस्से का असर परिवारों पर पड़ेगा। यदि आप इस चुनाव में सही व्यक्ति को नहीं चुनते हैं, तो आपकी पत्नी, बेटी, मां और हम सभी महिलाओं को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### रूस के जंगलों में गिरा हेलीकॉप्टर, पायलट और डॉक्टरों समेत 4 की मौत

**मास्को, एजेंसी।** रूस के जंगल में एक हेलीकॉप्टर (एयर एम्बुलेंस) अचानक गिर पड़ा, जिससे पायलट और हेलीकॉप्टर में सवार तीन डॉक्टरों समेत चार लोगों की मौत हो गई। जांच एजेंसियों ने घटनास्थल से जले हुए मलबे को बरामद किया है। मलबा इतनी बुरी तरह जल चुका है कि शवों की पहचान में मुश्किल हो रही है। तीन शव हेलीकॉप्टर के पास और एक अन्य शव काफी दूर पाया गया है। हादसा रूस के जंगलों में हुआ, जो मॉस्को से लगभग 400 मील दूर है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हादसा क्यों हुआ। पुलिस अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के बीच हादसे से पहले क्या बातचीत हुई थी।

## ब्रिटिश सांसद ने व्यक्ति को पीट पीटकर जमीन पर पटका, लेबर पार्टी ने किया निलंबित



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में लेबर पार्टी ने अपने एक सांसद को एक वीडियो सामने आने के बाद निलंबित कर दिया जिसमें वह एक व्यक्ति को मारते और उसे पीट पीटकर जमीन पर गिराते दिख रहे हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के रनकॉर्न एंड हेल्स्बी संसदीय क्षेत्र से सांसद माइक एम्सबरी को शनिवार सुबह हुई इस घटना की जांच होने तक निलंबित कर दिया गया है। 'मेल ऑनलाइन को प्राप्त निगरानी फुटेज में 55 वर्षीय एम्सबरी फुटपाथ पर एक व्यक्ति के चेहरे पर मुक्का मारते हुए और उसे पीट पीटकर सड़क पर गिराते हुए दिख रहे हैं।

वीडियो में यह भी साफ नजर आ रहा है कि एम्सबरी जब खुद नीचे गिर गए तब भी उन्होंने व्यक्ति को मारना जारी रखा, जबकि अन्य लोग शोर मचाते और उन्हें रुकने के लिए कहते दिख रहे हैं। एम्सबरी ने शनिवार को एक बयान जारी कर कहा था कि उन्होंने अधिकारियों से संपर्क किया है और किसी भी तरह की जांच में वह सहयोग करेंगे। चेशायर पुलिस ने कहा कि वे फ्रॉडशैम में मेन स्ट्रीट पर कथित हमले की जांच कर रहे हैं।

## हिब्रू में एक्स पर आए ईरान के सुप्रीम लीडर, पहली ही पोस्ट में इजरायल पर बरसे, खाता सस्पेंड

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई का हिब्रू भाषा का एक्स अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। यह ऐक्शन अकाउंट खोलने के एक दिन बाद ही लिया गया। अकाउंट सस्पेंड करने के साथ लिखे नोट में कहा गया है कि एक्स के नियमों को तोड़ने के चलते ऐसा किया गया है। बताया जाता है कि इस अकाउंट के जरिए खामेनेई इजरायल के खिलाफ नफरत फैला रहा था। इस अकाउंट पर दो पोस्ट की गई हैं। पहली पोस्ट में लिखा गया है कि दयालु अल्लाह के नाम पर। वहीं, दूसरी पोस्ट में ईरान पर हमले के लिए इजरायल पर निशाना साधा गया है। अपने मेन ऐक्स अकाउंट पर भी खामेनेई अक्सर हिब्रू में पोस्ट करता है। इसमें वह इजरायल के खिलाफ सख्त भाषा का इस्तेमाल करता है। खामेनेई ने कहा है कि ईरान पर इजरायल के हमले को न तो बहुत बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाना चाहिए और न ही इसे कम करके बताया जाना चाहिए। हालांकि खामेनेई ने इस हमले के बाद जवाबी कार्रवाई का आह्वान करने से परहेज किया। उसने कहाकि इजरायली शासन की गलतफहमियों को दूर किया जाना चाहिए। उन्हें ईरानी राष्ट्र और उसके युवाओं की ताकत एवं इच्छाशक्ति के बारे में समझाना जरूरी है। इच्छाशक्ति और ताकत के बारे में इजरायली शासन को कैसे समझाया जाए और इस राष्ट्र के हितों की पूर्ति करने वाली कार्रवाई कैसे की जाएग। खामेनेई की टिप्पणियां संकेत देती हैं कि ईरान इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया पर सावधानीपूर्वक विचार कर रहा है। ईरान की सेना पहले ही कह चुकी है कि गाजा पट्टी या लेबनान में संघर्ष विराम इजराइल पर किसी भी जवाबी हमले से बेहतर है लेकिन ईरानी अधिकारियों ने यह भी कहा है कि उनके पास जवाब देने का अधिकार है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने चुनावी रैली में पत्नी मेलानिया को किया किस, डांस करते हुए भी आए नजर




वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार अपने चरम पर है। इसी कड़ी में, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन रैली को संबोधित किया। दिलचस्प है कि चुनावी मंच पर वह अपनी पत्नी मेलानिया के साथ डांस करते नजर आए। रैली में जुटी भीड़ इस पल का आनंद लेते दिखी। इस दौरान मेलानिया ने डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका का जादू बताया। पूर्व प्रथम महिला को चुनावी मंच पर देखकर लोग हैरान रह गए और उनका जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने ट्रंप की जीत के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

डोनाल्ड ट्रंप का चुनावी मंच पर स्वागत करने से पहले मेलानिया ने भीड़ से बातचीत की। इसके बाद, ट्रंप और मेलानिया ने एक-दूसरे को गले लगाया और किस भी किया। तभी पीछे से म्यूजिक बजने लगा जिसे सुनकर ट्रंप डांस करने लगे। रैली में मौजूद रिपब्लिकन समर्थक भी झूमते नजर आए और उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति का खूब उत्साह बढ़ाया। न्यूयॉर्क सिटी में हुई ट्रंप की इस चुनावी रैली में कई खास मेहमान भी आए थे, जिनमें आरएफके जूनियर, तुलसी गबार्ड, एलन मस्क, टकर कार्लसन और हल्क होगन प्रमुख हैं। इन्हें देखने के लिए हजारों प्रशंसक न्यूयॉर्क की सड़कों पर भरे हुए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए कांटे का मुकाबला बना हुआ है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही कड़ी फाइट वाले राज्यों में लोकप्रिय मत हासिल करने के लिए परिश्रम कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर किए गए सर्वे में पाया गया कि 47 प्रतिशत मतदाता डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैरिस का समर्थन करते हैं और इतने ही प्रतिशत मतदाता चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप का समर्थन करेंगे। व्हाइट हाउस की दौड़ जीतने के लिए 538 चुनावी मतों में से 270 वोट हासिल करने होंगे। 7 ऐसे राज्य हैं, जहां दोनों उम्मीदवारों के बीच बेहद कड़ा मुकाबला है। देश का अगला राष्ट्रपति तय करने में इनकी निर्णायक भूमिका होगी।

## ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई गंभीर बीमार, खोजा जा रहा उत्तराधिकारी; इजरायल के हमले के बाद चौंकाने वाली रिपोर्ट



**तेहरान , एजेंसी।** इजरायल के हमले के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की तबीयत बिगड़ गई है। अब उनके उत्तराधिकारी की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि 85 वर्षीय खामेनेई गंभीर रूप से बीमार हैं। कहा जा रहा है कि उनके दूसरे बेटे मोजतबा खामेनेई को उत्तराधिकारी बनाया जा सकता है।

एक अक्टूबर को ईरान ने इजरायल पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। हालांकि इस हमले में इजरायल का खास नुकसान नहीं हुआ था। मगर इजरायल ने ईरान से बदला लेने की बात कही। इसके बाद 26 अक्टूबर की रात इजरायल ने भी दर्जनों लड़ाकू विमान से ईरान की राजधानी तेहरान और आसपास के इलाके में कई हमलों को अंजाम दिया। ईरान ने कहा कि इजरायल के अधिकांश हमलों को नाकाम कर दिया है। इजरायली अखबार येरूशलम पोस्ट ने अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई गंभीर रूप से बीमार हैं। उनके उत्तराधिकारी की तलाश ईरान ने तेज कर दी है। संभावतः उनके दूसरे बेटे को उत्तराधिकारी बनाया जा सकता है। बता दें कि 1989 में रुहोल्लाह खामेनेई के निधन के बाद से अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता के पद पर काबिज हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स की यह रिपोर्ट ईरान पर इजरायली हमले के एक दिन बाद सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल मई में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत के बाद खामेनेई के उत्तराधिकारी को लेकर चिंता बढ़ गई थी। इसमें ईरानी अधिकारियों के हवाले से यह भी कहा गया है कि ईरान इजरायल के साथ तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है। शनिवार को इजरायल ने ईरान के अलावा इराक और सीरिया में भी कई ठिकानों पर हमला किया था। इजरायल से तनाव के बीच अयातुल्ला खामेनेई ने शनिवार रात को हिब्रू भाषा में अपना एक्स अकाउंट खोला है। इससे यह साफ होता है कि खामेनेई अब इजरायली जनता तक अपनी बात पहुंचाना चाहते हैं। बता दें कि खामेनेई के अधिकारिक एक्स अकाउंट पर 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

**अमेरिकी शख्स ने एयरलाइंस पर ठोका मुकदमा**

## फ्लाइट में कुत्ते की मौत से था दुखी; लापरवाही का लगाया आरोप




वाशिंगटन , एजेंसी।
अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के एक निवासी ने अपने फ्रेंच बुलडॉग की मौत के बाद अलास्का एयरलाइंस के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि कुत्ते की मौत लापरवाही के कारण हुई। मिस्टर कॉन्टिलो और उनके पिता ने अपने दो फ्रांसीसी बुलडॉग, एश और कोरा के लिए पर्याप्त जगह और आराम सुनिश्चित करने के लिए फर्स्ट क्लास के टिकट खरीदे थे।

उड़ान से पहले, दोनों कुत्तों की पशुचिकित्सक की तरफ से जांच की गई और उन्हें उड़ान भरने के लिए फिट घोषित किया गया। हालांकि, अलास्का एयरलाइंस के कर्मचारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए यात्रियों और उनके पालतू जानवरों को विमान में और पीछे ले जाने पर जोर दिया।

**कहां हुई लापरवाही?:** अचानक हुए ट्रांसफर से एश को काफी परेशानी हुई, जिसमें हवा के लिए हांफने सहित सांस संबंधी परेशानी के लक्षण दिखाई देने लगे। कॉन्टिलो एयरलाइन नियमों के कारण टेकऑफ और लैंडिंग के दौरान अपने पालतू जानवर की निगरानी करने में असमर्थ थे। सैन फ्रांसिस्को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर, कॉन्टिलो को पता चला कि एश की मृत्यु हो गई थी।

**मुकदमा अलास्का एयरलाइंस के खिलाफ कई प्रमुख आरोपों को उजागर करता है:** ब्रैकीसेफेलिक नस्लों को संभालने में लापरवाही- ये एयरलाइन फ्रेंच बुलडॉग जैसी ब्रैकीसेफेलिक नस्लों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर विचार करने में विफल रही, ये विशेष रूप से हवाई यात्रा के दौरान श्वसन समस्याओं के प्रति संवेदनशील होती हैं। अनुबंध का उल्लंघन- मुकदमे में दावा किया गया है कि अलास्का एयरलाइंस ने बिना किसी वैध कारण के यात्रियों को प्रथम श्रेणी से डाउनग्रेड करके अनुबंध का उल्लंघन किया है।

अपर्याप्त कर्मचारी प्रशिक्षण- कॉन्टिलो का आरोप है कि एयरलाइन के कर्मचारियों के पास जानवरों, विशेष रूप से विशिष्ट स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं वाले जानवरों को संभालने के लिए सही ट्रेनिंग का अभाव है।

**दंड देने की हुई मांग:** वित्तीय मुआवजे की मांग के अलावा, कॉन्टिलो अलास्का एयरलाइंस को उसकी लापरवाही के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए दंडात्मक क्षतिपूर्ति की भी मांग कर रहे हैं। अमेरिकन वेटरनरी मेडिकल एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि हवाई यात्रा के दौरान ब्रैकीसेफेलिक नस्लों को सांस संबंधी समस्याओं का अधिक खतरा होता है। संगठन की सिफारिश है कि इन नस्लों को यात्री केबिन में रखा जाना चाहिए और कार्गो के रूप में या सीमित क्षेत्रों में नहीं ले जाया जाना चाहिए।

## रूस के अंदर हमला किया तो... पुतिन ने अमेरिका को दी धमकी

### कहा- हम जरूर जवाब देंगे



क्रेमलिन , एजेंसी।
रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर अमेरिका और उसके नाटो सहयोगी यूक्रेन को रूस के अंदर तक हमला करने के लिए लंबी दूरी के पश्चिमी हथियारों का उपयोग की अनुमति देते हैं तो मॉस्को उचित जवाब देगा। पुतिन ने कहा कि रक्षा मंत्रालय इस बारे में सोच रहा है कि रूसी क्षेत्र पर संभावित लंबी दूरी के हमलों का जवाब कैसे दिया जाए।

कई तरह की प्रतिक्रियाएं हो सकती हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कई महीनों से कीव के सहयोगियों से अनुरोध कर रहे हैं कि यूक्रेन को लंबी दूरी की अमेरिकी एटीएसीएमएस और ब्रिटिश स्टार्म शैडो सहित पश्चिमी मिसाइलों को रूसी क्षेत्र में उपयोग को हरी झंडी दी जाए।

हमें अपने लिए भी कुछ निर्णय लेने होंगे


पुतिन से पूछा गया कि क्या नाटो देशों ने पुतिन के पिछले बयानों को सुना है कि इस तरह का कदम कीव को लंबी दूरी की मिसाइलों की आपूर्ति करने वाले देशों को सीधे युद्ध में खींच लेगा। पुतिन ने कहा, उन्होंने मुझे इसके बारे में कुछ नहीं बताया है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि उन्होंने सुना होगा, क्योंकि निःसंदेह हमें अपने लिए भी कुछ निर्णय लेने होंगे।

पुतिन ने कहा कि इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी कि रूस कैसे, कब और कहां जवाब देगा, लेकिन अगर लंबी दूरी के हमलों को मंजूरी दी जाती है तो मास्को को उसी के अनुसार जवाब देना होगा। पुतिन ने कहा कि केवल नाटो देशों के कर्मी ही उन विशिष्ट उपकरणों को संचालित कर सकते हैं जो यूक्रेन चाहता है, क्योंकि कीव के पास अपेक्षित विशेषज्ञ नहीं हैं।

**रूस ने कीव पर ड्रोन से बोला हमला:** यूक्रेन ने रविवार को कहा कि रूस ने लगातार दूसरी रात कीव पर ड्रोन से हमला बोला। यूक्रेनी सेना ने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 80 में 41 ड्रोन को नष्ट कर दिया। किसी भी तरह के नुकसान की सूचना नहीं दी गई है। वहीं, यूक्रेन ने भी रूस पर ड्रोन से हमला बोला। रूस का कहना है कि 51 ड्रोन को मार गिराया गया। हमले में एक महिला घायल हुई है।

## नीलामी से पहले पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की हालत खराब

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए), देश की राष्ट्रीय ध्वजवाहक, परिचालन समस्याओं और वित्तीय संकट का सामना कर रही है। क्योंकि तकनीकी समस्याओं के कारण इसके 33 विमानों के बेड़े में से केवल आधे ही घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाओं के लिए उपलब्ध हैं। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में केवल 16 पीआईए विमान ही उड़ान के लिए तैयार हैं, जबकि 17 विमान स्पेयर पार्ट्स की कमी, इंजन जांच और अन्य कारणों से खड़े हैं। इसमें बोइंग 777 की एक बड़ी संख्या शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, पीआईए बेड़े में 12 बोइंग 777 में से केवल पांच ही अभी परिचालन में हैं। पीआईए के 16 एयरबस ए 320 में से केवल 10 ही सेवा में हैं, साथ ही एक एटीआर भी है। राष्ट्रीय ध्वज वाहक के प्रबंधन की लापरवाही के कारण पीआईए की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। एयरलाइन के पास निष्क्रिय विमानों की मरम्मत या स्पेयर पार्ट्स खरीदने के लिए संसाधनों की कमी है, जिससे पहले से ही गंभीर स्थिति और भी गंभीर हो गई है। पीआईए को ऐसे समय में गंभीर वित्तीय और परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है, जब सरकार 30 अक्टूबर को सरकारी स्वामित्व वाली पीआईए कॉरपोरेशन की अंतिम नीलामी करने वाली है।




# 29 या 30 अक्तूबर कब है धनतेरस?

**हिंदू धर्म में धनतेरस के पर्व को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन समुद्र मंथन के दौरान धन्वंतरि भगवान ने अमृत कलश लेकर अवतार लिया था। इस दिन सोना, चांदी व धातु को खरीदना बहुत ही शुभ होता है। इस तिथि से दिवाली पर्व की शुरुआत हो जाती है, जो अगले पांच दिनों तक चलता है।**

धनतेरस शब्द का अर्थ है धन और तेरस, यानी धन का तेरह गुना होना है। ऐसे में भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ-साथ मां लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा करने से धन में वृद्धि होती है। साथ ही सफलता के योग बनते हैं। इस तिथि पर बर्तन, सोना, चांदी और पीतल खरीदने की मान्यता है। लेकिन इन सभी को मुहूर्त के अनुसार ही घर लाना चाहिए। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस साल धनतेरस कब मनाया जाएगा, और पूजा का मुहूर्त क्या है।

### कब है धनतेरस 2024

इस साल कार्तिक त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 29 अक्तूबर को सुबह 10.31 मिनट पर होगी। वहीं इस तिथि का समापन 30 अक्तूबर को दोपहर 01.15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार 29 अक्तूबर 2024 को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा।

### पूजा का मुहूर्त

पंचांग के अनुसार इस साल धनतेरस पर पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 06 बजकर 30 मिनट से रात 08.12 मिनट तक रहेगा। इस दौरान आप भगवान धन्वंतरि की पूजा कर सकते हैं।

### क्या खरीदना होता है शुभ

- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन झाड़ू घर लाना अति शुभ होता है। - दरअसल, हिंदू धर्म में झाड़ू को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इस दिन झाड़ू खरीदने से घर में बरकत बनी रहती हैं। साथ ही आर्थिक परेशानियों से भी छुटकारा मिलता है।
- धनतेरस के शुभ अवसर पर आप बर्तन और सोने-चांदी की खरीदारी कर सकते हैं।
- इस दौरान वाहन और जमीन-जायदाद के सौदे करना लाभकारी रहेगा।
- आप कार और बाइक भी घर ला सकते हैं। इस दौरान नए कपड़े की खरीदारी करना भी शुभ माना जाता है।





# धनतेरस पर बरसेगा धन अगर...

धनत्रयोदशी का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व के नाम में ही धन है अर्थात इस दिन धनपति या अमीर बनने के लिए पूजा, पाठ और ज्योतिष उपाय किए जाते हैं। यदि आप भी चाहते हैं धन समृद्धि तो धन तेरस पर करें ये बड़े काम।

- **धनिया से दूर होगी आर्थिक परेशानी** : धन तेरस के दिन साबूत धनिया खरीदें और फिर उसकी पूजा करके उसे भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी के समक्ष अर्पित कर दें। इसके बाद अपनी मनोकामना बताकर कुछ धनिया बगीचे में बो दें और कुछ को लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख दें। मान्यता है कि ऐसा करने से जल्द से जल्द आपकी आर्थिक परेशानी दूर होगी। ऐसा करने से धन का नुकसान भी नहीं होता है।
- **दीपदान से मिलेगी कर्ज से मुक्ति** : परिवार के सभी सदस्यों के घर आने और खाने-पीने के बाद सोते समय एक पुराने दीपक में सरसों का तेल डालकर उसे जलाया जाता है। फिर उसे घर में सभी जगह घुमाया जाता है और इसके बाद यह दीपक घर से बाहर दक्षिण की ओर मुख कर नाली या कूड़े के ढेर के पास रख दिया जाता है। इसके बाद जल चढ़ा कर दीपदान करते समय यह मंत्र बोला जाता है-
मृत्युना पाशहस्तेन कालेन भार्यया सह।
त्रयोदश्यां दीपदानात्सूर्यजः प्रीतयामिति।।
- **बताशे और खीर का लगाएं भोग** : धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी को बताशे और खीर का भोग लगाने से से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और इससे आपकी तिजोरी में कभी भी धन की कमी नहीं होगी।
- **हल्दी की गांठ से बढ़ेगा धन** : इस दिन कुछ खड़ी हल्दी खरीदना भी शुभ है। शुभ मुहूर्त देखकर बाजार से गांठ वाली पीली हल्दी अथवा काली हल्दी को घर लाएं। इस हल्दी को कोरे कपड़े पर रखकर स्थापित करें तथा षडोशपचार से पूजन करें। यह भी धन समृद्धि को बढ़ाने वाला उपाय है।
- **तिजोरी में रखें सुपारी** : धनतेरस की पूजा में भी सुपारी का प्रयोग किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, सुपारी को ब्रह्मदेव, वरूण देव, यमदेव और इंद्रदेव का प्रतीक माना जाता है। पूजा के बाद सुपारी को तिजोरी या अलमारी में रखना शुभ माना गया है। इससे आपके जीवन में कभी धन की कमी नहीं होगी और तिजोरी हमेशा धन से भारी रहेगी।

# धनतेरस पर 100 बरस बाद त्रिग्रही योग

इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। इन योगों का प्रभाव कुछ राशियों पर विशेष रूप से लाभकारी होगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ी उन्नति हो सकती है। धनतेरस नाम धन और तेरस शब्दों से आया है जहां धन का अर्थ धन और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर का 13 वां दिन है। इस दिन भगवान धन्वतरि जो स्वास्थ्य के देवता हैं उनकी पूजा की जाती है। इनकी आराधना से रोग से मुक्ति मिलती है।

हालाँकि, धनतेरस के दिन कुबेर देव और देवी लक्ष्मी की पूजा करने की भी परंपरा है। इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है। इन योगों का प्रभाव कुछ राशियों पर विशेष रूप से लाभकारी होगा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ी उन्नति हो सकती है।

### धनतेरस पर शुभ योग

धनतेरस पर इस बार 100 साल बाद दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है, धनत्रयोदशी यानी धनतेरस के दिन त्रिग्रही योग, त्रिपुष्कर योग, इंद्र योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश महापुरुष राजयोग कुल 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा।

**इंद्र योग** - 28 अक्टूबर 2024, सुबह 6.48 - 29 अक्टूबर 2024, सुबह 07.48 तक

**त्रिपुष्कर योग** - 06.31 - सुबह 10.31 (29 अक्टूबर)

**लक्ष्मी-नारायण योग** - धनतेरस के दिन वृश्चिक राशि में शुक्र और बुध एक साथ विराजमान रहेंगे, ऐसे में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा।

**कर्क राशि** - इस दिन बनने वाला योग कर्क राशि के लिए बेहद शुभ माना जाएगा। आपको अप्रत्याशित आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। परिवार के सहयोग से आपका कारोबार आगे बढ़ेगा। इस दौरान विलासिता की वस्तुएं भी घर में आती हैं।

**तुला राशि** - तुला राशि वाले लोग बिजनेस में बड़े सौदे कर सकते हैं, यानी भविष्य में अच्छा मुनाफा संभव है। जमीन-जायदाद से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं और कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां सौंपी जा सकती हैं, जिससे मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु राशि** - धनु राशि वालों के लिए यह आय में भारी वृद्धि का समय होगा। नए स्रोतों से आर्थिक लाभ हो सकता है। इस अवधि में विदेश यात्रा का भी योग बन रहा है। बेरोजगारों को नौकरी के अवसर मिल सकते हैं, विशेषकर सरकारी नौकरियों के लिए यह समय अनुकूल रहेगा।





# कैसे करते हैं भगवान धन्वंतरि की आराधना

**धनतेरस का त्योहार 29 अक्तूबर को मनाया जाएगा। इस दिन धन्वंतरि देव की जयंती है और इसी दिन उनकी पूजा के साथ ही कुबेर, लक्ष्मी, गणेश और यम की पूजा भी की जाती है। आओ जानते हैं कि किस तरह करें इन देवों की घर में ही पूजा। सरल तरीके से पूजा करने की विधि।**

### धनतेरस की पूजा

- इस दिन प्रातः उठकर नित्यकर्म से निवृत्त होकर पूजा की तैयारी करें।
- घर के ईशान कोण में ही पूजा करें। पूजा के समय हमारा मुंह ईशान, पूर्व या उत्तर में होना चाहिए।
- पूजन के समय पंचदेव की स्थापना जरूर करें। सूर्यदेव, श्रीगणेश, दुर्गा, शिव और विष्णु को पंचदेव कहा गया है। पूजा के समय सभी एकत्रित होकर पूजा करें। पूजा के दौरान किसी भी प्रकार शोर न करें।
- इस दिन धन्वंतरि देव की षोडशोपचार पूजा करना चाहिए। अर्थात 16 क्रियाओं से पूजा करें। पाद्य, अर्घ्य, आचमन, स्नान, वस्त्र, आभूषण, गंध, पुष्प, धूप, दीप, नेवैद्य, आचमन, ताम्बुल, स्तवपाठ, तर्पण और नमस्कार। पूजन के अंत में सांगता सिद्धि के लिए दक्षिणा भी चढ़ाना चाहिए।
- इसके बाद धन्वंतरि देव के सामने धूप, दीप जलाएं। फिर उनके के मस्तक पर हलदी कुंकू, चंदन और चावल लगाएं। फिर उन्हें हार और फूल चढ़ाएं। पूजन में अनामिका अंगुली (छोटी अंगुली के पास वाली यानी रिंग फिंगर) से गंध (चंदन, कुमकुम, अबीर, गुलाल, हल्दी आदि) लगाना चाहिए। इसी तरह उपरोक्त षोडशोपचार की सभी सामग्री से पूजा करें। पूजा करते वक्त उनके मंत्र का जाप करें।
- पूजा करने के बाद प्रसाद या नैवेद्य (भोग) चढ़ाएं। ध्यान रखें कि नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है। प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है।
- अंत में उनकी आरती करके नैवेद्य चढ़ाकर पूजा का समापन किया जाता है।
- मुख्य पूजा के बाद अब मुख्य द्वार या आंगन में प्रदोष काल में दीये जलाएं। एक दीया यम के नाम का भी जलाएं। रात्रि में घर के सभी कोने में भी दीए जलाएं।
- घर में या मंदिर में जब भी कोई विशेष पूजा करें तो अपने इष्टदेव के साथ ही स्वस्तिक, कलश, नवग्रह देवता, पंच लोकपाल, षोडश मातृका, सप्त मातृका का पूजन भी किया जाता। लेकिन विस्तृत पूजा तो पंडित ही करता है अतः आप ऑनलाइन भी किसी पंडित की मदद से विशेष पूजा कर सकते हैं। विशेष पूजन पंडित की मदद से ही करवाने चाहिए, ताकि पूजा विधिवत हो सके।



# नरक चतुर्दशी पर 14 दीपक जलाएं यहां पर होगा बहुत ही शुभ

**धनतेरस अर्थात धन त्रयोदशी के दिन 13 और नरक चतुर्दशी के दिन 14 दीपक जलाने की परंपरा है। नरक चतुर्दशी के दिन घर में मुख्यतः पांच दीये जलाने का प्रचलन है। इनमें से एक दीया घर के पूजा पाठ वाले स्थान, दूसरा रसोई घर में, तीसरा उस जगह जलाना चाहिए जहां हम पीने का पानी रखते हैं, चौथा दीया पीपल या वट के पेड़ तले रखना चाहिए। वहीं पांचवां दीया घर के मुख्य द्वार पर जलाना चाहिए। घर के मुख्य द्वार पर जलाया जाए वह दीया चार मुंह वाला होना चाहिए और उसमें चार लंबी बत्तियों को जलाना चाहिए।**

इसके अलावा आप और भी दीए जलाना चाहें तो 7, 13, 14 या 17 की संख्या में दीए जला सकते हैं। कई लोग छोटी दिवाली के दिन 14 दीपक जलाते हैं।

निम्नलिखित जानकारी मान्यता और किवदंतियों पर आधारित है। परंपरा यह देख गया है कि हर राज्य में अलग अलग मान्यताएं हैं कोई समय संख्या में तो कोई विषम संख्या में दीपक जलाता है परंतु उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि किस जगह पर किसके निमित्त दीपक जलाया जा रहा है।

- पहला दीया रात में सोते वक्त यम का दिया जो पूराना होता है और जिसमें सरसों का तेल डालकर उसे घर से बाहर दक्षिण की ओर मुख कर कूड़े के ढेर के पास रखा जाता है।
- दूसरा दीया किसी सुनसान देवालय में रखा जाता है जोकि घी का दिया होता है। इसे जलाने से कर्ज से मुक्ति मिलती है।
- तीसरा दीया माता लक्ष्मी के समक्ष जलाते हैं।
- चौथा दीया माता तुलसी के समक्ष जलाते हैं।
- पांचवां दीया घर के दरवाजे के बाहर जलाते हैं।
- छठा दीया पीपल के पेड़ के नीचे जलाते हैं।
- सातवां दीया किसी मंदिर में जलाकर रख दें।
- आठवां दीया घर में कूड़ा कचरा रखने वाले स्थान पर जलाते हैं।
- नौवां दीया घर के बाथरूम में जलाते हैं।
- दसवां दीया घर की छत की मुंडेर पर जलाते हैं।
- ग्यारहवां दीया घर की छत पर जलते हैं।
- बारहवां दीया घर की खिड़की के पास जलाते हैं।
- तेरहवां दीया- घर की सीढ़ियों पर जलाते हैं या बरामदे में।
- चौदहवां दीया रसोई में या जहां पानी रखा जाता है वहां जलाकर रखते हैं।

### 31 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी

नरक चतुर्दशी कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी को कई और नामों से भी मनाया जाता है जैसे- नरक चौदस, रूप चौदस और रूप चतुर्दशी आदि। दीपावली से पहले मनाए जाने के कारण इसे छोटी दीपावली भी कहा जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा होती है। घर के कोनों में दीपक जलाकर अकाल मृत्यु से मुक्ति की कामना की जाती है।

**चतुर्दशी तिथि प्रारंभ:**
30 अक्टूबर दोपहर 01.16 बजे से
**चतुर्दशी तिथि समाप्त:**
31 अक्टूबर दोपहर 03.53 बजे तक